

आईटी मंत्री की चेतावनी : प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड -12



पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा, हर जिले में 2 पंपों पर रहेगी सुविधा -12



ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में -13



लोगों को बात करने दें, मैं अपना हुनर साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं : रहाणे -14


आज का मौसम
34.0⁰ अधिकतम तापमान
20.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.02
सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 06:56 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 31 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 223, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# आंगनबाड़ी में होंगी 65 हजार भर्तियां स्मार्ट सैलरी से बढ़ेगा मानदेय: योगी

## मुख्यमंत्री ने किया एलान: 69,804 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन और 18,440 को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आंगनबाड़ी व्यवस्था में बड़े बदलाव करते हुए पांच हजार कार्यकत्रियों और 60 हजार सहायिकाओं की भर्ती समेत मानदेय में बढ़ोतरी का एलान किया। उन्होंने 'स्मार्ट सैलरी' व्यवस्था लागू करने की बात कहते हुए विभाग को जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और 'न पर्ची-न खर्ची' के आधार पर चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी लोकभवन में सोमवार को 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और 18,440 कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब आंगनवाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाया जा रहा है, तो वहां कार्य करने वाली महिलाओं का मानदेय भी उसी अनुरूप होना चाहिए। न्यूनतम मानदेय की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें सम्मानजनक पारिश्रमिक मिल सके। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्मार्टफोन वितरण से रियल टाइम डेटा अपलोड होगा और योजनाओं की निगरानी बेहतर होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन से पांच वर्ष के बच्चों की प्री-प्राइमरी शिक्षा भी अब इन्हीं केंद्रों पर संचालित होगी।



लखनऊ :लोक भवन सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

- 450 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, योगी बोले- भर्ती प्रक्रिया में न पर्ची-न खर्ची

### चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को चाहिए गुंडों की फौज

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए कहा कि जो लोग चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वे गरीब की पीड़ा नहीं समझ सकते। उन्हें समाज को बांटने के लिए पर्व-त्योहारों से पहले दंगा करवाने वाली गुंडों की फौज चाहिए। महिलाओं व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले चाहिए। उनसे काम की उम्मीद करना अपने आप में दिवास्वप्न जैसा है।

### मुख्यमंत्री बोले-पहले पोषाहार पर शराब माफिया का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में पोषाहार वितरण पर शराब माफिया का कब्जा था और वही पूरे सिस्टम को नियंत्रित करता था। राशन की गुणवत्ता खराब होती थी, जिससे कुपोषण बढ़ता था। अब इस तंत्र को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है और योजनाओं में बिचौलियों या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है।

### पहले माफिया संचालित करता था आउटसोर्सिंग

योगी ने कहा कि पहले आउटसोर्सिंग कंपनियां माफिया या नेताओं से जुड़ी होती थीं। वे सरकार से 10-12 हजार रुपये लेकर कर्मचारियों को पांच-छह हजार ही देती थीं और नियुक्ति में भी कमीशन लेती थीं। अब सरकार कॉर्पोरेशन के माध्यम से शोषण-मुक्त व्यवस्था लागू कर सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित करेगी।

### आंगनवाड़ी कार्यकत्री 'यशोदा मैया'

मुख्यमंत्री योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 'यशोदा मैया' बताते हुए कहा कि वे कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा रही हैं। पिछले वर्षों में 1.70 करोड़ से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है और बड़ी संख्या में बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया है। प्रदेश में बौनापन की दर भी 48 प्रतिशत से घटकर 37 प्रतिशत तक आ गई है।

# ट्रंप की धमकी, होर्मुज खोलो नहीं तो तेल और पावर प्लांट कर देंगे तबाह

वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने शांति समझौते को लेकर रविवार को ईरान को नए सिरे से दी धमकी
- ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की पुष्टि की
- तेहरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी के निकट आग जलती दिखी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को नए सिरे से धमकी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल के कुओं और खार्ग द्वीप को नेस्तनाबूद कर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि उनका प्रशासन सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि बहुत प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी कारण से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है, जिसकी आशंका बहुत अधिक है, और अगर होर्मुज तुरंत व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम ईरान में अपनी कार्रवाई का समापन उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खार्ग द्वीप (और संभवतः सभी विलवणीकरण संयंत्रों!) को उड़ाकर और पूरी तरह से नष्ट करके करेंगे।

वहीं, ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की सोमवार को पुष्टि की। इजराइल ने गुरुवार को दावा किया था कि उसने ईरानी नौसेना के रियर एडमिरल तंगसिरी को मार गिराया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक बयान में कहा कि तंगसिरी गंभीर रूप से घायल होने के बाद अल्लाह के पास चले गए। ईरान के हमले में उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी पर सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल की वीडियो फुटेज में यह आग दिख रही है। वीडियो में एक बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने जल्दी ही बुझा दिया। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग मिसाइल हमले से लगी थी या किसी मलबे के गिरने से। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं और यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल ने ईरान के साउथ पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र व पेट्रोकेमिकल स्थलों पर हमले किए हैं।

### ईरान ने अमेरिकी-इजराइली अधिकारियों के आवास को निशाना बनाने की दी चेतावनी

**दुबई।** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता ने रविवार को चेतावनी दी कि अब अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के निजी आवास को निशाना बनाया जाएगा। पश्चिम एशिया में एक माह से अधिक समय से जारी युद्ध भयावह होता जा रहा है। यह धमकी इजराइल तथा पश्चिम एशिया में रहने वाले अमेरिका और इजराइल के सैन्य तथा राजनीतिक अधिकारियों को लक्षित है।

### कुवैत में ईरानी हमलों में एक और भारतीय की मौत

**दुबई।** रविवार को कुवैत में एक बिजली और जल अलवणीकरण संयंत्र पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही इस युद्ध में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या आठ हो गई है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह कुवैत में एक जल अलवणीकरण संयंत्र पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नीतीश व नितिन नबीन का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी और जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय कुमार ने कुमार का इस्तीफा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बांकीपुर सीट से उनका इस्तीफा भाजपा की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सौंपा।

### देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, किसान चिंतित न हों : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। नड्डा ने उर्वरक कंपनियों और हरित अमोनिया बनाने वालों के बीच हरित अमोनिया की आपूर्ति से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, यह ही नहीं, भारत ने कई संकट देखे हैं।

# घुसपैठ चुनावी मुद्दा नहीं, यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और उन्हें आगाह करना चाहिए कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा, घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं है। यह असम की पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा का विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने की अनुमति दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे छोटे व्यवसायों, स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।



- प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का लगाया आरोप
- असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से किया संबोधित

### मोदी बोले- हमने वह दौर देखा जब असम हिंसा में जल रहा था

प्रधानमंत्री ने बताया कि पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं और कार्यकर्ताओं को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सिर्फ कागजों पर समझौते करती थी। कहा, हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा में जल रहा था। लेकिन पिछले दशक में स्थिति बदली है और आज राज्य में नया आत्मविश्वास दिख रहा है। कांग्रेस के शासन में शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को अशांति की ओर धकेला गया।

# आईबीसी संशोधन विधेयक पारित, सुधरेगी बैंकों की हालत

नयी दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- एनपीए की वसूली में मदद मिली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के कारण देश की बैंकिंग प्रणाली में काफी सुधार हुआ है तथा वाणिज्यिक बैंकों की एनपीए की वसूली में भी मदद मिली है। उन्होंने सदन में 'दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक के माध्यम से आईबीसी में 12 संशोधन प्रस्तावित हैं। विधेयक पर चर्चा में 40 सदस्यों ने भाग लिया। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से इस विधेयक को मंजूरी दी।

वित्त मंत्री ने कहा कि संसद की प्रवर समिति ने विधेयक में कुल 17 बड़ी अनुशंसाएं कीं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया। सरकार ने एक और सिफारिश को इसमें जोड़ा है कि कर्जदाताओं की समिति को आवेदकों को चयन करने के कारणों को दर्ज करना होगा, इससे पारदर्शिता आएगी। आईबीसी संहिता से भारतीय बैंकिंग प्रणाली में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एनपीए की वसूली में इस संहिता की प्रभावी भूमिका रही है। सीतारमण के अनुसार वाणिज्यिक बैंक के एनपीए की कुल वसूली में दिवाला संहिता का 54 प्रतिशत से अधिक का योगदान रहा है।

### ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला ने कहा कि ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते और ना ही उसका रिकॉर्ड रख सकते हैं क्योंकि इससे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन होगा। सीतारमण लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य किरसन नामदेव के पूरक प्रश्न उत्तर दे रही थीं। उन्होंने कहा, किसी ग्राहक के लॉकर में रखे कीमती सामान पर नजर रखना बैंकिंग नियमों का उल्लंघन है, और बैंक ऐसा नहीं करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी नुकसान की स्थिति में लॉकर धारकों के लिए उनके सामान की क्षति या लॉकर टूटने जैसे मामलों में मानक कवरेज लॉकर के सालाना किराये का 100 गुना तय है।

# दो गुटों में फायरिंग के दौरान रिटायर्ड ब्रिगेडियर को लगी गोली, मौत



**देहरादून।** यहां के राजपुर में सोमवार सुबह कानून व्यवस्था को चुनौती देती सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना में सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की गोली लगने से मौत हो गई। वे सुबह की सैर पर निकले थे। इस दौरान कार सवार युवकों के दो गुटों में हुई फायरिंग में उन्हें गोली जा लगी। पुलिस ने इस मामले में बार मालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी प्रमोद के अनुसार, सुबह 6:50 बजे जोहड़ी गांव में फायरिंग की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो जांच में सामने आया कि, मसूरी रोड पर मालसी के पास गाड़ी को पास न देने को लेकर दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर कार व उत्तराखंड की स्कॉर्पियो में सवार युवकों के बीच विवाद के बाद फायरिंग हो गई।

# आईजी समेत 27 आईपीएस के तबादले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के कई जिलों में नए कप्तान, लखनऊ कमिश्नरेट के तीन डीसीपी भी स्थानांतरित

**अमृत विचारः** शासन ने सोमवार देर शाम 27 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। चंद्र प्रकाश को प्रशिक्षण निदेशालय से हटाकर सुरक्षा में आईजी बनाया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट के पूर्वी जोन के डीसीपी शशांक सिंह को एसपी महोबा, पश्चिम के विश्वजीत श्रीवास्तव को एसपी बहराइच तथा दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल को 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद का सेनानायक बनाया गया है। अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद को लखनऊ में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी को 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ का सेनानायक, श्याम नारायण सिंह को एसएसपी एटा से एसडीआरएफ लखनऊ का सेनानायक, एसपी महोबा प्रबल प्रताप सिंह को अपराध मुख्यालय डीजीपी कार्यालय, रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, एसपी कौशाम्बी राजेश कुमार द्वितीय को 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ का सेनानायक, एसपी जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार को 6वीं वाहिनी एसएसएफ अयोध्या का सेनानायक, एसपी बहराइच रामनयन सिंह को 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर का सेनानायक बनाया गया है। इसके अलावा एसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित को एसपी शाहजहांपुर, एसपी महाराजगंज सोमेंद्र मीना को एसपी रामपुर, एसपी हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ नियुक्त किया गया है।

# सात दोषियों को उम्र कैद की सजा

अयोध्या कार्यालय,

### युवक की हत्या मामला



**01** लाख 52 हजार 600 रुपये जुर्माना भी लगाया गया

**02** अगस्त 2022 को बीकापुर इलाके में हुई थी हत्या

**अमृत विचारः** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में जमीन के विवाद में एक युवक की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्या के दोषियों पर एक लाख 52 हजार 600 रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। यह निर्णय सोमवार को अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार गुप्ता की कोर्ट ने सुनाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्रा तथा वादी के अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि घटना दो अगस्त 2022 की है। हैबतपुर कोतवाली अयोध्या के रहने वाला राजकुमार वर्मा बीकापुर कोतवाली के सेमरा स्थित अपने खेत की जुताई करने गया था। विपक्षी अजय, अरविंद कुमार वर्मा ,अनिल ,मायाराम, सोनू, भारत रवि शंकर ,मुकेश व रीता वर्मा तथा गीता वर्मा लाठी-डंडा तथा लोहे की रॉड से लैस होकर पहुंचे और राजकुमार पर हमला कर दिया। तब तक मारते रहे जब तक राजकुमार की मौत नहीं हो गई। इसकी रिपोर्ट मृतक के लड़के उदयभान ने हत्यारोपियों के खिलाफ लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। दौरान मुकदमा आरोपी मायाराम की मौत हो गई। इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को हत्या बलवा जानलेवा हमला का दोषी पाते हुई आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई, जबकि दो महिलाओं रीता और गीता को दोषमुक्त कर दिया।

**जानकारी** | जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार बोले- व्यक्तिगत डेटा किसी योजना का लाभ लेने के लिए नहीं होगा इस्तेमाल

# कई राज्यों में कल से जनगणना, गोपनीय रहेगा डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायणन ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहती है।

दिल्ली समेत देश के कुछ राज्यों में अप्रैल में 16वीं जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में जनगणना 16 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है। इसे सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता, न ही अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है और न ही किसी सरकारी या निजी संस्था के साथ साझा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल संकलन के लिए किया जाएगा। जाति को जनगणना में शामिल करने और लोगों द्वारा सही जानकारी नहीं दिए जाने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर महापंजीयक ने कहा कि जाति से संबंधित डेटा दूसरे चरण में एकत्र किया जाएगा और इसके प्रश्न व्यापक चर्चा के बाद तय किए जाएंगे। नारायण ने बताया कि पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें लोग जनगणना के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना) से पहले 15 दिनों की अवधि में डिजिटल रूप से अपनी जानकारी जमा कर सकते हैं। पहले डेटा कागज पर एकत्र किया जाता था, जिससे डिजिटलीकरण में काफी समय लगता था। अब शुरुआत से ही डिजिटल डेटा मिलेगा।





### लिव-इन में रहने वालों की गणना वैवाहिक दंपत्ति के समान मानकर की जा सकती

**नई दिल्ली।** भारत में जनगणना के सिलसिले में स्व-गणना पोर्टल पर दिए गए में कहा गया है कि अगर लिव-इन संबंध में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपत्ति के समान माना जाए। स्व-गणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा? यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं, तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए। सरकार ने शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं।

न्यूज ब्रीफ

### लेखा परीक्षा विभाग में पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त (लेखा-परीक्षा) विभाग ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में 4 वरिष्ठ लेखा परीक्षकों को पदोन्नत किया है। इनमें नीरज कुमार सिंह, पुष्पनारायण सिंह, मनोज कुमार अग्रहरि और अरुण कुमार सिंह (दिव्यांग) शामिल हैं। ये सभी अब सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (लेवल-8) पद पर कार्य करेंगे। तैनाती के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को विशेष सचिव जयशंकर दूबे ने दी। जारी आदेश में कहा गया है कि पदोन्नति विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर दी गई है। यह पहली अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। तैनाती आदेश अलग से जारी होंगे। वेतनमान लेवल-8 (ग्रेड पे 4800) लागू किया गया है।

### एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच औद्योगिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से 31 मार्च 2026 को वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान को औपचारिक आमंत्रण भेजा है। भोपाल से जारी पत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि यह सम्मेलन वाराणसी के रमाडा होटल में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच व्यापार, शिल्प, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, पर्यटन तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

### पदाधिकारियों संग आज बैठक करेंगी मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम उप्र. में भाजपा और सपा के चुनावी शंखनाद के बाद बसपा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है, बैठक में आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के जरिए संगठन विस्तार के अलावा चुनावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। बैठक में बसपा प्रमुख द्वारा आगामी विधानसभा चुनावी तैयारियों के अलावा संगठन की जमीनी मजबूती, आर्थिक स्थिति और सर्व समाज में पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

### युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को सेवामित्र योजना के तहत संचालित कॉल सेंटर (टोल फ्री 155330) का निरीक्षण किया और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने की दिशा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया। इस दौरान उप्र. रोजगार मिशन के तहत युवाओं को देश-विदेश में रोजगार दिलाने के उद्देश्य से ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और एएफसी इंडिया लि. के साथ एमओयू किया गया। इसके जरिए युवाओं को अंग्रेजी, जर्मन, जापानी, अरबी और फ्रेंच भाषाओं का प्रशिक्षण देकर उन्हें वैश्विक रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में 'स्किल ब्रिज' पहल के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि जापान, जर्मनी और यूरोपीय देशों में कुशल श्रमिकों की मांग को देखते हुए प्रदेश के युवाओं को तैयार किया जा रहा है।

### गोबरधन योजना से पंचायतों की बढ़ी आय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गोबरधन योजना के जरिए गांवों में स्वच्छता के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल विकसित हो रहा है। गोबर और जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन से जहां स्वच्छ वातावरण बन रहा है, वहीं ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के माध्यम से ग्राम पंचायतों की आय भी बढ़ रही है। फरवरी 2026 तक पंचायतों ने जैविक खाद और अन्य उत्पादों की बिक्री से 28 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित की है। आय के मामले में ललितपुर जिला सबसे आगे है, जहां 3.37 लाख रुपये से अधिक की कमाई हुई है। इसके बाद श्रावस्ती और रामपुर का स्थान है। प्रदेश के 74 जिलों में 116 बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें गोबर, रसोई कचरा और कृषि अवशेषों से स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खाद तैयार की जा रही है। कई संयंत्र गौशालाओं में भी लगाए गए हैं। बायोगैस ऊर्जा का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय सुविधाओं के लिए किया जा रहा है।

# पीसीएस-2024 : यूपी की परीक्षा प्रणाली बनी राष्ट्रीय भरोसे का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**10** राज्यों के अभ्यर्थियों को मिली परीक्षा में सफलता

- योगी मॉडल से पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन को मजबूती

**अमृत विचार:** उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस-2024 परीक्षा का परिणाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मजबूत संकेत बनकर उभरा है। इस बार चयन सूची में यूपी के साथ 10 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की सफलता ने साबित किया है कि यूपी की परीक्षा प्रणाली अब राष्ट्रीय स्तर पर भरोसे का प्रतीक बन चुकी है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यूपी मॉडल ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता को नई पहचान दी है। योग्यता आधारित चयन और तकनीकी निगरानी के चलते अब यूपी की परीक्षाएं देशभर के अभ्यर्थियों के लिए विश्वसनीय मंच बन गई हैं। इस बार कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में 864 (92.7%) उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि 68 (7.3%) अभ्यर्थी अन्य राज्यों से सफल हुए हैं।

**सभी राज्यों को समान अवसर:** राज्यवार आंकड़ों में मध्य प्रदेश से 20, हरियाणा से 18, बिहार से 12 और दिल्ली से 9 अभ्यर्थियों की सफलता दर्ज हुई है। यह दर्शाता है कि प्रदेश की परीक्षा प्रणाली में सभी को समान अवसर मिल रहा है और बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी भी बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

**अभ्युदय योजना का असर, 43 अभ्यर्थी सफल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभ्युदय कोचिंग योजना का प्रभाव भी इस परिणाम में स्पष्ट दिखा। इस योजना से जुड़े 43 अभ्यर्थियों ने पीसीएस-2024 में सफलता हासिल की है। निःशुल्क कोचिंग, मेंटरशिप और बेहतर मार्गदर्शन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यह परिणाम योगी मॉडल की उस सोच को मजबूत करता है, जिसमें हर प्रतिभा को समान अवसर देने पर जोर है।

### हर जिले से उभर रही प्रतिभाएं

जिला-वार विश्लेषण में 75 में से 74 जिलों के अभ्यर्थियों का चयन होना इस बात का प्रमाण है कि अब प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, आगरा और अयोध्या जैसे जिलों के साथ संभल, कन्नौज, कासगंज, महोबा और फतेहगढ़ जैसे छोटे जनपदों से भी अभ्यर्थियों की सफलता समावेशी विकास को दर्शाती है।

### संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व

वर्गवार चयन में सामान्य वर्ग से 357, ओबीसी से 270, एससी से 186, ईडब्ल्यूएस से 97 और एसटी से 22 अभ्यर्थियों की सफलता संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व को दिखाती है। टॉप 20 में ओबीसी वर्ग के 8 अभ्यर्थियों की मौजूदगी समान अवसर का मजबूत संकेत है। वहीं टॉप-5 में 80% महिला अभ्यर्थियों की सफलता महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संकेत है।

### सफल अभ्यर्थियों को सीएम योगी ने दी बधाई



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफल अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराया गया, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवाओं का विश्वास और मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनसेवा को अपने आचरण का आधार बनाएं और 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं।

### अग्निवीर भर्ती रैली आगरा में कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय सेना पहली अप्रैल से मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, आगरा कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित करेगी। इसमें उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 19 हजार चयनित अभ्यर्थी शामिल होंगे। चयनित अभ्यर्थी ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक, चिकित्सीय एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। सेना के साथ जिला प्रशासन ने रैली के सफल संचालन की व्यवस्थाएं की है। सेना ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने प्रवेश पत्र के अनुसार, निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएंगे।

# समाजवाद के नाम पर 'परिवारवादी' खा जाते थे गरीबों का हक : मुख्यमंत्री योगी

## 27,99,982 विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को छात्रवृत्ति का वितरण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

- गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों की जगह जेल, बाप-दादा की कमाई गरीबों में बांटेंगे: योगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवाद के नाम पर परिवारवादियों ने गरीबों का हक खा लिया था, लेकिन अब यह खेल बंद हो चुका है। चेतावनी दी कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को अब मालूम है कि उनकी जगह जेल है। जरूरत पड़ी तो उनकी बाप-दादा की कमाई भी जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कक्षा 9-10 और दशमोत्तर के 27,99,982 विद्यार्थियों के खातों में 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का अंतरण किया। उन्होंने गरीब परिवारों के मुख्य अर्जक की मृत्यु होने पर राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 33,334 आश्रित परिवारों को भी 100 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी सीधे खातों में भेजी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को जमकर आड़े हाथ लिया। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके समय में दिव्यांगों को 300 रुपये पेंशन भी समय पर नहीं मिलती थी, वे आज सवाल उठा रहे हैं। छह महीने में 1800 रुपये जाते थे, लेकिन गरीब को आधे ही मिलते थे, बाकी सपा के गुंडे और बाबू हड़प जाते थे।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 2016-17 में अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं दी गई, क्योंकि खजाना खाली कर दिया गया था और केंद्र की राशि भी डायवर्ट कर दी गई थी। उनकी सरकार को आने के बाद दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ देनी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक क्लिक पर हजारों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में योगी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, असीम अरुण, नरेंद्र कश्यप, दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, यूपी सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### सपा शासन में गुंडे चलाते थे समानांतर सरकार

सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि सपा के शासन में गुंडे समानांतर सरकार चलाते थे, दलितों और वंचितों की कोई सुनवाई नहीं होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि महापुरुषों के स्मारकों के नाम तक बदल दिए गए और समाज को जाति के आधार पर बांटने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आज का प्रदेश पारदर्शिता, विकास और सुशासन का मॉडल बन चुका है।

# हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर प्रार्थना पत्र का समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी को भी भटकना नहीं पड़ेगा।

जनता दर्शन में मंदिर कब्जा, फसल नुकसान, सड़क और जमीन विवाद समेत कई मामले सामने आए। उन्नाव के बांगरमऊ से आई ममता तिवारी की मंदिर कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। बदायूं के किसान द्वारा फसल नष्ट किए जाने की शिकायत पर उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बलरामपुर के एक फरियादी द्वारा खराब सड़क की समस्या उठाने पर अधिकारियों को मौके पर जाकर निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया।

### जमीन के विवादों में कार्रवाई के निर्देश

जनता दर्शन में जमीन कब्जा, पारिवारिक विवाद और अवैध कॉलोनियों से जुड़े कई मामले भी आए। लखनऊ के एक मामले में आवास आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि सरोजिनी नगर के जमीन विवाद पर एसडीएम को तत्काल निस्तारण का आदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि हर मामले में पीड़ित की संतुष्टि सर्वोपरि है और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जन समस्याओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट कहा है कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है और इसके लिए पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों की शिकायतें सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में जिम्मेदारी तय की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

### बीज-उर्वरक की कमी पर दी चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में बीज और उर्वरकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और उन्नत बीज उपलब्ध हैं, इसलिए किसानों को वितरण में परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वितरण में लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बजट खर्च में लापरवाही पर वेतन से होगी भरपाई : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय योजनाओं में बजट खर्च को लेकर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बजट व्यय में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी और आवश्यकता पड़ने पर उनके वेतन से भरपाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री सोमवार को कृषि भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई समीक्षा बैठक कर रहे थे। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि कुल 8620.65 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष अब तक 6432.67 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो 74.62 प्रतिशत है।

# बरेली-मुरादाबाद में 95 करोड़ से मजबूत होगा वैज्ञानिक ढांचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों जिलों में साइंस पार्क स्थापना को वित्तीय स्वीकृति
- पहले चरण में करोड़ों की धनराशि जारी, 18 माह में पूरा होगा निर्माण

**अमृत विचार:** प्रदेश में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मुरादाबाद और बरेली में साइंस पार्क की स्थापना को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। दोनों परियोजनाओं के लिए करीब 95 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की गई है और 18 माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार मुरादाबाद में साइंस पार्क के लिए 47.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें प्रथम चरण में 705.12 लाख रुपये निर्माण कार्य और 10 करोड़ रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए जारी होंगे। वहीं बरेली में 47.97 करोड़ रुपये की परियोजना के तहत 700 लाख रुपये निर्माण और 10 करोड़ रुपये उपकरणों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

इन साइंस पार्कों में डिजिटल प्लेनेटेरियम, आधुनिक साइंस गैलरी, इंटरैक्टिव प्रदर्शनी और विज्ञान आधारित शिक्षण संसाधन विकसित किए जाएंगे। 'फन विद साइंस', 'एंशिएंट इंडियन साइंस', 'स्पेस साइंस' और 'इवोल्यूशन ऑफ लाइफ' जैसी थीम आधारित गैलरी के माध्यम से छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर रहेगा।

शासन ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट, तकनीकी परीक्षण और पर्यावरणीय मानकों के पालन को अनिवार्य किया है।

### अवैध बूचड़खानों पर रोक से प्राकृतिक खेती को मिला बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गो तस्करी की घटनाएं आम थीं, लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद अवैध बूचड़खानों पर सख्त कार्रवाई कर इस पर प्रभावी रोक लगाई गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में लगभग 12,58,000 गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि 7,716 स्थानों पर गो संरक्षण का कार्य संचालित है। 'गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन' के तहत करीब 94,000 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# लखनऊ-कानपुर के 11 ब्लड सेंटरों पर कार्रवाई, संचालन पर तत्काल रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएसडीए की जांच में अनियमितताएं मिलीं, अन्य केंद्रों को नोटिस जारी

**अमृत विचार :** बदलते मौसम और संक्रामक बीमारियों के खतरे को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की जांच में अनियमितताएं मिलने पर लखनऊ और कानपुर के 11 ब्लड सेंटरों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

एफएसडीए की टीमों ने लखनऊ के 25 और कानपुर के 13 रक्त केंद्रों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अभिलेखों और रक्त संचालन से जुड़ी प्रक्रियाओं में गड़बड़ियां सामने आईं। इसके आधार पर लखनऊ के सात और कानपुर के चार रक्त केंद्रों पर सभी गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गईं। विभाग ने अन्य रक्त केंद्रों में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। साथ ही स्थानीय औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा में अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। एफएसडीए का कहना है कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसलिए मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

### कार्रवाई की जद में आए ये संस्थान

लखनऊ में जिन केंद्रों पर कार्रवाई हुई उनमें नोबेल चैरिटेबल ब्लड सेंटर, श्री साई ब्लड बैंक एंड कंपोनेंट सेंटर, अवध चैरिटेबल ब्लड बैंक, लिटिल स्टार चैरिटेबल ब्लड सेंटर, केएचएस चैरिटेबल ब्लड सेंटर, बॉम्बे चैरिटेबल ब्लड सेंटर और लखनऊ चैरिटेबल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर शामिल हैं। वहीं कानपुर में वादा, मयांजलि, पुष्पांजलि और स्वास्तिक चैरिटेबल ब्लड सेंटर पर रोक लगाई गई है।

पहल | यूपीएसआईएफएस को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी

# फॉरेंसिक के छात्रों को 'धुरंधर' बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिग्गज संस्थानों से होंगे एमओयू बढ़ेगा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण
- जेल, मेडिकल कॉलेज और टेक्निकल संस्थानों से जुड़कर सीखेंगे अपराध की बारीकियां



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी की गई है। इसके तहत यूपीएसआईएफएस चार प्रतिष्ठित संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करने जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य फॉरेंसिक शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपराध जांच के क्षेत्र में दक्ष विशेषज्ञ बन सकें। यूपीएसआईएफएस के निदेशक जीके गोस्वामी के अनुसार मुख्यमंत्री का विशेष जोर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर है। केजीएमयू के साथ होने वाले एमओयू के तहत छात्र फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से समझेंगे। इससे उन्हें मौत की परिस्थितियों और वैज्ञानिक विश्लेषण की गहरी जानकारी मिलेगी।

वहीं, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ समझौते के तहत छात्र जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करेंगे। इससे वे अपराध के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों को समझ सकेंगे। डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी के अनुसार, यह अनुभव छात्रों को अपराध की जड़ों तक पहुंचने में मदद करेगा।

महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर के साथ सहयोग से छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे और दोनों संस्थान मिलकर अत्याधुनिक तकनीक से लैस फॉरेंसिक लैब स्थापित करेंगे। इससे अनुसंधान और परीक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर के साथ छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान और तकनीकी अनुभव का आदान-प्रदान होगा। इस पहल की एक खास विशेषता यह भी है कि फैकल्टी मेंबर्स भी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर लेक्चर देंगे, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर होगी।

सरकार का मानना है कि डिजिटल क्राइम, साइबर फ्रॉड और जटिल आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक जांच ही सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम है। ऐसे में यह पहल न केवल छात्रों को दक्ष बनाएगी, बल्कि प्रदेश में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत करेगी।

# 38 नए हेलीपैड निर्माण को 29.89 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिला-तहसील स्तर पर स्वीकृत हैं हेलीपैड

**अमृत विचार:** प्रदेश में हवाई संपर्क और वीआईपी मूवमेंट को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सोमवार को विभिन्न जनपदों में 38 नए हेलीपैड के निर्माण को मंजूरी संबंधी शासनादेश जारी करते हुए इसके लिए कुल 29 करोड़ 89 लाख 43 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 का है। जिला, तहसील और ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर हेलीपैड निर्माण परियोजना के तहत पहले चरण में 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। इन हेलीपैडों का निर्माण प्रदेश के उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, औरैया, सोनभद्र, झांसी, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज समेत कई जिलों में किया जाएगा। इनका उद्देश्य मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों के दौरे के दौरान सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा उपलब्ध कराना है।


मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर
विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


# सिलेंडर बुकिंग के बढ़े विकल्प, मिस्ड कॉल के अलावा वाट्सएप व एसएमएस

## इंडेन, भारत व एचपी की ओर से जारी नंबरों पर गैस बुक होने का किया जा रहा दावा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले में घरेलू सिलेंडर का संकट अब भी बरकरार है। एजेंसियों पर लोगों की कतारें कम नहीं हो रही हैं। कोई डीएसी नंबर के लिए भटक रहा है तो किसी का सिलेंडर न बुक होने की शिकायतें आ रही हैं। सर्वाधिक शिकायतें सिलेंडर बुक न होने की मिल रही है। हालांकि इंडेन, भारत और एचपी ने अब डिजिटल बुकिंग की सुविधा दी है। उस पर रजिस्टर्ड नंबर से मिस्ड कॉल करने पर सिलेंडर बुक होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन लोगों की परेशानी यह है कि मिस्ड कॉल करने के बावजूद भी बुकिंग में परेशानी आ रही है। विभागीय लोगों का कहना है कि नंबर एक ही है और लोड बढ़ जाने के कारण ऐसी समस्या आ रही है।

### ऐसे करें वाट्सएप



भारत गैस के ग्राहक 1800224344 पर व्हाट्सएप के जरिए (Hi) भेजकर सिलेंडर मंगवा सकते हैं। इसी तरह इंडेन गैस के लिए 75888-88824 पर (REFILL) लिखकर और एचपी गैस के लिए 92222-01122 पर (Book) लिखकर मैसेज करना होगा।

### इन नंबरों पर दें मिस्ड कॉल

सिलेंडर बुकिंग के लिए मिस्ड कॉल की सुविधा भी मौजूद है। भारत गैस के लिए 7718012345, इंडने के लिए 8454955555 और एचपी गैस के लिए मोबाइल नंबर 94936022222 पर अपने गैस कनेक्शन पर दर्ज मोबाइल नंबर से एक कॉल देकर आप अपनी बुकिंग दर्ज करा सकते हैं।

> तीनों गैस कंपनियों की तरफ से मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। नंबरों पर इन दिनों लोड बढ़ा है, लेकिन कंपनियों का दावा है कि धीरे-धीरे ही सही सभी की बुकिंग की जा रही है।
> **-बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी।**

### एसएमएस से भी बुकिंग की सुविधा

अगर आपके पास इंटरनेट की सेवा उपलब्ध नहीं है तो आप सामान्य एसएमएस कर गैस बुक करा सकते हैं। इसके लिए भारत गैस के लिए 7715012345, 7718012345 और इंडेन के लिए 7718955555 पर अपना संदेश भेजकर कन्फर्मेशन प्राप्त कर सकते हैं।

### 25 दिन बाद ही होगी दोबारा बुकिंग

अब बुकिंग तभी स्वीकार की जाएगी जब आपके पिछले सिलेंडर की डिलीवरी को कम से कम 25 दिन बीत चुके हों। यदि आप इस अवधि से पहले बुकिंग करने की कोशिश करते हैं, तो सिस्टम इसे रिजेक्ट कर देगा।

## गैस रिफिलिंग करने वाले के घर छापा, मिले पांच सिलेंडर

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला आपूर्ति विभाग की टीम ने सोमवार गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और अनधिकृत रिफिलिंग का मामला उजागर किया है। मौके से पांच सिलेंडर बरामद हुए हैं। आरोपी दो सिलेंडरों की पास बुक नहीं दिखा सका। अब उसके खिलाफ एफआईआर कराने की कार्रवाई की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर विभाग की टीम ने आदित्य भवन के पीछे बूथ नंबर चार के समीप स्थित एक मकान की जांच की। टीम जब वहां पहुंची तो घर के गेट पर पुनीत गैस वाले और स्वामी गैस वाले के स्टिकर चस्पा मिले। पुनीत कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। उनके घर से दो कॉमर्शियल गैस सिलेंडर (एक इंडेन खाली, एक भारत गैस खाली) और तीन घरेलू सिलेंडर बरामद हुए। इनमें एक एचपी घरेलू सिलेंडर भरा हुआ था, जबकि इंडेन के दो घरेलू सिलेंडरों में क्रमश: दो किलो और तीन किलो गैस भरी थी। पुनीत ने साकेत गैस सर्विस से संबंधित पासबुक दिखाई, लेकिन एचपी घरेलू और दोनों कॉमर्शियल सिलेंडरों के कोई दस्तावेज या अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। टीम में मौजूद क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सचिन कुमार और आपूर्ति निरीक्षक संजय कुमार चौधरी ने एचपी घरेलू भरा सिलेंडर व दो खाली कॉमर्शियल इंडेन सिलेंडर जब्त कर लिए। इन सिलेंडरों को साकेत गैस सर्विस के मैनेजर को सुपुर्द कर दिया गया। बृजेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजते हुए आशिफबाग निवासी आरोपी पुनीत शर्मा के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की अनुशंसा की गई है।



छापेमारी के दौरान मौजूद टीम व पीछे बरामद हुए सिलेंडर। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### समाधान दिवसों का रोस्टर जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर सोमवार को डीएम निखिल टी. फुंडे ने जारी किया है। यह माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसीलों में 10 से दो बजे तक आयोजित किया जाता है। माह अप्रैल, मई व जून में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी किया गया है। चार अप्रैल को तहसील बीकापुर में, 18 अप्रैल को तहसील मिल्कीपुर, दो मई को तहसील रुदौली में, 16 मई को तहसील सदर, छह जून को तहसील सोहावल और 20 जून को तहसील बीकापुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।

### आज खुला रहेगा नगर निगम का कर विभाग

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम के समस्त जोन के कर अनुभाग प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी खुले रहेंगे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 10 से शाम चार बजे तक जोन कार्यालय के कर विभाग के कैश काउंटर पर बकाया कर जमा कराया जा सकेगा। गौरतलब है कि महावीर जयंती के कारण मंगलवार को सरकारी छुट्टी का ऐलान हुआ है, लेकिन वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन और कर वसूली पूरी करने के लिए कर अनुभाग खोला जाएगा।

### स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच का अभियान कल से

**अयोध्या, अमृत विचार।** स्कूली वाहनों की दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से एक से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर इनकी फिटनेस की जांच की जाएगी। इसको लेकर सोमवार को एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की अप्रैल माह की बैठक कराने और विद्यालय प्रबंधन द्वारा शपथ पत्र अपलोड करवाए जाने के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद नोडल अधिकारी सड़क सुरक्षा, माध्यमिक शिक्षा डॉ. बसंत कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी तारकेश्वर पांडे को अपने स्तर से आवश्यक दिशा निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

### सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा जरूरी

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यह विचार मां पिपरा भवानी राजेपुर परिसर में गोंड धुरिया समाज से आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा महानगर उपाध्यक्ष हरिभजन गोंड ने व्यक्त किया। गोंडसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबूराम गोंड ने समाज के संगठित होने पर ज़ोर दिया। अध्यक्षता गोड महासभा के जिलाध्यक्ष प्रवीण धुरिया ने की। कार्यक्रम को सपा नेता तरजीह गोंड, जिपं सदस्य रामस्वरूप, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तिलकराम गोंड, प्रदेश सचिव शिवनाथ दास गोंड, संरक्षक राधेश्याम धुरिया ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सियाराम गोंड, विनोद गोंड, जवाहरलाल धुरिया, धनराज गोंड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### भाजपा महानगर उपाध्यक्ष का स्वागत

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** नवनिर्वाचित भाजपा महानगर उपाध्यक्ष हरिभजन गौड़ का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। पूर्व प्रधान मोहसिनपुर अनूप कुमार वर्मा ने कहा कि हरि भजन गौड़ को भाजपा महानगर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर गौड समाज भाजपा शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करता है। इससे भाजपा संगठन मजबूत होने के साथ-साथ जनाधार बढ़ेगा। स्वागत करने वालों में पूर्व प्रधान कादीपुर संग्राम पटेल, डॉ. अविनाश सिंह, पूर्व प्रधान रसड़ा वीरेंद्र वर्मा, अजीत वर्मा आदि शामिल रहे।

# चमकी मेधा : प्रदेश में चौथी रैंक पाकर अनामिका बनीं एसडीएम

## 16 से अधिक महिला व पुरुष पीसीएस में चयनित, गद्दौपुर की पूनम भी बनीं एसडीएम

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, यह कहावत अयोध्या की अनामिका मिश्रा समेत 16 से अधिक मेधावियों पर खरी उतरती है। अनामिका तीन बार पीसीएस परीक्षा में इंटरव्यू तक पहुंचीं, लेकिन सफलता नहीं मिली। बीच में शादी हो गई, तो उसके जीवन साथी ने उनके सपने साकार करने का जिम्मा उठाया। दोनों साथ ही तैयारी करते थे। इसका परिणाम रहा कि इस बार अनामिका ने यूपी पीसीएस में प्रदेश में चौथी रैंक हासिल कर उप जिलाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया।

यूपी पीसीएस की परीक्षा में इस बार अयोध्या की मेधा खूब चमकी, 16 से ज्यादा महिला व पुरुष चयनित हुए। एसडीएम के पद पर चयनित अयोध्या के साकेतपुरी कॉलोनी में रहने वाली अनामिका मिश्रा के पिता महेंद्रनाथ मिश्र रेलवे अधिकारी और मां संध्या मिश्रा गृहिणी हैं। एक भाई आलोक रंजन मिश्र खुद का व्यवसाय करते हैं। अनामिका ने हाईस्कूल इंटर की परीक्षा कनौसा कॉन्वेंट से उत्तीर्ण की। अवध विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बीटीसी किया। वह वर्तमान में बस्ती जिले के विक्रमजोत शिक्षा क्षेत्र के कंवलपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका है। वर्ष 2023 में उनका विवाह गोरखपुर के बांसगांव निवासी आकाश पांडेय के साथ हुआ। उनके पिता का कहना है कि बेटी का भागीरथ प्रयास काम आया, जिससे उसे सफलता मिली। **अनामिका** ने **अमृत विचार** से बातचीत में अपनी तैयारियों के बारे में बताया...



### अनामिका से हुई बातचीत के प्रमुख अंश

**■ आप शिक्षिका भी हैं, ऐसे में पढ़ाई के लिए समय निकालना कहीं मुश्किल तो नहीं था?**

■ मेरा विद्यालय घर से करीब 28 किमी. दूर है, नियमित जाती भी थी। वापस आने के बाद रोज करीब चार से छह घंटे सेल्फ स्टडी करती थी। हां, परीक्षा के दौरान छुट्टी लेकर तैयारी करती थी।

**■ तैयारी किस तरह व कैसे करती थीं?**

■ वर्ष 2018 से पीसीएस परीक्षा में आ रहे प्रश्नों की तैयारी की थी। चैट जीपीटी पढ़ाई का सबसे खास माध्यम था। इसके व सरकारी वेबसाइट्स के माध्यम से मैंने बहुत सारे नोट्स बनाए थे। इसमें एक एप पर शेयर भी किया है। इससे तैयारी में काफी मदद मिली।

**■ कोचिंग आदि का सहारा लिया था?**

■ मैंने कभी कोचिंग नहीं ली, सिर्फ सेल्फ स्टडी की। सिलेबस को कभी नहीं छोड़ा, ऑनलाइन माध्यमों से सामान्य ज्ञान व देश दुनिया की रोज जानकारी लेती थी।

**■ विवाह के बाद ससुराल पक्ष बाधा तो नहीं बना?**

■ नहीं, कभी नहीं। पति ने ही मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वह खुद मेरे साथ पढ़ते थे। पढ़ाई के समय मेरी सास मुझे काम तक नहीं करने देती थी, यहां तक चाय व खाना वह खुद लेकर मेरे पास आती थीं।

**■ तैयारी करने वालों को क्या संदेश देंगी?**

■ बहुत सारे लोग इस बार की परीक्षा में चयनित नहीं हुए होंगे, उनसे कहना चाहती हूं कि वह हताश न हो। मैं भी तीन बार इंटरव्यू में फेल हुई, निराश भी हुई लेकिन मेरे माता-पिता व भाई ने हमेशा कोशिश करने की प्रेरणादी। इसका परिणाम सामने है।

**■ क्या अपनी सफलता को अपनी किस्मत से भी जोड़ती हैं?**

■ हां, कभी-कभी ऐसा लगता है कि जब जिसका समय आता है, तभी वह कार्य होता है। आपको सच बताती हूं कि कहीं सुना था कि कभी-कभी मन की बात पूरी हो जाती है। मैंने 27 मार्च को अपनी डायरी में लिखा कि एसडीएम पांचवीं रैंक, फिर 28 को लिखा सांतवीं रैंक। देखिए आज चौथी रैंक मिल गई।

### हर्ष तिवारी बने उपायुक्त जीएसटी



मिल्कीपुर के पूरे रिशाल तिवारी गांव निवासी हर्ष तिवारी वर्तमान में अपने माता-पिता व बहन के साथ अयोध्या के रायगंज मोहल्ले में एक किराए के मकान में रह रहे हैं। उन्होंने प्रथम प्रयास में ही जीएसटी उपायुक्त बनने का गौरव हासिल किया। उनके पिता बृजेंद्र प्रसाद तिवारी व मां मीना तिवारी अयोध्या के एक निजी विद्यालय में अध्यापक हैं। हर्ष ने सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा महाराजा पब्लिक स्कूल से 96 प्रतिशत से ज्यादा अंकों से उत्तीर्ण की। इसके बाद भोपाल के एक कॉलेज से बीटेक की उपाधि ग्रहण की। तैयारी के लिए ऑनलाइन माध्यम का प्रयोग किया। वह लाइब्रेरी भी जाते थे। बीटेक करने के बाद नौकरी भी मिली लेकिन नहीं की। पिता के अनुसार उसको पढ़ाई के अलावा अन्य कोई शौक नहीं था।

### तीसरे प्रयास में पूनम बनीं नायब तहसीलदार



अपने पति व बेटी के साथ पूनम यादव।

रुदौली के मोहल्ला पूरेमियां निवासी पूनम यादव ने घर की जिम्मेदारी निभाते हुए नायब तहसीलदार के पद पर चयनित होकर अपने परिवार का मान बढ़ाया है। उनके पिता सुंदर लाल यादव पंजाब के अमृतसर के एक इंटर कॉलेज में कार्य करते हैं। पूनम का विवाह वर्ष 2016 में शहर रुदौली के मोहल्ला पूरे मियां निवासी संजीव यादव के साथ हुआ। प्राथमिक विद्यालय शुक्लापुर में सहायक अध्यापक संजीव यादव ने विवाह के बाद पत्नी के सपनों को साकार करने का जिम्मा उठाया। छह वर्ष की बेटी की परवरिश और घर का काम करते हुए पूनम ने कभी भी अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा। बताया कि टेस्ट बुक से पढ़ाई कर तीसरे प्रयास में सफलता अर्जित की। उसने अपनी सफलता का श्रेय ससुर त्रिभुवन यादव और पति संजीव यादव को दिया।

### सेल्फ स्टडी कर नायब तहसीलदार बने प्रणव



अयोध्या के खरैला, पोस्ट तेंधा निवासी प्रणव पांडेय ने सेल्फ स्टडी कर पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार बनने का गौरव प्राप्त किया। पिता विश्व मित्र पांडेय किसान और मां शिवकुमारी गृहिणी हैं। पांच भाई बहन है, सभी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सरकारी सेवा में हैं। उन्होंने हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा देवबक्श बलदेव स्मारक इंटर कॉलेज हनुमानगंज से प्राप्त की है। स्नातक की उपाधि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से और परास्नातक की उपाधि अवध विश्वविद्यालय से ग्रहण की। यह उनका दूसरा प्रयास था। उनका कहना है कि स्वध्याय व कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जनता की सेवा कर उनकी समस्याओं को निराकरण करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व भाई बहनों को दिया।

### दूसरे प्रयास में सोनम बनीं एसडीएम



थाना कैंट के गद्दोपुर निवासी सोनम यादव भी 20वीं रैंक हासिल कर उप जिलाधिकारी के पद पर चयनित हुई। उनके पिता सुरेश कुमार यादव रामबरन इंटर कॉलेज हांसापुर के प्रधानाचार्य हैं, जबकि माता सुशीला देवी गृहिणी है। पांच बहन, एक भाई में वह चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा कनौसा कॉन्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज से व स्नातक व बीएड की डिग्री साकेत महाविद्यालय से हासिल की है। उन्होंने समाज कल्याण द्वारा संचालित आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण संस्थान से कोचिंग भी की। यह उनका दूसरा प्रयास था। उनका कहना है कि उनका प्रयास रहेगा कि जनता व प्रशासन के बीच की दूरी कम कर उनकी समस्याओं का समाधान कर सके।

### पहले ही प्रयास में अनुपम तिवारी बने डिप्टी जेलर



मिल्कीपुर के कटैया भादी गांव निवासी अनुपम तिवारी ने अपने प्रथम प्रयास में ही पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर डिप्टी जेलर पद हासिल किया। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े अनुपम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अटेसर स्थित सरवनपुर प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने संत नगर के उदय इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कला वर्ग में स्नातक किया और फिर लखनऊ में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। पिता श्याम नारायण तिवारी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं।

### सृष्टि बनीं जिला विकलांग कल्याण अधिकारी



शहर की चाणक्यपुरी कॉलोनी निवासी सृष्टि जायसवाल पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर जिला विकलांग अधिकारी के पद पर चयनित हुई हैं। उन्होंने हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा जेबी अकादमी से पास की। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक व मिरिंडा हाउस से परास्नातक की उपाधि हासिल की। रक्षा मंत्रालय में लेखा परीक्षक पर पर कार्यरत बड़े भाई एकांश जायसवाल ने उसे समय समय पर गाइड किया जो उसके लिए बहुत सहायक रहा। पीएनबी में मुख्य प्रबंधक रहे संजय गुप्ता और जूनियर विद्यालय की शिक्षिका ऊषा की पुत्री सृष्टि कहती हैं कि प्रतियोगी परीक्षा में जीएस और रीजनिंग के साथ अपने कोर सब्जेक्ट या मुख्य विषय पर अधिक फोकस करना चाहिए।



**वंदना वर्मा**
पद-नायब तहसीलदार
पिता- रामनयन वर्मा
माता- रामलली वर्मा
पता-बेलगरा मजरे गदुरहवा तारुन



**खुशी पांडेय**
पद-जीएसटी उपायुक्त
पिता-प्रमोद पांडेय
माता-रूमा पांडेय
निवासी-रघुनाथपुर, मया बाजार



**नीरज जायसवाल**
पद-खंड विकास अधिकारी
पिता-वेद प्रकाश जायसवाल
पता-गांव नेवरा ब्लाक मवई



**स्नेहा चौरसिया**
पद-डिप्टी जेलर
पिता-सूर्यकांत चौरसिया
निवासी-कौशलपुरी कॉलोनी अयोध्या



**पल्लवी प्रियदर्शी**
पद-जीएसटी उपायुक्त
निवासी- गोड़वा तहसील सोहावल



**विनय कुमार यादव**
पद-एसडीएम
निवासी- शिवनगर अयोध्या



**पर्व**
पद-उपायुक्त उद्योग
निवासी- जनौरा अयोध्या

## आज खाते में पहुंच जाएगी छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

**अयोध्या, अमृत विचार:** स्कूल-कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के खाते में छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि भेज दी गई।यह खातों में पहुंचने लगी है। प्रदेश के सभी विद्यार्थियों के खाते में मंगलवार तक पैसा पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोक भवन में शाम चार बजे एक बटन दबाकर सभी विद्यार्थियों के खाते में पैसा भेजने का शुभारंभ कर दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरबी सिंह ने बताया कि मुख्यंमत्री के इसके शुभारंभ के बाद विद्यार्थियों के खाते में पैसा पहुंचने लगा है। सरकार ने सामान्य, अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति देने की व्यवस्था की है। जिन बच्चों के आवेदन फॉर्म दुरुस्त पाए गए हैं उनको पैसा भेजा जा रहा है। यह पैसा दशमोत्तर के नीचे की कक्षाओं के साथ ही दशमोत्तर से ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के खाते में भेजा जा रहा है।

# अपने ही बुने जाल में फंस गई सपा : ब्रजेश

● बोले, डिप्टी सीएम, राममंदिर व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** सपा अपने ही बने हुए जल में फंस गई हैं। पूरी तरह से व्यक्ति वादी पार्टी बन गई है। उनका आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। जिस ढंग से जाति और धर्म के नाम पर वोट मांग रहे है पूरी तरह से जनता ने उन्हें नकार दिया है। ये बातें सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहीं। वह हनुमानगढ़ी और राममंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

कहा कि अयोध्या सरकार के प्राथमिकता में है। पूरी तरह से चतुर्थी विकास पूरे राष्ट्र में एक नंबर पर आ गया है। आज प्रदेश में अमन चैन का का राज है। कानून व्यवस्था कायम है। प्रदेश पर बीमारू राज का जो कलंक था उससे निकल कर के आज डेवलप स्टेट है। मैं कह सकता हूं उत्तर प्रदेश पूरे राष्ट्र में एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित हो चुका है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते कहा कि सनातन संस्कृति की बात करने की हिम्मत इनके अंदर नहीं है मंदिर की बात नहीं कर सकते वो हमेशा मुस्लिम तुष्टिकरण की बात करते है। डिप्टी सीएम अयोध्या में आयोजित एक निजी कार्यक्रम शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम का हेलीकॉप्टर रामकथा पार्क के हेलीपैड पर उतरा। जहां भाजपा की कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

## संकट मोचन के नाम से होगी हनुमान गैलरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में पांच डिजिटल गैलरियां स्थापित की जाएंगी। इसमें आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। जिसकी पहचान के लिए अलग-अलग नाम रखे जा रहे है। संग्रहालय निदेशक संजीव कुमार ने बताया कि डिजिटल गैलरी में अयोध्या के महत्व, राम कथा के साथ अब हनुमान जी की गाथाओं पर भी आधारित एक गैलरी को तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में हनुमान गैलरी को संकट मोचन नाम रखा गया है। इसमें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में थ्रीडी से लेकर सेवनडी तक के टेक्नोलॉजी का उपयोग करके लगभग 20 मिनट का एक एपिसोड बनाया गया है। इस गैलरी में हनुमान जी के जीवन की पहलुओं को दिखाया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम कथा संग्रहालय को भी अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को प्रदान किया है। उसका भी जीर्णोद्वार करना और जो नई कल्पनाएं हैं। उसको साकार स्वरूप प्रदान करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

**रोग नियंत्रण अभियान** | जिला मलेरिया अधिकारी ने नगर निगम के पार्षदों व कर्मचारियों को किया शिक्षित

# रामनगरी को संचारी रोग मुक्त बनाने का संकल्प

मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि से बचाव के बताए तरीके

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर निगम के तिलक हाल में सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद ने पार्षदों व नगर निगम कर्मचारियों को संचारी रोगों के बारे में विस्तार से शिक्षित किया। उन्होंने बताया कि मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि से बचाव के लिए सामुदायिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि अयोध्या को संचारी रोग मुक्त बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया जाएगा।

जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने डेंगू के लक्षण, जांच, समय पर इलाज और प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आगामी हीट वेव (लू) से बचाव के उपायों पर भी जोर देते हुए कहा कि पर्याप्त पानी पीना, हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनना, दोपहर के समय बाहर निकलने से बचना और घरों को ठंडा रखना चाहिए। कहा कि समय रहते सतर्कता बरती जाए तो इन रोगों को रोका जा सकता है। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी विचित्र मनी त्रिपाठी ने लार्विसिडल छिड़काव, फॉगिंग, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने और साफ-सफाई अभियान को प्रभावी बनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखें और किसी भी जल-जमाव की सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को दें। सैनेटरी इंस्पेक्टर राजेश वर्मा, विजेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, पार्षद रिंकू सिंह, अनुज दास, संतोष सिंह, बृजेन्द्र सिंह, विशाल पाल, गरिमा मौर्य सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करतीं जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद, मौजूद एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव व पार्षद।

### अभियान को दिया जाए जन-आंदोलन का रूप : भारत

अपर आयुक्त भारत भार्गव ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जाए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ला ने भी सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सक्रिय रहने का आह्वान किया। कहा कि अभियान के तहत आने वाले दिनों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम, छिड़काव और साफ-सफाई ड्राइव चलाए जाएंगे।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास व 30 हजार जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मामूली विवाद में पत्नी की चाकू घोंप कर हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने पति को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की धनराशि में से 15 हजार रुपये मृतका के परिजनों को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश सोमवार को जिला जज रणंजय कुमार वर्मा की अदालत से हुआ है।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना 29 मार्च 2021 की है। राम सजीवन निवासी ठेऊंगा थाना रौनाही ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी बहन सुपला उर्फ गीता देवी की शादी गन्ना लाल निषाद निवासी तहसीनपुर थाना रौनाही के साथ घटना के 30-35 वर्ष पूर्व किया था। घटना वाले दिन राम सजीवन के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया कि गन्नालाल निषाद ने तुम्हारी बहन को चाकू मार दिया है। वह उसकी ससुराल पहुंचा तो पता चला कि लोग उसे जिला चिकित्सालय ले गए हैं। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर पता चला की गीता देवी की मौत हो गई है। इसकी रिपोर्ट उसने अपने बहनोई के खिलाफ हत्या की धारा में लिखाई थी सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी।

न्यूज ब्रीफ

## पल्लवी, अदीबा और अभय पाल प्रथम

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के अंतर्गत संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कक्षा आठ के छात्रों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मुकेश पंडित ने किया। विभिन्न कक्षाओं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा आछ में पल्लवी ने प्रथम, शिवा ने द्वितीय और देवराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में अदीबा फातिमा प्रथम, शीतल द्वितीय और साक्षी तृतीय रहीं। वहीं, कक्षा छह में अभय पाल प्रथम, मोनिका द्वितीय और सिद्धार्थ पांडे तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी ने अध्यक्षता की। प्रबंध समिति अध्यक्ष सावित्री, शिक्षिका वंदना श्रीवास्तव, दिनेश कुमार वर्मा, कुमारी छाया, छाया अग्रवाल, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र मौजूद रहे।

## लूट की साजिश रचते पांच शातिर गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने चोरी व लूटपाट की योजना बनाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा-कारतूस, चाकू समेत चोरी में प्रयुक्त किए जाने वाले हथियार बरामद हुए। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी शेखरनाथ सिंह व उनकी टीम ने एक सूचना के आधार पर रविवार देर शाम मौनी बाबा अंडर पास के बगल से मदरहिया जाने वाले कच्चे रास्ते से पांच आरोपियों को पकडा। इनकी पहचान महेश कुमार वर्मा निवासी मूडाडिहा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा, श्यामपाल आजाद व लवली आजाद निवासी ग्राम नकछेद पुरवा जिगना बाजार थाना मनकापुर जनपद गोण्डा, गोमती आजाद निवासी सोहास करमोहनी थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा व भन्नू निवासी सुरजीपुर कालोनी थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई के रूप में हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सभी एक साथ मिलकर घरों की रेकी कर चोरी व लूटपाट की घटना करते थे। सभी का लंबा आपराधिक इतिहास भी है। महेश के खिलाफ अमेठी, बाराबंकी, देवरिया, उन्नाव, कुशीनगर, गोंडा आदि जनपदों में में 15 से अधिक केस दर्ज हैं।

## सनातन दुनिया का प्राचीनतम धर्म : स्वामी सत्यम

**अयोध्या, अमृत विचार :** सनातन धर्म, हिंदू धर्म, वैदिक धर्म तीनों एक हैं। सनातनधर्म को दुनिया का सबसे प्राचीनतम धर्म के रूप में जाना जाता है। जिसमें क्रिया योग का अभ्यास तमाम तरह की बीमारियों से मुक्ति दिलाता है। यह बातें क्रिया योग गुरु स्वामी सत्यम जी महाराज ने पूरा ब्लॉक के कर्मा गांव के सत्य आश्रम में न्यायमूर्ति डीपी सिंह से क्रिया योग ज्ञान अर्जित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहीं। योग गुरु ने ने मौजूद लोगों को पांच मिनट का किया योग अभ्यास कराया। सभी से आह्वान किया कि वह प्रयागराज के झूसी में स्थित क्रिया योग आश्रम में आकर कुछ दिन रहकर इस अभ्यास को सीख सकते हैं। वहां पर रहना, खाना व अभ्यास सब कुछ नि :शुल्क होता है।

## व्यापारी नेता को पुत्र शोक

**अयोध्या, अमृत विचार :** व्यापार अधिकार मंच के पदाधिकारी सत्य प्रकाश राजपाल के पुत्र प्रियम का मात्र अट्ठारह वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह मानसिक व शारीरिक रूप पिता पर लंबे समय से निर्भर था। निधन पर व्यापार अधिकार मंच संयोजक सुशील जायसवाल, महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश रूपन, जिला प्रभारी कमल कौशल, जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता सहित व्यापारी नेताओं आदि ने शोक व्यक्त किया।

# व्यापार बंधु की बैठक में उठा कॉमर्शियल गैस व डीजल का मुद्दा

### रखी मछली मंडी में निमार्णाधीन मल्टी स्टोरी पार्किंग जल्द पूरा कराए जाने की बात

**अयोध्या कार्याय।**

**अमृत विचार:** जिला व्यापार बंधु की बैठक में कॉमर्शियल गैस सहित कई अन्य मुद्दे उठे। एसपी यातायात और नगर निगम के अधिकारियों को शहर के अन्दर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के लिए कहा गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अयोध्या विकास प्राधिकरण से रामपथ पर सहादतगंज से नियावां तक पौधरोपण के संबंध में फोटोग्राफ के साथ अनुपालन आख्या, संबंधित स्थानों पर पानी के छिड़काव कराने, गोसाईगंज में रामलीला स्टेज से सत्संगघाट तक सड़क का निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई।

बैठक पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गुप्ता ने पुरानी मछली मंडी में निर्माणाधीन मल्टी स्टोरी पार्किंग के शीघ्र पूर्ण कराए जाने की बात कही। अयोध्या विकास प्राधिकरण को इसके लिए निर्देशित किया गया। व्यापार अधिकार मंच के सुशील जायसवाल ने फतेहगंज स्थित ऋषि टोला, गुरुनानकपुरा गली में नाली की समुचित सफाई करके जमा हो रहे पानी को रोकने कानिर्देश नगर निगम को दिया गया।

बैठक में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता ने कॉमर्शिलय गैस आपूर्ति का मुद्दा उठाया। कहा कि जिले के होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई की दुकानों को होली से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इससे अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद होने पर आ गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी से वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने की बात कही।साथ ही सप्ताह भर से डीजल को गैलन में न दिए जाने की बात भी रखी। इससे होटल, शॉपिंग मॉल, बड़े व्यापारी प्रतिष्ठानों को जनरेटर के लिए डीजल नहीं मिल पा रहा है। डीजल दिए जाने की मांग की। इस आशय का मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में अयोध्या धाम के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, उपाध्यक्ष ज्ञान केसरवानी, नीरज जायसवाल, संजय वर्मा, जसबीर सिंह, संजय सावलानी, अंगद चौरसिया शामिल थे। अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भटट ने की। संयोजक उपायुक्त (प्रशासन)/ संयोजक जिला व्यापार बन्धु, राज्य कर के साथ अन्य अधिकारी और व्यापार संगठनों की ओर से मो. उमर, विश्व प्रकाश रूपन, केके गुप्ता सहित अन्य लोग थे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक में आए पांच प्रार्थना पत्र

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** जिला सैनिक बंधु की बैठक में भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों से कुल पांच प्रार्थना पत्र आए। अपर जिलाधिकारी नगर ने सभी का मौके पर निस्तारण कराया। अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय ने कहा कि पूर्व सैनिकों/आश्रितों को जिला प्रशासन की ओर से संपूर्ण सहयोग प्रदान करने और उनकी समस्याओं/शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रदान किया जाएगा। कलेकट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले. कर्नल संजीव कुमार ने सैनिक कल्याण से सम्बन्धित योजनाओं के बारे मेंजानकारी दी। बैठक में भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजनो के साथ विभिन्न प्रशासकीय कार्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 36 आंगनबाड़ी केन्द्रों, 4 परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण और शिलान्यास

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** जिले की 36 आंगनबाडी केन्द्रों, चार परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण और शिलान्यास सोमवार को किया गया। साथ ही 10 नवचयनित आंगनबाडी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। यहां इसका लाइव प्रसार देखा गया। अयोध्या में जनप्रतिनिधिगणों से 11 ब्लॉकों में 10 आंगनबाडी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण, 36आंगनबाडी केन्द्र भवनों और दो बाल विकास परियोजना कार्यालय सह गोदाम बीकापुर एवं तारुन का लोकार्पण, दो बाल विकास परियोजना कार्यालय मवई और मयाबाजार का शिलान्यास किया गया।

तारुन ब्लॉक में नवचयनित एक आंगनबाडी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र वितरण एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक गोसाईगंज अभय सिंह के प्रतिनिधि, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे। मयाबाजार में पांच आंगनबाडी केन्द्र भवनों का लोकार्पण, बाल विकास परियोजना कार्यालय, मयाबाजार के शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी दिनेश कुमार सहित अन्य लोग थे। विधानसभा बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में रामपुर ग्रन्ट, पूरेकाजी का लोकार्पण और नवचयनित एक कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में माननीय बीकापुर विधायक के प्रतिनिधि उनकी माताजी पूर्व विधायक शोभा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी तरह रुदौली विधायक के प्रतिनिधि व पुत्र की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



हैरिंगटनगंज के ग्राम पंचायत घुरेहटा में आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक चंद्रभानु पासवान। अमृत विचार

### ग्रामीण विकास का सपना हो रहा साकार : विधायक

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** केंद्र व प्रदेश की सरकारें ग्रामीण विकास का सपना साकार कर रही हैं। यह विचार नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सोमवार को पूरा बाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामपुर सरधा में आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय के लोकार्पण व नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कही। कहा कि गरीब की बेटियों को गर्भ से लेकर शादी तक सरकार व्यवस्था दे रही है, अब गरीबों को बेटियों के शादी विवाह तक की चिंता नहीं करनी है। अध्यक्षता प्रधान हेमलता सिंह व संचालन सीडीपीओ रवि श्रीवास्तव ने किया। नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती शहनवां की सविता व नारा की सीमा सिंह को नगर विधायक ने नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ अनुराग सिंह, प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर, अजय सिंह, विनय दुबे, नीरज सिंह, अनूप वर्मा प्रधान, ओम प्रकाश यादव आदि थे।



रामपुर सरधा में आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकर्त्री को नियुक्ति-पत्र देते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

### विधायक ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्जॉक की ग्राम पंचायत घुरेहटा में आंगनबाड़ी केंद्र (प्रावि दरियाव सिंह) का लोकार्पण मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि सरकार गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। अतिथियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। अध्यक्षता ग्राम पंचायत अधिकारी रंजीत कुमार यादव और संचालन बलराम तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक तिवारी, अभिषेक भद्र सिंह, मिथिलेश कुमारी, राजेंद्र प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अव्यवस्था पर विधायक ने लगाई फटकार

**पूराबाजार, अमृत विचार :** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने समारोह में अव्यवस्था को लेकर सीडीपीओ पूरा बाजार रवि श्रीवास्तव को फटकार लगाई। कहा कि समारोह में मौजूद लोगों को चाय और पानी की व्यवस्था तक नहीं की। सीएम का लाइव प्रसारण देखने जा रहे नगर विधायक को आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय के पास फर्श टूटी दिखी, वह नाराज हो गए। प्रधान को बुलाकर सख्त हिदायत दी कि केंद्र को आदर्श केंद्र बनाया जाए। धनराशि की कमी आने पर हमको बताया जाए, इसकी व्यवस्था में करूंगा। उन्होंने बाउंड्री वॉल बनवाने की घोषणा की।



शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी का स्वागत करते प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी व अन्य शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षक विधायक ने मूल्यांकन केंद्रों का किया दौरा

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को जिले के मूल्यांकन केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने आदर्श इंटर कॉलेज, मनोहर लाल इंटर कॉलेज, जीआईसी व जीजीआईसी का दौरा कर शिक्षकों से मुलाकात की और उनके हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने क्या आश्वासन दिया। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश पांडेय, जिला मंत्री आलोक तिवारी, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी, महानगर अध्यक्ष अनूप पांडेय, प्रधानाचार्य अखिलेश उपाध्याय, उदयभान तिवारी, डॉ. शिवकुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या में सरस मेले के साथ साकेत संध्या का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार:** राम की नगरी में राम की पैड़ी पर आयोजित सरस मेले के साथ साकेत संध्या का आयोजन किया गया। मेले का आयोजन ग्राम्य विकास विभाग से किया गया। सोमवार को इसका समापन कर दिया गया।

ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम और मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने रविवार देर शाम साकेत संध्या का शुभारंभ किया। श्रद्धा, संस्कृति और ग्रामीण विकास का अद्भुत समन्वय यहां देखने को मिला। भगवती सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। सीडीओ ने कहा कि सरस मेला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। एसएसजी से निर्मित उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। सरस मेले में विभिन्न जिलों के लगभग 47 स्टॉल लगाए गए। राम की पैड़ी पर लाइटिंग और साउंड शो से यहां का आकर्षण बढ़ गया। साकेत संध्या में अयोध्या की प्राचीन सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की गई। भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी गई, कलाकारों को अपनी कला को मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर भी मिला। इस अवसर पर में विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनुराज जैन,नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, सरिता वर्मा, उपायुक्त रोजगार सरिता गुप्ता, जिला मिशन प्रबन्धक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### श्मशान घाट पर पहुंचने के लिए मशक्कत कर रहे लोग

**अयोध्या।** रामनगरी में मोक्ष दायिनी सरयू नदी का जल स्तर कम होने से घाट से दूर चली गई है। नदी के तट पर अंतिम संस्कार करने के लिए लोगों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। अयोध्या के अलावा गोंडा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बलरामपुर व सिद्धार्थ नगर समेत अन्य स्थान से परिजन अपने संबंधियों के अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते है। अयोध्या निवासी नीरज ने बताया कि श्मशान घाट तक जाने के लिए बड़ी दुविधा हो गई है। नदी में पानी घट गया है। अब घाट के लिए दूर तक रेत में चला पड़ता है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि श्मशान घाट को नए स्तर से तैयार करने का काम चल रहा है। आने वाले दिनों में सभी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

### परीक्षा के नतीजे देख खिल गए बच्चों के चेहरे



**अयोध्या, अमृत विचार :** विद्या भारती शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को आयोजित परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण हुआ। नतीजे देख कर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह, विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल कुमार मिश्र, प्रबंध समिति के सदस्य आशीष अग्रवाल, अरुण अग्रवाल व प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने समारोह का शुभारंभ किया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में मनोहारी छटा बिखेरी। मुख्य अतिथि सीडीओ ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी व नेल्सन मंडेला के जीवन चरित्र को चरित्रार्थ करते हुए अपने लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए। मुख्य अतिथि ने सभी कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

### राष्ट्रीय सत्संग प्रतियोगिता 3 व 4 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन तीन और चार अप्रैल तीर्थ क्षेत्र पुरम बाग बिजेशी में होगा। इसके लिए सोमवार को भूमिपूजन एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि भगवान की कथा का प्रशिक्षण प्राप्त कर वनवासी क्षेत्रों, ग्रामीण क्षेत्रों में रामकथा का प्रचार-प्रसार करने वाले युवकों ने क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर प्रतियोगिताएं कराई हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जिन्होंने अयोध्या में ही रामकथा का प्रशिक्षण लिया है, ऐसे 350 प्रतिभागी अयोध्या पधार रहे हैं। इन कार्यकर्ताओं की प्रतियोगिताएं दो दिनों में विभिन्न सत्रों में संपन्न होगी। जो विजयी होंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। रामकथा का प्रशिक्षण देने वाले अध्यापकों को भी आमंत्रित किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर मिश्र, भूलेंद्र कुमार, डॉ. चंद्रगोपाल पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

कवायद

### गेहूं खरीद को रख दिया कांटा व लगाए बैनर, 2585 रुपये प्रति क्विंटल इस साल की एमएसपी

# जिले में छह एजेंसियों के 68 क्रय केंद्रों पर खरीद जाएगा गेहूं

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** किसानों से गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों पर कांटा लग गया। बैनर टांग दिए गए।बोरे की व्यवस्था कर दी गई। प्रभारियों की उपस्थिति भी चेक की गई, लेकिन गेहूं की आवक पहले दिन सिफर रही। सप्ताह भर बाद से गेहूं की आवक शुरू होने की उम्मीद है।

जिले में किसानों से गेहूं खरीद के लिए खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मंडी समिति और भारतीय खाद्य निगम को नामित किया गया है। सभी छह क्रय एजेंसियों से कुल 68 खरीद केंद्र विभिन्न ब्लॉक में बनाए गए हैं। 30 मार्च से गेहूं की खरीद औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है।



गेहूं खरीद के लिए बारून बाजार में बनाया गया क्रय केंद्र। अमृत विचार

क्रय केंद्रों पर तौल कांटा रख दिया गया। बैनर टांग दिए गए। गेहूं का इस साल (न्यूनतम समर्थन मूल्य) एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल बताया गया है। क्रय केंद्रों की व्यवस्था और उपस्थिति को लेकर फोटोयुक्त उपस्थिति कराई गई। इसमें पहले दिन 68 में 21 लोग अनुपस्थिति पाए गए।

डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने बताया कि जिले में गेहूं की खरीद शुरू कर दी गई है। सभी केंद्रों पर कांटा, बैनर, किसानों की सुविधा के लिए दूसरी सुविधाएं किए जाने का निर्देश दिया गया है। हालांकि पहले दिन गेहूं की आवक नहीं रही। अभी किसानों ने गेहूं की मड़ाई शुरू नहीं की है। उम्मीद है कि एक सप्ताह में गेहूं की आवक शुरू हो जाएगी।

### बाबा बाजार में केंद्र न बनने से किसानों में नाराजगी

**मवई, अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र में इस साल तीन मोबाइल सेंटर सहित कुल नौ क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। मवई ब्लॉक क्षेत्र में पीसीएफ का बरौली व यूपीएसएस का ढेमा समिति, विपणन विभाग से पटरंगा में क्रय केंद्र बनाया गया है। रुदौली क्षेत्र में नवीन मंडी भेलसर और खाद्य विभाग, नवीन मंडी में मंडी समिति सहित दो केंद्र बनाए गए हैं। काजी पुरवा सहित तीन मोबाइल क्रय केंद्र होंगे। अमराई गांव में खाद्य विभाग, कोलवा व विपणन विभाग के क्रय केंद्र बनाए गए हैं। बाबा बाजार स्थित गनेशपुर समिति में इस बार क्रय केंद्र न बनाए जाने से किसानों में नाराजगी है। किसानों का कहना है कि बाबा बाजार क्षेत्र के किसानों को अब दूरस्थ केंद्रों पर जाना पड़ेगा, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे। किसानों ने बाबा बाजार में भी क्रय केंद्र खोले जाने की मांग की है।

### जालसाजी से पैसा निकालने के दो आरोपी दबोचे

**पूराबाजार :** महाराजगंज पुलिस ने सिम पोर्ट कर जालसाजी करके खाते से पैसा निकालने वाले गिरोह के फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि अंबेडकरनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के मधुपुर मिरनपुर गांव की ऋतिक विश्वकर्मा को सोमवार दोपहर मधुपुर मिरनपुर गांव के पास से व बिंदु प्रताप निवासी राजपुर थाना गोसाईगंज अयोध्या को सोमवार दोपहर बाद मया बाजार से गिरफ्तार किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत- भवानीपुर कलां इटियाथोक,गोण्डा**

पत्रांक मेमो /विविध / 2026-27 दिनांक :- 28.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/ पंचम, छठवां राज्य वित्त आयोग 15वां /16वां वित्त / स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण, आँगनबाड़ी केन्द्र,स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एंव ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यो के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन तिथि से लेकर दिनांक 01.04.2026 के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15.04.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर /निविदा फार्म सील्ड / बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा / टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे प्राप्त टेण्डर / निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा / टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर / निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | कमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईट | 02 | सीधा खंजड ईट |
| 03 | सफेद मोरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मोरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सारिया | 08 | ईट की रोड़ी 40 m.m. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 m.m. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम0एम0 इन्टरलाकिंग ईट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेंट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | हयूम पाइप |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- भवानीपुर कलां इटियाथोक,गोण्डा

**कार्यालय ग्राम पंचायत- दुल्हमपुर इटियाथोक,गोण्डा**

पत्रांक मेमो /विविध / 2026-27 दिनांक :- 28.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/ पंचम, छठवां राज्य वित्त आयोग 15वां /16वां वित्त / स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण, आँगनबाड़ी केन्द्र,स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एंव ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यो के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन तिथि से लेकर दिनांक 01.04.2026 के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15.04.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर /निविदा फार्म सील्ड / बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा / टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे प्राप्त टेण्डर / निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा / टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर / निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | कमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईट | 02 | सीधा खंजड ईट |
| 03 | सफेद मोरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मोरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सारिया | 08 | ईट की रोड़ी 40 m.m. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 m.m. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम0एम0 इन्टरलाकिंग ईट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेंट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | हयूम पाइप |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- दुल्हमपुर इटियाथोक,गोण्डा

**कार्यालय ग्राम पंचायत- पूरे पण्डित वृन्दावन इटियाथोक,गोण्डा**

पत्रांक मेमो /विविध / 2026-27 दिनांक :- 28.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/ पंचम, छठवां राज्य वित्त आयोग 15वां /16वां वित्त / स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण, आँगनबाड़ी केन्द्र,स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एंव ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यो के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन तिथि से लेकर दिनांक 01.04.2026 के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15.04.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर /निविदा फार्म सील्ड / बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा / टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे प्राप्त टेण्डर / निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा / टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर / निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | कमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईट | 02 | सीधा खंजड ईट |
| 03 | सफेद मोरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मोरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सारिया | 08 | ईट की रोड़ी 40 m.m. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 m.m. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम0एम0 इन्टरलाकिंग ईट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेंट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | हयूम पाइप |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- पूरे पण्डित वृन्दावन इटियाथोक,गोण्डा

**कार्यालय ग्राम पंचायत- सिंघवापुर इटियाथोक,गोण्डा**

पत्रांक मेमो /विविध / 2026-27 दिनांक :- 28.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/ पंचम, छठवां राज्य वित्त आयोग 15वां /16वां वित्त / स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण, आँगनबाड़ी केन्द्र,स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एंव ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यो के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन तिथि से लेकर दिनांक 01.04.2026 के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15.04.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर /निविदा फार्म सील्ड / बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा / टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे प्राप्त टेण्डर / निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा / टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर / निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | कमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईट | 02 | सीधा खंजड ईट |
| 03 | सफेद मोरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मोरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सारिया | 08 | ईट की रोड़ी 40 m.m. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 m.m. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम0एम0 इन्टरलाकिंग ईट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेंट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | हयूम पाइप |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- सिंघवापुर इटियाथोक,गोण्डा

# एनएसएस का मूलमंत्र जीने का दर्शन : डॉ. बिजेंद्र

## अवध विश्वविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन कार्यक्रम में बोले कुलपति

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र है 'स्वयं से पहले आप' यह केवल एक वाक्य नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक दर्शन है। जब एक युवा कुछ करने का संकल्प लेता है, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। ये बातें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सोमवार को कहीं। वह विवि के आवासीय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम के सात दिवसीय विशेष शिविर के डाभासेमर के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित समापन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।


डाभासेमर के कंपोजिट विद्यालय में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करतीं प्रधानाचार्य।

कुलपति ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य एक संवेदनशील नागरिक बनाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना आपको क्लासरूम की चारदीवारी से बाहर निकालकर समाज की वास्तविकताओं से परिचित कराता है। एनएसएस के स्वयंसेवक गांवों में जाकर स्वच्छता, साक्षरता या स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं, तो आप केवल दूसरों की मदद नहीं कर रहे होते, बल्कि स्वयं का व्यक्तित्व विकास भी कर रहे होते हैं। एनएसएस के शिविर आयोजन से छात्रों में राष्ट्रीय चेतना का विकास एवं स्वस्थ वातावरण और शैक्षिक परिवेश निर्मित होता है। हमारा देश युवाओं का देश है। आपके पास वह ऊर्जा और नवीन सोच है। जो भारत के भविष्य का निर्माण करेगी।

विश्वविद्यालय आवासीय परिसर इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनुज पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय में आयोजित चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया गया। कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्य शालिनी पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन रुचि पांडेय, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. मोहन तिवारी, डॉ. दिनेश पांडेय ,स्वतंत्र त्रिपाठी, पल्लव पांडेय, सीमा तिवारी, विद्यालय के समस्त शिक्षक आदि मौजूद रहे।



- पुलिस लाइंस में मिशन शक्ति अभियान के तहत रन फॉर इंपावरमेंट का आयोजन

पुलिस लाइन में दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

## फर्राटा दौड़ में कृतिका व बबीता अव्वल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-पांच के तहत पुलिस लाइंस में सोमवार को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देते हुए रन फॉर इंपावरमेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने किया। 100 मीटर की फर्राटा दौड़ में जीजीआईसी की कक्षा नौ की छात्रा कृतिका श्रीवास्तव प्रथम, पलक तिवारी दूसरे व अंशिका कनौजिया तीसरे स्थान पर रही। वहीं, कक्षा 11 वर्ग में बबीता सिंह प्रथम, हेमा यादव द्वितीय व रागिनी तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को एसएसपी ने स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं व अध्यापिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी। अपील की कि किसी भी प्रकार की घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112 अथवा नजदीकी थाना-चौकी पुलिस को दें। कहा कि महिलाओं का सम्मान ही समाज का सम्मान है व महिला स्वावलंबन से ही वास्तविक सशक्तिकरण संभव है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को निडर होकर आगे बढ़ने का वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


मनूया कॉलेज में हुए युवा संसद के विजेता व उपविजेता अतिथियों के साथ।

## भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 : दिव्या का भाषण सर्वश्रेष्ठ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पूराबाजार शंभू नाथ सिंह व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष पूराबाजार वरुण चौधरी रहे। मंडल में प्रो. मंजुषा मिश्रा, प्रो. सुषमा शुक्ला, प्रो. सुषमा पाठक, प्रो. मीनू दुबे व प्रमोद कुमार पांडेय निर्णायक रहे। भाषण प्रतियोगिता में दिव्या शुक्ला प्रथम, जीनत द्वितीय, अभिषेक श्रीवास्तव तृतीय, हर्ष सिंह चतुर्थ व अभिषेक यादव पंचम स्थान पर रहे। जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के सभी विजेता विधानसभा लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विशाल सिंह, श्रवण कुमार मिश्रा, अमन गौड आदि मौजूद रहे।

## परिक्षेत्र में किसानों को मिल रही सिंचाई सुविधा

**अयोध्या। अमृत विचार :** नलकूप-पूर्व परिक्षेत्र के अंतर्गत गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन व अयोध्या मंडल के 16 जिलों में सिंचाई विभाग द्वारा 9107 राजकीय नलकूपों, 10 लघुडाल नहरों और 11 वृहद व मध्यम पंप नहरों के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन नलकूपों से कुल 7,62,700 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई क्षमता सृजित की गई है, जबकि लघुडाल नहरों से 3,403 हेक्टेयर और पंप नहरों से 3,80,636 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता उपलब्ध है। गत खरीफ एवं रबी फसल में इन संसाधनों से कुल 6,55,957 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिला। अयोध्या मंडल के नलकूप विभाग के मुख्य अभियंता एसपी मौर्य ने बताया कि सरकार के विजन के अनुरूप सिंचाई विभाग लगातार नई तकनीकों को अपनाते हुए किसान हितैषी योजनाओं को आगे बढ़ा रहा है। आने वाले समय में और अधिक नलकूपों, नहरों तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र को सिंचाई के क्षेत्र में मॉडल बनाने की दिशा में कार्य जारी है।

# वृद्धाश्रम मणिपर्वत में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अयोध्याकार्यालय।

**अमृत विचार :** अमृत अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वृद्धाश्रम मणिपर्वत अयोध्या में बुजुर्गों के बीच चार दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। उद्देश्य बुजुर्गों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक मनदर्शन और डॉ. मनीष राय ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। आयोजन दि आयुष्मान फाउंडेशन संस्था ने किया।


कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते बुजुर्ग। अमृत विचार

डॉ. मनदर्शन ने बुजुर्गों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। सकारात्मक ऊर्जा के साथ उचित मार्गदर्शन और आवश्यक दवाएं प्रदान कीं। दूसरे सत्र में डॉ. मनीष राय ने शुगर, बीपी, पेट दर्द, जोड़ों के दर्द, खांसी और भूख न लगने जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। तीसरे दिन रचनात्मक गतिविधि के तहत बुजुर्गों को डमरू कैंडल बनाना सिखाया, जिससे उनमें नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। मनोरंजन के लिए अंताक्षरी एवं गीत-संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आयोजन में वृद्धाश्रम के प्रबंधक अमरीश मिश्रा ने योगदान किया। फाउंडेशन की ओर से जलज मौर्या, गजेंद्र प्रताप सिंह,पंकज पांडेय, शैल कुमारी, रुचि पांडेय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सात मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचारः** पूमा विद्यालय मदरहा शिक्षा क्षेत्र मया प्रांगण में सोमवार को वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान का आयोजन हुआ। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में चयनित सभी सात बच्चों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों का लगन व समर्पण से ही बच्चों का शिक्षण स्तर ऊपर उठ सका है। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिंह कहा कि यह विद्यालय अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा बनेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राज नारायण सिंह, राम जी सिंह, चंद्रभान वर्मा, विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूजा ने 7वीं व सृष्टि ने 27वीं रैंक की हासिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपी पीसीएस के अंतिम परिणाम में जनपद के लगभग डेढ दर्जन अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल किया है। जिनमें टांडा तहसील क्षेत्र के आराजी तेंदुआ गांव की पूजा तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवीं रैंक हासिल किया है।

पूजा तिवारी कुशीनगर में वन विभाग में दरोगा के पद पर कार्यरत सत्य प्रकाश तिवारी की पुत्री हैं। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल किया है। वर्तमान में वह गोरखपुर से पीएचडी कर रही हैं, जबकि उनकी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ में हुई थी। पूजा का चयन एसडीएम पद के लिए हुआ है। जनपद की एक अन्य प्रतिभा सृष्टि वर्मा ने भी 26वीं रैंक हासिल किया है। इसके अतिरिक्त सर्वेश वर्मा, अविरल वर्मा,

- जनपद के लगभग डेढ़ दर्जन अभ्यर्थियों ने भी यूपीपीसीएस परीक्षा में पायी सफलता


पूजा तिवारी


मयंक मौर्य


सृष्टि चौधरी

अभिषेक वर्मा, विमलेश यादव, विपिन देव यादव, मयंक मौर्य, अभिषेक पाल, हर्ष सिंह, अभिनंदन सिंह और विष्णुकांत मिश्र ने भी इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल किया है। इन सभी सफल अभ्यर्थियों को जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों से बधाइयां मिल रही हैं।

जनपद के जैनापुर निवासी सृष्टि चौधरी का चयन एसडीएम पद पर हुआ है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 26वीं रैंक हासिल किया है। सृष्टि सेवानिवृत्त जिला बेसिक शिक्षा समन्वयक वाराणसी अवधेश चौधरी और गृहिणी प्रभावती चौधरी की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है। सफलता की जानकारी मिलने पर परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। ग्राम जैनापुर समेत आसपास के क्षेत्रों में भी सृष्टि की सफलता को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने इसे पूरे इलाके के लिए गर्व का विषय बताया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सृष्टि शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी थीं। उन्होंने प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत किया। नियमित अध्ययन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के कारण उन्हें यह सफलता मिली।

# संगठन सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए करेगा संघर्ष : अलंकार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट एवं राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री अपनी नई राजनीतिक पार्टी के गठन के बाद पहली बार मालीपुर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने समर्थकों के बीच अपनी और पार्टी की मंशा को रखा। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आगामी चुनाव लडने की घोषणा कर सरकार बनाने का भी दावा ठोक दिया है।


अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा व साथ में मौजूद अन्य।

कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा के आवास पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय समर्थक और राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। समर्थकों के बीच अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय में देश का जनतंत्र कमजोर होता जा रहा है और जनप्रतिनिधियों का प्रभाव लगातार कम हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता, विशेषकर सामान्य वर्ग की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा से जुड़े लोगों के राष्ट्रीय अधिकारों की उपेक्षा हो रही है।

## प्रोफेसर इरफान अहमद को किया गया सम्मानित

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पाठशाला फाउंडेशन व फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के तत्वावधान में गोमतीनगर लखनऊ में हिंदुस्तान को मजबूत बनाने में उर्दू अदब का किरदार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया ।एजिसमें बिंदेश्वरी पीजी कालेज बरधा भिउरा अकबरपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर इरफान अहमद को उनके लेख के लिए प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर राज्य के पूर्व डीआईजी डॉ. मंजूर अहमद, पूर्व आईएएस एवं कुलपति डॉ. अनीस अंसारी व बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शम्शी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


सेमिनार को संबोधित करते प्रो. इरफान अहमद।

## विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**आजमगढ़। अमृत विचार :** नगर के हीरापट्टी स्थित श्रम विभाग द्वारा वित्त पोषित एवं समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने के साथ-साथ कक्षा 8 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम प्रवर्तन अधिकारी नजरे आलम और रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल 'अंकित' ने विभिन्न कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिसमें कक्षा 8 की प्रतीक्षा विश्वकर्मा (प्रथम), सौम्या (द्वितीय), अंशिका कुमारी (तृतीय), कक्षा 7 की अनुष्का (प्रथम), करिश्मा (द्वितीय), अनुष्का (तृतीय) और कक्षा 6 की स्वीटी (प्रथम), आंचल (द्वितीय), अंशिका राजभर (तृतीय) को सम्मानित किया गया। अतिथियों और विद्यालय परिवार ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की ओर से छात्राओं को आश्वासन दिया गया कि यदि भविष्य में उनकी पढ़ाई में किसी भी प्रकार का व्यवधान आता है, तो वे नि:संकोच विद्यालय से संपर्क कर सकती हैं। परीक्षा परिणाम के उपरांत कक्षा 8 की छात्राओं को भावपूर्ण विदाई देते हुए वार्डन प्रिया प्रसाद एवं शिक्षकों ने छात्राओं को उपहार भेंट किए और आशीर्वाद देते हुए उन्हें जीवन के अगले पड़ाव के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अनीता पांडे, मंजू शर्मा, मीरा वर्मा, शिवम श्रीवास्तव, ज्योति, राजेश, सुशीला, वंदना, सुशील यादव, रजनीश शुक्ला, अजय यादव जोहर शिव, राधेश्याम, रामविनय, प्रभा रंजन मौजूद रहे।


अंकपत्र के साथ छात्र और छात्राएं।


तमसा नदी की साफ-सफाई करते परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय व साथ में अन्य।

## समाजसेवी ने श्रमदान कर तमसा नदी में की साफ-सफाई

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ऐतिहासिक तमसा नदी के संरक्षण और स्वच्छता के लिए आयोजित विशेष अभियान में सोमवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका प्रशासन, समाजसेवी संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर व्यापक स्तर पर सफाई किया। नगरपालिका के प्रभारी ईओ विशाल सारस्वत के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में परम फाउंडेशन, पंख, युवान, आरंभ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य नीरज, अमन, नंदू, अंशु, धीरेंद्र पाण्डेय, शशांक और अंकित ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने सामूहिक श्रमदान कर नदी तट पर जमा प्लास्टिक कचरा, पुराने वस्त्र और अन्य गंदगी को हटाया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने न केवल सफाई कार्य किया, बल्कि वहां मौजूद लोगों को नदियों के संरक्षण और उनके महत्व के प्रति जागरूक भी किया। परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल एक दिन की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि जनमानस में नदियों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि तमसा नदी हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त रखना हम सभी का कर्तव्य है।

# सुरहुरपुर गांव में हुआ शंकराचार्य का आगमन

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कांची मठ बद्रिकाश्रम के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती सोमवार को जलालपुर तहसील क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने अपने आराध्य एवं पूज्य पाद ब्रह्मलीन गुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की जन्मस्थली पर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान वह लगभग एक घंटे तक वहां मौजूद रहे।

इस अवसर पर शंकराचार्य ने गुरु से जुड़ी स्मृतियों को सुना और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी सनातन धर्म का परचम लहराया। पूरे देश का भ्रमण कर उन्होंने सनातन संस्कृति और हिंदुत्व के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा समाज को जागृत करने का सतत प्रयास किया। उन्होंने कहा कि गुरु की जन्मस्थली को भव्य स्वरूप देना अत्यंत पुण्य का कार्य है। इसके निर्माण में वह स्वयं भी योगदान देंगे और अन्य श्रद्धालुओं के सहयोग का भी स्वागत किया जाएगा। इससे पूर्व आयोजक महेंद्र कुमार मिश्रा, अधिवक्ता राकेश कुमार पांडेय सहित अन्य लोगों ने शंकराचार्य को गुरु से जुड़ी विभिन्न जानकारियां साझा कीं। सुरहुरपुर पहुंचने पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा और शंखनाद के साथ उनका भव्य स्वागत किया। जन्मस्थल पर पहुंचकर उन्होंने गुरु के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा, प्रधान मनोज तिवारी, वीरेंद्र कुमार यादव, दिनेश जायसवाल, विजय कुमार मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


जलालपुर तहसील क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती।

## शिक्षा जीवन की अमूल्य निधि है : अवधेश

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जीपीएलडी पब्लिक स्कूल सेमरा रफीगंज में सोमवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना अध्यक्ष कटका अवधेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की अमूल्य निधि है और वर्तमान समय में आधुनिक शिक्षा का महत्व अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उनका मार्गदर्शन करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक दीप नारायण मिश्र भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आनंद उपाध्याय, मनोज मिश्रा, मोहम्मद आरिफ, मनोज निषाद, सुधाकर तिवारी, रुद्र प्रताप, राजन कुमार, आरती अग्रहरि, सुशीला यादव, पूनम तिवारी, कंचन मौर्य, अंजली यादव सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

## एमएलसी ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सुपोषित उत्तर प्रदेश थीम के अंतर्गत सोमवार को मुख्यमंत्री ने लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय भीटी और जलालपुर के नवनिर्माण के लिए शिलान्यास भी किया गया। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम के क्रम में जनपद स्तर पर भी भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे द्वारा 20 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पणए नवनिर्मित बाल विकास परियोजना कार्यालय भीटी का उद्घाटन तथा 200 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

अभियान

तमसा नदी के लगभग 3 किलोमीटर चयनित क्षेत्र में विशेष सफाई कार्य किया गया संचालित

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा जनजागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जनपद में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह तमसा नदी के चयनित घाटों पर व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह द्वारा गायत्री मंदिर घाट से किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा स्वच्छता पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनजागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके माध्यम से नदियों की स्वच्छता के साथ-साथ आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिकों से इस अभियान को जनआंदोलन के रूप में सफल बनाने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने विभिन्न विद्यालयों के बच्चों और बड़ी संख्या में सफाई अभियान में सहयोग करने वाले संस्थाओं, विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को गंगा सफाई की शपथ भी दिलाई। अभियान के अंतर्गत तमसा नदी के लगभग 03 किलोमीटर चयनित क्षेत्र में विशेष सफाई कार्य संचालित किया गया। तमसा नदी के विभिन्न घाटों को तीन भागों में विभाजित कर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई थीं।


तमसा नदी की साफ-सफाई करते कर्मचारी और विभिन्न संगठनों के लोग। अमृत विचार

### इन्होंने की सहभागिता

जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस अभियान में विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों एनसीसी, एनएसएस तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता किया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान में भाग लेकर इसे जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। जिला गंगा संरक्षण समिति की ओर से सभी लोगों को शर्ट भेंट की गई। स्वयंसेवकों ने निर्धारित ड्रेस कोड के तहत सफेद टी-शर्ट या संस्थागत टी-शर्ट पहनने हुए थे। नगर पालिका परिषद अकबरपुर के अधिशासी अधिकारी विशाल सारस्वत ने सभी संबंधित विभागों और संगठनों से अपील किया कि वह स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

## कुंदन सिंह का नायब तहसीलदार पद पर हुआ चयन, हर्ष का माहौल

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** जनपद के उंचागांव गांव निवासी कुंदन सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए नायब तहसीलदार पद पर द्वितीय रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। कुंदन सिंह के पिता शिव प्रकाश सिंह पेशे से किसान हैं। साधारण ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े कुंदन ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बेलइसा आजमगढ़ से पूरी की। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर तथा महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ से बी.एड की डिग्री प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कुंदन सिंह ने पीसीएस 2023 में सफलता प्राप्त करते हुए डिप्टी जेलर पद पर द्वितीय रैंक हासिल की थी और वर्तमान में वे जिला कारागार, बागपत में डिप्टी जेलर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, शुभचिंतकों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।


कुंदन सिंह

## न्यूज ब्रीफ

### गोकशी मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के राजापुर गांव स्थित दिनवा तालाब के पास सोमवार को गोकशी की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम ने एक मकान में दबिश देकर आरोपियों को धर दबोचा, जबकि कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पांच नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### भाकियू का बिजली कार्यालय पर धरना, 15 दिन का अल्टीमेटम

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (आजाद हिंद) के पदाधिकारियों व किसानों ने लंबित जनसमस्याओं को लेकर बेदूपारा स्थित बिजली विभाग कार्यालय पर धरना दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है और उपभोक्ताओं के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। धरने की सूचना पर एसडीओ जनार्दन सिंह व शोएब खान मौके पर पहुंचे और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस पर किसानों ने प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। संगठन ने चेतावनी दी कि समय सीमा में समाधान न होने पर व्यापक आंदोलन और सत्याग्रह किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त 3 शिक्षकों को दी गई विदाई

**लम्भुआ, सुल्तानपुर, अमृत विचार :** कम्पोजिट विद्यालय लम्भुआ द्वितीय में सेवा निवृत्त हो रहे तीन शिक्षकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। बीईओ अजय सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि उसका दायित्व बदल जाता है। इस दौरान हीरालाल, श्याम बहादुर सिंह और पुष्पा सिंह को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रणवीर सिंह ने सभी देयकों का समय से भुगतान कराने का आश्वासन दिया। समारोह में उपस्थित शिक्षकों ने सेवानिवृत्त साथियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्जवल व स्वस्थ जीवन की कामना की।

## एसएफआई ने छात्रवृत्ति में देरी पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

• पांच सूत्रीय मांगों के साथ जल्द समाधान करने की उठाई मांग

**अमृत विचारः** दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवंटन में हो रही देरी को लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विकास भवन में प्रदर्शन किया। इसके बाद संगठन ने समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में बताया गया कि सत्र 2025-26 के अधिकांश पात्र छात्रों को अब तक छात्रवृत्ति नहीं मिली है, जबकि अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। इससे छात्रों में अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। संगठन के अनुसार, छात्रवृत्ति न मिलने से छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है और कई छात्र फीस जमा न कर पाने की स्थिति में हैं। एसएफआई के सर्वे में सामने आया कि करीब 50 प्रतिशत से अधिक छात्रों को 30 मार्च तक छात्रवृत्ति नहीं मिली या बहुत कम राशि प्राप्त हुई है। साथ ही संगठन ने ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन की स्थिति अपडेट न होने की समस्या भी उठाई है। एस एफ आई ने पांच सूत्रीय मांगों के साथ जल्द समाधान की मांग की है।

## प्रतिभाओं की चमकः पीसीएस-2024 में युवाओं ने रचा इतिहास

संवाददाता, सुलतानपुर

● किसी ने पहले प्रयास में पाई सफलता तो किसी ने संघर्ष के बाद हासिल किया मुकाम, जिले में जश्न का माहौल



पंकज वर्मा | स्नेहा चौरसिया | अदिति पांडेय | अवंतिका | अर्पिता मिश्र | ऋषभ सिंह | मंजू मणि त्रिपाठी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग- 2024 के परिणाम में जनपद के होनहार अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है।

कुड़वार क्षेत्र के बहलोलपुर गांव की बहू अवंतिका तिवारी का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। विवाह के एक वर्ष के भीतर ही इस उपलब्धि को हासिल कर उन्होंने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनके पति अभिषेक तिवारी यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। इसी क्रम में इसहाकपुर गांव निवासी पंकज वर्मा ने 22वीं रैंक प्राप्त कर एसडीएम पद पर चयनित होकर जिले को गौरवान्वित किया है। लंबे समय तक कठिन परिश्रम करने वाले पंकज पहले भी आईएएस परीक्षा के कई चरणों तक पहुंच चुके थे। उनकी सफलता से क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। धनपतगंज ब्लॉक के टीकर ग्राम पंचायत के सूर्यकांत चौरसिया की पुत्री स्नेहा ने असिस्टेंट जेलर पद पर चयनित होकर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं लंभुआ क्षेत्र के होलापुर निवासी जालौन के जिलाधिकारी राजेश पांडेय की पुत्री अदिति पाण्डेय ने पहले ही प्रयास में नायब तहसीलदार बनकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। लंभुआ क्षेत्र के गोपीनाथपुर निवासी गौरी शंकर दूबे की पुत्री शिवांकी दूबे ने 16वीं रैंक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय विद्यालय से प्राप्त कर यह मुकाम हासिल किया। असवा निवासी विद्या रमण त्रिपाठी के पुत्र मंजू मणि त्रिपाठी का चयन वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर हुआ है, जो वर्तमान में भारतीय नौसेना में भी सेवाएं दे रहे हैं। कादीपुर क्षेत्र के आलापुर गांव की अर्पिता मिश्रा ने दूसरे प्रयास में सफलता अर्जित कर वाणिज्य कर अधिकारी पद प्राप्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और नियमित अध्ययन को दिया। वहीं केएनआईटी के प्रोफेसर राकेश सिंह के पुत्र ऋषभ सिंह ने 53वीं रैंक लाकर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए हैं। राकेश सिंह मूलतः जनपद प्रतापगढ़ के निवासी हैं। इन सभी सफल अभ्यर्थियों की उपलब्धि पर परिजनों, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# धोखाधड़ी मामले में पूर्व नपं अध्यक्ष को जमानत

## दूसरे के नाम मकान दर्ज कराने का आरोप, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत का फैसला



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी को धोखाधड़ी के चर्चित मामले में सोमवार को बड़ी राहत मिल गई। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राकेश पांडेय की अदालत ने उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया। मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने सेशन कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल कर आरोपों को निराधार बताते हुए राहत की मांग की। वहीं, परिवादी पक्ष ने जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने चंद्रमा देवी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

प्रकरण के अनुसार, अमेठी उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए चंद्रमा देवी ने कथित रूप से धोखाधड़ी कर उनका मकान अन्य व्यक्तियों लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी और संगम लाल सोनी के नाम दर्ज करा दिया। इस मामले में अदालत ने 8 फरवरी 2024 को सभी आरोपितों को विचारण हेतु तलब किया था। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर चंद्रमा देवी ने ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था, जहां उन्हें पहले अंतरिम राहत नहीं मिल सकी थी। अब सेशन कोर्ट से जमानत मंजूर होने पर उन्हें राहत मिली है।

### दोहरे हत्याकांड में दो आरोपी दोषी करार, आज होगी सजा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में सोमवार को जिला जज सुनील कुमार की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। मामले में सजा पर सुनवाई मंगलवार को होगी, जिसके लिए दोषियों को जेल से तलब किया गया है। एडीजीसी मनोज दूबे के मुताबिक वादी शिव शंकर सिंह पुत्र रामायण सिंह (पूर्व प्रधान कारेबन) जयसिंहपुर के परिवार से संबंधित तहरीर दी थी कि 3 मार्च 2010 को शाम करीब सात बजे गुड्डुरपुर सागर उमर का पुरवा के पास हरिनारायण की बाइक रोककर अज्ञात हमलावरों ने हरिनारायण और उसके पुत्र संदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि झिनकू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान वादी शिवशंकर सिंह स्वयं बाद में आरोपी बनाए गए। मुकदमे के दौरान शिवशंकर एवं जितेंद्र की मृत्यु हो चुकी है। शेष आरोपियों बालीपुर मजरे सेवतरी निवासी वृजेश वर्मा व वरसोमी नथईपुर निवासी आरोपी शैलेंद्र कुमार उर्फ रिंकू गोस्वामी के विरुद्ध विचारण चला। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी मनोज दुबे ने 10 गवाहों को पेश किया। गवाहों ने बताया कि घटना के समय मृतक बगिया चौराहा स्थित कंप्यूटर की दुकान से घर लौट रहे थे, तभी सागर के भीटे पर रोककर उन्हें गोली मारी गई। इस मामले में वादी ने अपने ही भाई जयप्रकाश को आरोपी नामजद किया था। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। सोमवार को हुई सुनवाई में अदालत ने वृजेश वर्मा व शैलेंद्र कुमार को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया। मंगलवार को सजा की अवधि पर अंतिम निर्णय सुनाया जाएगा।

### किशोरी का हत्यारोपी दोषसिद्ध, आज पॉक्सो कोर्ट सुनाएगी सजा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** गौरीगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में 10 साल पूर्व किशोरी की हत्या करने के आरोपी रमेश यादव को सोमवार को पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने दोषसिद्ध ठहराकर जेल भेज दिया। कोर्ट दोषी को मंगलवार को जेल से तलब कर सजा सुनायेगी। अभियोजन के मुताबिक दोषी ने पीड़िता के साथ वर्ष 2016 में दुष्कर्म का प्रयास किया तथा उसकी हत्या कर दी। पीड़िता के परिजन की तहरीर पर दर्ज हुए केस में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की ओर से पेश गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी रमेश यादव को किशोरी की हत्या का दोषी ठहराकर जेल भेज दिया जिसे जेल से तलब कर मंगलवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई कर सजा सुनायेगी।

### कादीपुर के पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में निर्णय 4 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज केस में सोमवार को फाइनल बहस पूरी हो गई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट ने बहस के बाद निर्णय के लिए 4 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो जाने पर लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह ने पूर्व सपा विधायक राम चन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### गबन के आरोपी शिक्षक की अग्रिम जमानत मंजूर

अमेठी जनपद के थाना जामों क्षेत्र में दर्ज गबन व धोखाधड़ी के मामले में जनता इंटर कालेज मवई के आरोपी सहायक अध्यापक राजेन्द्र कुमार को जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने अग्रिम जमानत मंजूर कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय के मुताबिक आरोपी पर कक्षा 9 के कक्षाध्यापक रहते हुए 47 छात्र-छात्राओं से प्राप्त 13,226 रुपये के शुल्क का गबन तथा अभिलेखों में छेड़छाड़ तथा अन्य आरोप लगाए गए हैं। विद्यालय प्रबंधक द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत ने सुनवाई के दौरान पाया कि मामले में आरोप-पत्र दाखिल हो चुका है तथा आरोपी ने विवेचना में सहयोग भी किया है। साथ ही उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाए जाने तथा उसके निरस्त न होने को भी महत्वपूर्ण माना गया। जिस पर आरोपी के अधिवक्ता द्वारा माननीय उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय की विधि व्यवस्थाओं का हवाला देते हुए अग्रिम जमानत की मांग की गई थी।

### इंस्पेक्टर नीशू तोमर के केस में जिरह जारी

महिला आरक्षी से दुष्कर्म के चर्चित मामले में आरोपी इंस्पेक्टर नीशू तोमर से जुड़े मामले में सोमवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में पीड़िता की गवाही दर्ज की गई। पीड़िता के वकील संतोष पांडेय ने बताया बचाव पक्ष के वकील ने पीड़िता से जिरह की पर जिरह पूर्ण न होने से कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 10 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। गौरतलब है कि 14 जुलाई 2022 को हलियापुर थाने में तैनाती के दौरान एक महिला आरक्षी ने इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न तथा दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

## शांतिकुंज से निकली ज्योति कलश यात्रा का सुलतानपुर में भव्य स्वागत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष एवं 'अखंड ज्योति' के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा रविवार को सुलतानपुर जनपद पहुंची। इस अवसर पर जनपदवासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत करते हुए जगह-जगह आरती, पूजन और पुष्प वर्षा की।

शांतिकुंज हरिद्वार से प्रारंभ हुई यह शक्ति कलश यात्रा देशभर में जनजागरण का संदेश लेकर चल रही है। इस पावन कलश में 24 तीर्थों की पवित्र रज समाहित है, जो जन-जन तक गुरुदेव के विचार क्रांति अभियान को पहुंचाने का कार्य कर रही है। सुलतानपुर पहुंचने पर पयागीपुर चौराहे से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा गोमती कृपा मैरिज लॉन से प्रारंभ होकर गायत्री शक्तिपीठ, कुड़वार नाका पर जाकर संपन्न हुई। मार्ग में सुरम्या हॉस्पिटल, नवजीवन हॉस्पिटल और चौक सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने कलश का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शांतिकुंज के प्रतिनिधि मांडवी दीदी ने किया। इस अवसर पर डॉ. रमाशंकर, अजय गुप्ता, आलोक आर्य, डॉ. रमेश ओझा, कैलाश नाथ तिवारी, डॉ. सुधाकर सिंह, प्रभाकर सक्सेना, राकेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**NAME CHANGE**

AMAN KUMAR, FATHER No- JC 248986P, RANK - RIS. NAME- JAY CHANDRA, RESIDING AT VILL - BARAHIPURVA POST- LALPUR SHIVRAJPUR, DIST - KANPUR Dehat UTTAR PRADESH, 208001, HAVE CHANGE MY NAME AMAN KUMAR TO AMAN KUMAR PAL FOR ALL FUTURE PURPOSES. AFFIDAVIT DATED 26 March 2026 Before public notary.

**सूचना**

एक किता भवन निर्मित जुज भाग आराजी नं0– 526 मि0 स्थित मौजा– किशरवल, अकबरपुर कानपुर देहात को स्वामी द्वारा हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में बन्धक हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसका मूल बैनामा दिनांकित 28.12.2020 जो कि क्रमांक सं0– 10368 पर स0 रजि0 कार्या0 अकबरपुर में दर्ज है, कहीं खो गया है। उक्त सम्पत्ति पर यदि किसी को सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें, अन्यथा उक्त सम्पत्ति को बन्धक स्वीकार कर लिया जायेगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट), चे0नं0– 24 बाबू लाल अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट कानपुर, मो0 : 9335063025**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रोहित कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के गलत चाल चलन के चलते उससे संबंध विच्छेद कर दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कार्य व लेन देन से मेरा कोई सरोकार न होगा। **रामचंद्र पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम लाला भगत थाना रसूलाबाद कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र सत्यप्रकाश पुत्र जगदीश बाबू व उसकी पत्नी अंजली पत्नी सत्यप्रकाश के गलत चाल–चलन के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी कृत्य अथवा लेन–देन का मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। **जगदीश बाबू पुत्र शिव दयाल निवासी 5/232, मोहल्ला इस्माइलगंज सानी, शहर व जिला फर्रुखाबाद**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे स्कूल में नाम हेमंत कुमार सिंह और आधार कार्ड में अमन दर्ज है। प्रार्थी आधार कार्ड में अपना नाम हेमन्त कुमार सिंह दर्ज करवाना चाहता है। **हेमन्त कुमार सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ग्राम चुलम्भा पोस्ट कैसरगंज जिला बहराइच, यू.पी.।**

**सूचना**

बैंक ऑफ इंडिया शाखा भेलसर के खाता संख्या 75191 011 00 13116 में मेरा नाम पिंटू अंकित है। मेरा नाम आधार कार्ड में राजेश कुमार है। पिंटू और राजेश कुमार दोनों नाम मेरा ही है। **राजेश कुमार पुत्र अंबिका प्रसाद निवासी ग्राम शाहपुर पोस्ट शुजागंज थाना टिकैत नगर जिला अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी इण्टरमीडिएट (वर्ष 2024, रोल नंबर 2247082870) व हाईस्कूल (वर्ष 2022, रोल नंबर 1222350526) के अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं। मैंने इण्टरमीडिएट चौधरी ओंकारनाथ इंटर कॉलेज, चंद्रनगर नंदवल, फखरपुर (बहराइच) तथा हाईस्कूल श्री महंत जागेश्वर पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, नंदवल (बहराइच) से उत्तीर्ण किया है। **जया वर्मा पुत्री मयंकर वर्मा ग्राम दिकौलिया, विकास खंड फखरपुर, बहराइच।**

**सूचना**

मैं जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) निवासी ग्राम 32 मनकौटी पोस्ट दिलावर नगर थाना रहीमाबाद तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ का है। मेरा नाम पासपोर्ट जितेंद्र (JITENDRA) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। इसी नाम से जाना पहचाना जाता हूं। मुझे (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) के नाम आज दिनांक से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र प्रवीन शुक्ला के गलत चाल–चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से दिनांक 29/3/26 से बेदखल कर रहा हूँ। मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी अनुचित/गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अमरपाल पुत्र राम प्रसाद, निवासी– रहीमनगर डिडौली, थाना मड़ियांव, जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा डाक घर बचत बैंक, जिला लखनऊ में खाता सं0– 010019529258 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अतः मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी– ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा भारतीय स्टेट बैंक शाखा माल, लखनऊ में खाता सं0– 44018243776 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अतः मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी– ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पॉलिसी संख्या 236903689 जो कि 26–3–2011 को बीमाधन 62500 की जारी पालिसी में नाम सकंठा प्रसाद हो गया है, जबकि सही नाम मनोज कुमार है। आधार में मनोज कुमार ही अंकित है। उपरोक्त पॉलिसी में सकंठा प्रसाद के स्थान पर मनोज कुमार अंकित किया जाए। **मनोज कुमार पुत्र कैलाश चन्द ग्रा. सेमौरा पो. हुसैनगंज, फतेहपुर**

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कमला विद्या मंदिर, करौंदिया में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभा का मन मोह लिया।

परिणामों में नर्सरी वर्ग में आकांक्षा और आयुषी ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्राइमरी वर्ग में अद्विका सिंह ने 99.5 प्रतिशत अंक के साथ और जूनियर वर्ग में मुस्कान गौड़ ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अन्य कक्षाओं में भी कई छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत अध्यापिका आराधना श्रीवास्तव के निर्देशन में मन्नत, सृष्टि सोनकर, आराध्या, अद्विका, अम्बिका गुप्ता, प्रिया, मुस्कान सहित कई बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास के साथ उसका सामना करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राघवेन्द्र भूषण पाण्डेय ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



परीक्षा परिणाम के साथ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

• परीक्षा परिणाम वितरण समारोह में बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

## प्रशासनिक जज ने लिया दीवानी का जायजा

• न्यायिक कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों एवं कोर्ट की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

संवाददाता, सुलतानपुर,

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज न्यायमूर्ति मनोज बजाज ने सोमवार को सुल्तानपुर दीवानी न्यायालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके आगमन पर जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, महासचिव दिनेश दुबे सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति बजाज ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नवनीत सिंह की अदालत समेत विभिन्न न्यायालयों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायिक कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों और न्यायालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही न्यायालय परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव तथा आमजन को मिलने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। प्रशासनिक जज ने न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के निर्देश भी दिए, ताकि वादकारियों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि न्यायालय की कार्यप्रणाली में गुणवत्ता और अनुशासन बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए।



जिला जज सुनील कुमार के साथ न्यायालय का निरीक्षण करते न्यायमूर्ति मनोज बजाज। ● अमृत विचार

**आयोजन** | जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ कार्यक्रम

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिले नियुक्ति पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में सोमवार को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति ने इसे विशेष बना दिया।

सभागार में लगी एलईडी स्क्रीन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र व स्मार्टफोन वितरण का लाइव संबोधन देखा गया। इसके बाद स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल तथा सीडीओ विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जिले की छह नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। साथ ही दस मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित कर उन्हें डिजिटल कार्यप्रणाली से जोड़ने की पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान 59 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण भी किया गया, जिससे क्षेत्र में बाल विकास सेवाओं को और मजबूती मिली। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल बनाकर पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अब सभी नियुक्तियां पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हो रही हैं। कार्यक्रम में सभी परियोजनाओं के सीडीपीओ, जिला समन्वयक उमेश तिवारी, प्रधान सहायक नवनीत श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय कर्मचारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।



मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन देते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### कल से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक से 30 अप्रैल 2026 तक चलने वाले विशेष अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय बैठक आयोजित हुई। सीडीओ विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, नगर विकास समेत कई विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दस्तक अभियान की रूपरेखा बताते हुए इसके प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने विभागवार जिम्मेदारियां स्पष्ट कीं और अब तक की प्रगति से अवगत कराया। सीडीओ ने बैठक में पिछले चरण की कमियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य कर लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने के निर्देश दिए।

### 28 विभागों को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आपदा जोखिम न्यूनीकरण को लेकर कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में 28 विभागों के करीब 100 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम वित्त एवं राजस्व ने की। उन्होंने कहा कि आपदाएं अचानक आती हैं, लेकिन समय रहते तैयारी और प्रशिक्षण से जन-धन की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने जिले की भौगोलिक संवेदनशीलता, राहत कार्यों और इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम पर विस्तृत जानकारी दी। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लालजी ने सीपीआर व प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन कर जीवन बचाने के तरीके बताए। कार्यक्रम में वीडियो, जागरूकता सामग्री और फीडबैक सत्र भी आयोजित हुआ।

# पीसीएस परीक्षा में जिले के 8 मेधावियों ने लहराया परचम

## कड़ी मेहनत और धैर्य के बाद होनहारों को मिली सफलता से परिवार में जश्न का माहौल, बधाई देने वालों का लगा तांता

**दिखायी मेधा**

संवाददाता, गोंडा


प्रशांत सिंह।


वर्षा सिंह।


अश्विनी कुमार सोनी।


यशव्रत सिंह।


आरती मिश्रा।


नवनीत तिवारी।


अभिषेक सिंह।


आनंदराज सिंह।

- मेधावी प्रशांत सिंह का चयन जिला कोषाधिकारी के पद पर हुआ।
- वर्षा सिंह को यूपी पीसीएस की परीक्षा में 53वीं रैंक मिली।
- अश्वनी कुमार सोनी जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर चयनित।
- यशव्रत सिंह महज 22 वर्ष की उम्र में बने नायब तहसीलदार।
- सिपाही की ट्रेनिंग कर रहीं आरती मिश्रा ने पाया डिप्टी जेलर का पद।
- नवनीत तिवारी घोषित परिणाम में बीडीओ पद पर किये गये चयनित।
- अभिषेक सिंह असिस्टेंट कमिश्नर कामर्शियल के पद पर चयनित।
- आनंद राज सिंह ने भी यूपी पीसीएस परीक्षा में पायी सफलता

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में जिले के 8 मेधावियों ने अपनी सफलता का परचम लहराते हुए जिले का नाम रोशन किया है। इन मेधावियों का सफलता पर उनके परिवार गांव व जिले में हर्ष का माहौल है।

इन मेधावियों में शामिल यशव्रत सिंह ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता पाई है। वह महज 22 वर्ष की उम्र में नायब तहसीलदार बने हैं। सिपाही की ट्रेनिंग कर रहीं आरती मिश्रा ने भी डिप्टी जेलर पद पर चयनित अपने परिवार का मान बढ़ाया है। परिषदीय स्कूल में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत बेबी सिंह के बेटे प्रशांत सिंह का भी चयन जिला कोषाधिकारी के पद पर हुआ है। सोनौली मोहम्मदपुर गांव की वर्षा सिंह को यूपीपीसीएस की परीक्षा में 53वीं रैंक मिली है। वहीं गोंडा के आनंद राज सिंह ने भी यूपी लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। कौडिया क्षेत्र के बेलवा भान निवासी अश्वनी कुमार सोनी का चयन जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर हुआ है। अश्विनी ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल करते हुए 14वीं रैंक प्राप्त की है। अश्वनी ने अपनी हाईस्कूल की पढ़ाई कौड़िया स्थित जनता इंटर कॉलेज से पूरी की। इंटरमीडिएट की शिक्षा उन्होंने पयागपुर बहराइच के के.बी. इंटर कॉलेज से प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज से बीए की पढ़ाई की और वहीं से यूपी पीसीएस की तैयारी शुरू की, जिसमें उन्हें पहले ही प्रयास में सफलता मिली। अश्वनी कुमार सोनी तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। उनके बड़े भाई राजेश कुमार सोनी एक सरकारी विद्यालय में प्रिंसिपल हैं, जबकि बीच वाले भाई बृजेश सोनी गोंडा में सीनियर पैसेंजर ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी माता राजकुमारी सोनी और पत्नी रुपाली सोनी गृहणी हैं। आटा परसपुर निवासी अभिषेक सिंह यूपीपीसीएस की परीक्षा में 68वीं रैंक हासिल कर असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल के पद पर चयनित हुए हैं। अभिषेक ने अपनी हाईस्कूल की पढ़ाई 2012 में और इंटरमीडिएट 2014 में गोंडा के मनकापुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से पूरी की। इसके बाद उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से 2018 में बीए ऑनर्स किया और 2019 में दिल्ली स्थित भारतीय जनसंचार संस्थान से पत्रकारिता में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स पूरा किया। पत्रकारिता डिप्लोमा के बाद अभिषेक ने यूपीएससी और यूपी पीसीएस की तैयारी शुरू की। उन्होंने तीन बार यूपीएससी की मुख्य परीक्षा दी, लेकिन साक्षात्कार तक नहीं पहुंच पाए थे। यूपी पीसीएस 2024 में यह उनका पहला प्रयास था, जिसमें उन्होंने मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में सफलता प्राप्त की। अभिषेक के पिता चंद्र प्रताप सिंह और माता किरण सिंह परसपुर स्थित अलग-अलग जूनियर हाईस्कूल में हेड मास्टर हैं। बेटे की सफलता पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। परसपुर पसका स्थित पसका स्टेट निवासी यशव्रत सिंह का चयन नायब तहसीलदार का पद पर हुआ है। 22 वर्षीय यशव्रत ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता प्राप्त की है। यशव्रत सिंह के माता-पिता, स्व. कुंवर विजय बहादुर सिंह और कुसुम सिंह, का निधन उनके हाईस्कूल की पढ़ाई के दौरान एक सड़क दुर्घटना में हो गया था। उन्होंने 2018 में लखनऊ के कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज से हाईस्कूल और 2020 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने 2023 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। स्नातक के तुरंत बाद यशव्रत ने यूपी पीसीएस की तैयारी शुरू की और पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की। स्थानीय भाजपा विधायक अजय कुमार सिंह और पूर्व सपा विधायक करनैलगंज योगेश प्रताप सिंह ने भी यशव्रत और उनके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। आर्यनगर के पठानजोत गांव के रहने वाले राम आशीष मिश्रा की बेटी आरती मिश्रा को यूपीपीसीएस की परीक्षा में 29वीं रैंक मिली है। आरती का चयन डिप्टी जेलर पद पर हुआ है। इसके पहले आरती का चयन सिपाही पद पर हो चुका है और वह आजमगढ़ पीटीसी में सिपाही की ट्रेनिंग कर रही हैं। नवाबगंज के तुलसीपुर माझा के नवनीत तिवारी ने बीडीओ पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। तुलसीपुर माझा गांव के बलुहा मजरे निवासी बिन्देश्वरी तिवारी के छोटे पुत्र नवनीत तिवारी ने इंटर व स्नातक तक की शिक्षा अयोध्या के देवगढ़ स्थित अपने ननिहाल में रहकर पूरी की।

इसके बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रयागराज का रुख किया, जहां कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। नवनीत की इस सफलता से पूरा परिवार गदगद है और गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। बलमत्थर गांव के निवासी सुरेन्द्र बहादुर सिंह के बेटे प्रशांत सिंह का चयन जिला कोषागार अधिकारी के पद पर हुआ है। प्रशांत सिंह की माता बेबी सिंह परिषदीय स्कूल में शिक्षामित्र हैं। प्रशांत के चयन पर शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला व जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा ने बधाई दी है।

# धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव



प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों का रोली-अक्षत से स्वागत करते शिक्षक व प्रधानाचार्य।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय धौरहरा में सोमवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय में प्रवेश लेने पहुंचे बच्चों का रोली और अक्षत लगाकर स्वागत किया गया। जहां एक ओर सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों को गांव-गांव जाकर प्रयास करना पड़ता है, वहीं धौरहरा विद्यालय में पहले ही दिन 25 बच्चों का नामांकन होना सकारात्मक संकेत है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पप्पू कुमार ने बच्चों का तिलक कर स्वागत किया, जबकि प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह ने उन्हें उपहार प्रदान किए। सहायक अध्यापक भालेन्दु कुमार सिंह ने अभिभावकों का अभिनंदन किया। अभिभावक सुनीता ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें इस दिन का लंबे समय से इंतजार था। शिवा, सुहानी, शिवम, लचिता, गायत्री, आदेश सहित 25 बच्चों का प्रवेश किया गया। प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह ने बताया कि समय से नामांकन प्रक्रिया पूरी कर 1 अप्रैल से कक्षाएं शुरू करा दी जाएंगी। हालांकि जन्मतिथि पूरी न होने के कारण कुछ बच्चों को वापस जाना पड़ा। इस मौके पर राजकुमार, लल्लन प्रसाद, सुरेश कुमार, राम कुमार सिंह, सीमा सिंह, रमकला सहित अन्य लोग मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

# बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** सेझिया गांव के सामने तरबगंज नबावगंज हाईवे पर बाइक की टक्कर से सेझिया निवासिनी बतिसिया (100) की मौके पर ही मौत हो गई। के पुत्र ननकऊ ने बताया कि सोमवार को 11 बजे उनकी मां किराना स्टोर पर सामान लेने जा रही थी। जिनकी बाइक की टक्कर से मौत हो गई। बाइक सवार भी घायल हो गया है।

**सांड़ से टकरायी बाइक, युवक घायल : करनैलगंज :** उमरिया के पास रविवार देर शाम हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के सेरा पार पूरे बहोरी निवासी वीरेंद्र कुमार (25) की बाइक उमरिया के पास सांड़ से टकरा गयी।

# फर्नीचर आपूर्ति मामले में बीएसए कार्यालय का कर्मी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक कार्रवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय के कर्मचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। जिला बेसिक कार्यालय में फर्नीचर आपूर्ति घोटाले में आरोपी बाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था इस मामले में पहले भी गिरफ्तारी हो चुकी है।

प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को गायत्रीपुरम क्षेत्र से प्रेमशंकर मिश्रा पुत्र नागेन्द्र मिश्रा को गिरफ्तार किया। स्थायी निवास गायत्रीपुरम मानस बिहार कॉलोनी में है। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में कोतवाली नगर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोप है कि उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध लाभ लेने का प्रयास किया और विरोध करने पर मारपीट व धमकी की घटना को अंजाम दिया था। मामले की जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्रवाई की।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी, कांस्टेबल देव कुमार व संदीप कुमार शामिल रहे।


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। • अमृत विचार

## कलश यात्रा संग श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज गिर्द में सोमवार को कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। नवाबगंज गिर्द गांव के मझहन पुरवा मजरे में आयोजित इस कथा के मुख्य यजमान बाबूराम तिवारी व शिव कुमारी देवी के साथ महिलाओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया। यात्रा पटपरगंज पहुंची, जहां महिलाओं ने टेढ़ी नदी से जल भरकर कलश में स्थापित किया। इसके बाद कलश यात्रा पुन: आयोजन स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। कथा व्यास हनुमान शरण तिवारी ने देव स्थापना के पश्चात श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान सुनील कुमार तिवारी, महंथ तिवारी, रितिक तिवारी, हरिओम तिवारी, सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद तिवारी के संयोजन में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन संगीतमय कथा का आयोजन होगा।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** हत्या के प्रयास के मामले में फरार एक वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी सूरज उर्फ लक्की निवासी बभनान कस्बा, थाना गौर (जनपद बस्ती) को सोमवार को कस्बे के कटी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना बीते 5 फरवरी की है, जब एक छात्र को परसापुर में चार युवकों ने रोक लिया था। आरोप है कि रंजिश के चलते आरोपियों ने छात्र से मारपीट की। पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना में पुलिस को घटना से संबंधित वीडियो और अन्य साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर सूरज उर्फ लक्की की संलिप्तता सामने आई।

# 5 करोड़ के विकास प्रस्ताव पारित

**पालिका बोर्ड की बैठक**


बोर्ड बैठक को संबोधित करतीं चेयरमैन उज्मा राशिद। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में सोमवार को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद ने की। संचालन एसडीएम एवं ईओ विशाल कुमार ने किया। बैठक में शहर के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और लंबित मामलों पर चर्चा की गई।साथ ही शहर में विद्युतीकरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के लिए करीब 5 करोड़ रुपये के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इन प्रस्तावों में प्रमुख रूप से नई सड़कों का निर्माण, नाली व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए सभी पार्षदों के सुझावों को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पारित प्रस्तावों को जल्द ही धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सभासदों ने समस्याएं भी उठाईं, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठेंगे सभासद फहीम सिद्दीकी , शाहिद अली कुरेशी, लिपिक वेद श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**होता रहा इंतजार** | स्थापित किए गए हैं 100 केंद्र, डिप्टी आरएमओ ने केंद्रों का किया निरीक्षण

# गेहूं खरीद के पहले दिन नहीं हुई बोहनी


पहले दिन खुले क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डिप्टी आरएमओ। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद की शुरुआत हुई, लेकिन खरीद सत्र के पहले दिन सरकारी केंद्रो की बोहनी नहीं हुई। केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार करते रहे , वहीं जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने केंद्रो निरीक्षण किया तथा प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिले मे किसानों से 2550 प्रति क्विंटल की भाव से खरीदा जाना है। जिले में गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन के लिए कुल छह एजेंसियों से 100 केंद्र स्थापित किए गए हैं। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार मूल्य भी बढ़ाया गया है । मंडी समिति के 12, प्रादेशिक सहकारी संघ पीसीएफ के 19, प्रादेशिक उपभोक्ता सहकारी संघ पीसीयू के 42, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ यूपीएसएस के 22, भारतीय खाद्य निगम एफसीआई के 3 तथा अन्य के 2 क्रय केंद्र शामिल हैं। गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारी लगातार केंद्रो पर जाकर आवागमन व सुविधा का जायजा ले रहे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन के पाठक ने बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी में स्थापित किए गए गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर मौजूद सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अभी तक जिले में 2500 से अधिक किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया है।

उन्होंने बताया कि पंजीकरण आवश्यक है। खरीद के लिए केंद्र खुल गए हैं लेकिन पहले दिन खरीद नहीं हुई है। माना जा रहा है कि जल्दी ही किसान अपनी उपज को बेचने के लिए सरकारी केंद्रो पर आएंगे। गल्ला मंडी में एक दर्जन सरकारी गेहूं केंद्र विभिन्न एजेंसी के स्थापित किए गए हैं। केंद्र पर किसानों के लिए पानी व बैठने की व्यवस्था भी की जानी है। फिलहाल अधिकारियों ने कई केंद्रो का पहला दिन निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान खाद विभाग के केंद्र प्रभारी नितेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार दीपक मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी की अनियमितताओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** मनोकामना गैस एजेंसी में व्याप्त अनियमितताओं और ओटीपी के दुरुपयोग से आक्रोशित लोगों ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एजेंसी में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है और ओटीपी नंबर का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ओटीपी का गलत इस्तेमाल कर गैस सिलेंडर 2000 से 3000 रुपये तक ब्लैक में बेचे जा रहे हैं। एजेंसी परिसर में कर्मचारियों की पहचान स्पष्ट नहीं होने से उपभोक्ताओं को परेशानी होती है और दलाल जनता को अपने जाल में फंसा लेते हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पूछताछ काउंटर न होने के कारण उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं मिल पाती। कतार व्यवस्था भी ठीक नहीं है। इससे प्रभावशाली लोगों का काम आसानी से हो जाता है, जबकि आम लोग घंटों इंतजार करते रह जाते हैं। आरोप है कि पर्चियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि एजेंसी के सभी कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक की जाए, आईडी कार्ड अनिवार्य किया जाए, केवाईसी के लिए अतिरिक्त काउंटर खोले जाएं और पूछताछ केंद्र की व्यवस्था की जाए। इस दौरान अवध क्षेत्र अध्यक्ष संजय पांडेय, जिला प्रभारी विजय भारती, जिला अध्यक्ष महंत सुनील पुरी, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अरविंद गिरी, महिला अध्यक्ष सविता मिश्रा, मंडल मंत्री राम अनुज मिश्रा, जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला सलाहकार मोहित मिश्रा, संगठन मंत्री सीमा अवस्थी, उपाध्यक्ष रुचि अवस्थी, युवा उपाध्यक्ष सुमन शर्मा, तहसील अध्यक्ष पवन तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खाटू श्याम के भजनों पर रात भर झूमे श्रद्धालु


भजन प्रस्तुत करतीं कलाकार।

**गोंडा, अमृत विचार :** बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के माधवपुर ग्राम पंचायत में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में द्वितीय खाटू श्याम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरी रात भक्ति रस में डूबे रहे। मुख्य अतिथि विधायक प्रेम नारायण पांडेय रहे, जिनका आयोजकों ने स्वागत किया। बंकू सिस्टर द्वारा प्रस्तुत खाटू श्याम के भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम स्थल पर भगवान श्रीगणेश, श्रीराम-हनुमान एवं राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। इस अवसर पर दद्दा ओझा, आशीष तिवारी, अमित, बब्लू ओझा एवं जेपी ओझा ने अतिथियों को गमछा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विजय बहादुर तिवारी, कुलदीप मिश्रा, भैरव पांडेय, राजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र पांडेय, अनुपम शुक्ल, अतुल शुक्ला, कौशलेंद्र दत्त राम पांडेय, राजीव मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## परीक्षाफल वितरित, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित


दयानन्द बाल मन्दिर में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** दयानन्द बाल मन्दिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शिव नन्दन वैश्य एवं प्रधानाचार्या अर्चना सक्सेना ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य कमल किशोर कसेरा ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राइमरी सेक्शन में कक्षा 5 की छात्रा ज़िकरा ने प्रथम, वरशिका मिश्रा ने द्वितीय तथा इसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर सेक्शन में कक्षा 7 सी के उत्कर्ष सिंह प्रथम, आकांक्षा शुक्ला द्वितीय एवं श्रद्धा सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## समारोह पूर्वक वितरित किया गया परीक्षाफल


बच्चों को परीक्षाफल देते शिक्षक। • अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज में सोमवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट आनन्द कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जीवन में सफल बनने के लिए कड़ी मेहनत और मजबूत इरादे आवश्यक हैं। संस्कृत प्रवक्ता डॉक्टर पदमनाथ पांडेय, शिक्षक राजेश चन्द्र पांडेय और चंद्रशेखर आदि ने भी समारोह को संबोधित किया। समारोह में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वंश तिवारी, मोहम्मद साहिल, विनीत पांडेय, महिमा, मीनाक्षी, सोनिया बानो, अनुराधा, अंशिका शुक्ला, दिव्यांशी गुप्ता, सुमित साहू, रोहित कुमार, संदीप, शशि दुबे, मोहित, राजेश यादव, श्रेयांशी पांडेय,नेव्या तिवारी आदि छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## श्रीमद्भागवत के महत्व का वर्णन किया

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** रफीनगर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को कथा वाचक आचार्य त्रिदेवानंद ने श्रीमद्भागवत के महत्व का वर्णन किया। बताया कि भागवत पुराण हिंदुओं के 18 पुराणों में से एक है। इसका महत्व भक्ति योग है। जिसमे भगवान श्रीकृष्ण को देव माना गया है। उन्होंने बताया कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रवाचक ने भक्ति ज्ञान, वैराग्य, धुंधकारी व गोकरन महाराज के चरित्र का वर्णन किया। इस मौके पर सियाराम मिश्र, राकेश पांडेय, बब्बन पांडेय, पीएन सिंह, संजय मिश्र, राहुल मिश्र, बबलू मिश्र, प्रभात मिश्र, राम सिंह, सुनील मिश्र, शरद पांडेय, अजय मिश्र, नवनीत मिश्र आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कैम्प में सौ से अधिक लोगों की हुई जांच

**करनैलगंज, अमृत विचार :** हलधरमऊ स्थित दरसगाह इस्लामी स्कूल में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में ह सौ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया। कैम्प में एस आर मदर हेल्थ केयर की चिकित्सक डॉ. कुबरा खान एवं मुंबई डायग्नोस्टिक सेंटर की डॉ. अलसबा खान ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। संस्था के डायरेक्टर मोहसिन खान ने बताया कि इस तरह के कैम्प का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

## 30 महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र


सिलाई मशीन से प्रशिक्षण लेती महिलाएं। • अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई मैजापुर में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम करनैलगंज नेहा मिश्रा रहीं। मुख्य अतिथि ने 30 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इसे आगे बढ़ाना बेहद जरूरी है, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं इस पहल से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं सिलाई जैसे कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने बलरामपुर फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इकाई प्रमुख संदीप अग्रवाल ने बताया कि मिल क्षेत्र में लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। अब तक करीब 250 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें सिलाई मशीनें वितरित की जा चुकी हैं, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी, उप महाप्रबंधक पी. के. प्रभात, सौरभ गुप्ता, बालेंद्र सिंह, संजय मिश्र, राज नारायण पाण्डेय, श्री प्रकाश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता का निधन, दी गयी श्रद्धांजलि

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी घनश्याम शुक्ला का रविवार को निधन हो गया। उन्होंने अपने शास्त्री नगर स्थित निजी आवास पर अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। घनश्याम शुक्ला महेवा नानकार गांव के पूर्व प्रधान रह चुके थे और जिले की राजनीति में उनका विशेष स्थान रहा। उन्हें कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में गिना जाता था। अपने सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण के कारण वे क्षेत्र में अत्यंत सम्मानित थे। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया और जरूरतमंद व गरीब लोगों की हमेशा मदद के लिए तत्पर रहे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।पूर्व ब्लॉक प्रमुख यू.पी. सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुमार उर्फ बबलू सोनी, लाल मुन्ना पांडे, सभासद वैभव सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

# 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले नियुक्ति पत्र, 6 नए केंद्रों का लोकार्पण

## चयनित अभ्यर्थियों में दिखा उत्साह, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम भी देखा गया

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में महिला एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला और जिपं अध्यक्ष आरती तिवारी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन भी प्रसारित हुआ।



कलेक्ट्रेट सभागार में आंगनबाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान करते अतिथि। ● अमृत विचार

जनपदस्तरीय कार्यक्रम में 17 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा रेहरा बाजार, गैसड़ी और उतरौला की 183 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। चयनित अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। आंगनबाड़ी व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए 1915 स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें से 15 मुख्य सेविकाओं को कार्यक्रम में वितरित किए गए। कार्यक्रम में अचकवापुर, विरदाकनिया भारी, देवरिया आदम, रतनपुर झिंगहा, देवपुरा और बनघुसरी में बने 6 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# छह मार्गों के निर्माण के लिए 2.58 करोड़ मंजूर

संवाददाता, बलरामपुर

● पालिका अध्यक्ष के प्रयासों से मिली स्वीकृति, पहली किस्त जारी



डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू पालिका अध्यक्ष।

**अमृत विचार :** नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आदर्श नगरपालिका परिषद को बड़ी सौगात मिली है। नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के प्रयासों से डूडा द्वारा नगर के छह प्रमुख मार्गों पर सीसी सड़क और नाली निर्माण के लिए 2 करोड़ 58 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें प्रथम किस्त के रूप में 73.56 लाख की धनराशि भी प्राप्त हो चुकी है, जिससे कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि योजना के तहत विभिन्न वार्डों में सड़क और जल निकासी की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

नई बस्ती, खलवा दक्षिणी, विशुनीपुर रिजर्व और तुलसी पार्क वार्ड सहित कई क्षेत्रों में सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। साथ ही कुछ स्थानों पर मरम्मत और स्लैब निर्माण भी प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नगरवासियों को बेहतर आवागमन और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं को शीघ्र शुरू कर समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, जिससे शहर के विकास को नई गति मिलेगी।

## वार्षिक उत्सव में झलकी बच्चों की प्रतिभा



वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत मेधावियों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** एसडीएमएल पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, सकरामाफी में वार्षिक उत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय के.के. दुबे की स्मृति में पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्रों ने स्वागत गीत, लोक नृत्य, नाटक और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि आमिर रिज़वी, प्रबंधक अदीबिया पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, रफी नगर, उतरौला ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया गया। प्रबंधक अभिनव दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन को सफल बनाने में डायरेक्टर सूरज सोनी, प्रधानाचार्या एरम खान और असिस्टेंट डायरेक्टर तान्या सिंह का योगदान रहा।

## मेडिकल कॉलेज संचालन की मांग तेज



अपर जिलाधिकारी न्यायिक को ज्ञापन सौंपते युगल किशोर शुक्ल व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय को आगामी शैक्षिक सत्र 2026-27 से संचालित कराने की मांग को लेकर पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट ने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बलरामपुर में स्थापित यह 300 बेड का मेडिकल कॉलेज पूरी तरह तैयार है, लेकिन संचालन शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से बलरामपुर सहित तराई क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और इलाज के लिए बाहर जाने की मजबूरी कम होगी। युगल किशोर शुक्ल ने मांग की कि जनहित को देखते हुए मेडिकल कॉलेज का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि आगामी शैक्षिक सत्र से ही छात्र-छात्राओं को मेडिकल शिक्षा का लाभ मिल सके और क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिल सके।

# पीसीएस अधिकारी बन अर्जुन ने बढ़ाया थारू समाज का मान



**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** थारू जनजाति बाहुल्य ग्राम मसहा, ग्राम पंचायत विशुनपुर विश्राम के निवासी अर्जुन कुमार थारू ने पीसीएस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। घोषित परिणाम में उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग में प्रथम स्थान और प्रदेश में 239वीं रैंक प्राप्त की है। उनका चयन असिस्टेंट कमिश्नर (कमर्शियल टैक्स) पद पर हुआ है। सीमित संसाधनों के बावजूद अर्जुन की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प ने यह साबित कर दिया कि सफलता परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं पूरे क्षेत्र और थारू समाज में गर्व की भावना है।

उनकी सफलता पर जिला पंचायत सदस्य साजिद खान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोहर लाल थारू, अक्षय कुमार, प्रेम लाल यादव, सलीम खान, गुलाम रब्बानी, जय सिंह और विनय गुप्ता सहित कई लोगों ने शुभकामनाएं दीं।

# श्रुति बनीं जिला कमांडेंट होमगार्ड



**बलरामपुर अमृत विचार :** नगर के मशहूर दंत चिकित्सक केबी तिवारी की पत्नी श्रुति शुक्ला ने यूपी पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर जिला कमांडेंट होमगार्ड बनने का गौरव हासिल किया है। श्रुति शुक्ला इससे पहले परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं। उनका सपना था कि वह पीसीएस परीक्षा पास करें। शिक्षिका पद के निर्वहन के साथ-साथ वह अपने दो बच्चों का पालन पोषण भी करते हुए परीक्षा की तैयारी की और मुकाम हासिल किया।

# जिला जज ने किया जेल का निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार परिसर के विभिन्न हिस्सों का गहन जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था, बंदीगृहों की स्थिति तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया।



जिला जेल का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

अधिकारियों ने कारागार में सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए इसे और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, निगरानी सुनिश्चित करने और सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं। शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुसार मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बंदियों के पुनर्वास से जुड़े प्रयासों को भी तेज करने के निर्देश दिए।

## विजय बहादुर श्रीवास्तव बने महामंत्री

**महदेइया बाजार, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के गुमड़ी मंडल में संगठन विस्तार के तहत नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई है। मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने विजय बहादुर श्रीवास्तव को मंडल महामंत्री मनोनीत किया है। मनोनयन की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। दिलीप, राहुल, विनोद, संजय, अरमान, सोनू और साहिल सहित कई कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी।

# दो पक्षों में मारपीट और आगजनी

मनकापुर, गोंडा

**बढ़ा विवाद**

- दोनों पक्षों की तहरीर पर 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सिसवा में खेत के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट और आगजनी के मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पहले पक्ष के कृष्ण कुमार शुक्ला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार सुबह करीब 10:30 बजे उनके मजदूर ने विपक्षी के खेत में साइकिल खड़ी कर दी, जिसको लेकर विवाद हो गया।

विपक्षी रामस्वरूप, ननकऊ, हिमांशु व छोटू ने लाठी-डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। शोर मचने पर असलहा लहराते हुए करीब 5 बीघा गन्ने की फसल में आग लगा कर जाते समय विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

दूसरे पक्ष के रामस्वरूप शुक्ला पुत्र नवरंग शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि खेत के रास्ते को लेकर विवाद हुआ था जिसमें कृष्ण कुमार शुक्ला, अजय शुक्ल, रवीन्द्र शुक्ल, शिवम शुक्ला व शिवा शुक्ला ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस मारपीट में रामस्वरूप के सिर पर गंभीर चोटें आईं।

शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी गाली-गलौज व धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर नौ लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# डंपर की चपेट में आयी बाइक, युवती की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** रेहरा बाजार क्षेत्र के मनकापुर-रेहरा बाजार मार्ग पर सोमवार दोपहर हादसे में बाइक सवार सुमित्रा देवी (25) की मौत हो गई, जबकि चालक बाल-बाल बच गया। बाइक चालक कदरी प्रसाद ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदार सुमित्रा देवी को दवा दिलाने मनकापुर ले गया था। लौटते समय उन्हें उनके घर गैड़हवा ऐलरा छोड़ने जा रहा था। इटवा के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में सुमित्रा देवी डंपर की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# पेट्रोल पंपों पर भीड़ छंटी, हालात सामान्य

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर बीते दिनों फैली अफवाहों का असर अब पूरी तरह खत्म हो गया है। क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर जहां पहले भारी भीड़ और लंबी कतारें देखने को मिल रही थीं, वहीं अब स्थिति सामान्य हो गई है। भीड़ कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली है और पंपों पर व्यवस्था पहले की तरह चल रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अफवाहों के चलते अनावश्यक घबराहट का माहौल बन गया था। बड़ी संख्या में लोग डिब्बों और वाहनों के साथ पेट्रोल भराने पहुंच रहे थे, जिससे अव्यवस्था और परेशानी बढ़ गई थी। इसका असर बाजार और दैनिक जीवन पर भी पड़ा। अब हालात सामान्य होने पर लोगों ने राहत जताई है। जानकारों ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी या अफवाहों पर विश्वास न करें। उन्होंने कहा कि सूचना की सत्यता जांचे बिना प्रतिक्रिया देने से न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक स्तर पर भी परेशानी उत्पन्न होती है।

## एनएचएम कर्मियों को दो वर्षों की वेतन वृद्धि का लाभ

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मियों को बड़ी राहत मिली है। जिला प्रशासन के निर्देश और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के प्रयासों से वर्ष 2023-24 एवं 2025-26 की वार्षिक वेतन वृद्धि सभी एनएचएम कर्मियों को प्रदान कर दी गई है। यह बढ़ी हुई वेतन राशि मार्च 2026 के वेतन में जोड़कर दी जाएगी।

## डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट का निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ईवीएम और वीवीपैट के रख-रखाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं, ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इस दौरान कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों की पुरानी बैटरियों को निकालकर वापस भेजने की प्रक्रिया भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। पूरी प्रक्रिया का अवलोकन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया, जिससे पारदर्शिता और विश्वास को और मजबूती मिली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता आरईडी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# वेतन विवाद बना हिंसा का कारण, लेखाकार पर हमला

**महिला अस्पताल**

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में वेतनवृद्धि को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को मारपीट में बदल गया। संविदा स्टाफ नर्स के पति ने अस्पताल के लेखाकार पर कार्यालय में घुसकर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वेतनवृद्धि को लेकर कुछ दिन पहले नर्स और अस्पताल प्रशासन के बीच विवाद हुआ था। इसी को लेकर नाराज स्टाफ नर्स का पति अस्पताल पहुंचा और लेखाकार राजकुमार गुप्ता के कक्ष में घुसकर उनके साथ मारपीट की। लेखाकार के हाथ में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में घटना के बाद आरोपी को कमरे से भागते देखा गया, जबकि लेखाकार भी डंडा लेकर उसके पीछे दौड़ते नजर आए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित की तहरीर पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# 572 युवाओं को मिली नौकरी

**गोंडा, अमृत विचार :** रोजगार मिशन के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री र महाविद्यालय में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की सराहना की। रोजगार मेले में 17 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 1077 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 572 का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा 10 चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर भी वितरित किए गए।

# सक्रिय भूमिका निभाएं कार्यकर्ता

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत पिपरा मंडल में प्रथम सत्र की बैठक आयोजित कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान संगठन को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीति, सिद्धांत और आगामी रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विनय प्रकाश त्रिपाठी, रमेश श्रीवास्तव, इन्द्रप्रताप सिंह, रामकृपाल शुक्ला, मंडल अध्यक्ष राम जी त्रिपाठी, सुधीर सिंह, अजय सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, 221 अभ्यर्थी सफल

**गोंडा, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026-27 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में कुल 221 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। जारी परिणाम के अनुसार कक्षा-06 में कुल 160 सीटों (80 बालक एवं 80 बालिका) के सापेक्ष 160 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। वहीं कक्षा-09 में 61 सीटों (31 बालक एवं 30 बालिका) के सापेक्ष 61 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। चयनित अभ्यर्थियों की सूची श्रेणीवार जारी की गई है, जिसमें अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी शामिल हैं। उपश्रमायुक्त ने बताया कि कक्षा-06 के चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 1 एवं 2 अप्रैल को तथा कक्षा-09 के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 4 एवं 6 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग का आयोजन अटल आवासीय विद्यालय, सिसवा, मनकापुर परिसर में प्रातः 9 बजे से अपराह्न 2 बजे तक किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय सभी आवश्यक अभिलेख मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे। अभिलेखों के सत्यापन के उपरांत ही प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर अभिलेखों में त्रुटि पाई जाती है, तो संबंधित अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

**तैयारी** अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक की गई आयोजित

# संचारी रोगों पर प्रहार को प्रशासन एकजुट, कल से विशेष अभियान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कल से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी बिपिन कुमार जैन ने करते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



संचारी रोग अभियान बैठक में मौजूद अधिकारी व चिकित्सक। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई, जलभराव की समस्या का समाधान, नियमित फॉगिंग, कूड़ा निस्तारण और जनजागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिया कि गांव और शहर दोनों क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जाए। बैठक में अभियान के सफल संचालन के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय की गईं। स्वास्थ्य विभाग को रोगों की निगरानी, नगर निकायों को सफाई व्यवस्था और शिक्षा विभाग को जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, डीएमओ राजेश पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अभियान के माध्यम से जनपद को संचारी रोगों से सुरक्षित बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



एचपीवी टीकाकरण शिविर में मौजूद सीएमओ और अन्य अधिकारी।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला संयुक्त चिकित्सालय में सोमवार को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 25 हजार किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

पत्र सं0– 2203/रा0वि0आ0–पा0नि0/नि0का0/टेण्डर/2025–26 दिनाँक: 28 मार्च, 2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं0–2202/रा0वि0आ0–पा0नि0/नि0का0/टेण्डर/2025–26 दिनाँक 28 मार्च, 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में निर्माण कार्यो हेतु नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों /फर्मो (जिनके हैसियत/चरित्र प्रमाण–पत्र निर्धारित सीमा के अन्दर के हो) को सूचित किया जाता है, कि रा0वि0आ0/पा0नि0 के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो में से रु0 5.00 लाख से कम लागत के 33 निर्माण कार्यो हेतु जी0एस0टी0 रहित ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन दिनांक 16 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 03:30 बजे तक नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली भी जायेंगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनाँक 13 अप्रैल, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेंगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध हैं।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्वजीत बने नए पुलिस अधीक्षक

**बहराइच :** प्रदेश सरकार की ओर से आज बड़े पैमाने पर आई पी एस के तबादले किए गए हैं। आज शाम जारी हुई तबादले की सूची में जनपद में पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह का तबादला कर दिया है। शासन में जिले के पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह का तबादला करते हुए उन्हें 19 वाहिनी पी ए सी गौतमबुद्ध नगर का सेना नायक बनाया है। वहीं उनके स्थान पर लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात विश्वजीत श्रीवास्तव को जनपद का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। बता दें कि राम नयन सिंह कुछ समय पहले नगर में स्थित पुलिस लाइन में कथा को गार्ड आफ ऑनर देने के बाद काफी चर्चा में आए थे। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रदेश की डी जी पी की ओर से उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा था।

### पति से कहासुनी के बाद विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**बहराइच :** नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने पति से कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लेकर अस्पताल पहुंचे जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले जगदीश ने एक माह पूर्व अपनी पुत्री श्रीलेखा का जानकी ग्राम में रहने वाले रितेश नाम के युवक के साथ धूमधाम से विवाह किया था। रविवार की देर रात किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद होने लगा, जिसके बाद श्रीलेखा ने क्षुब्ध होकर घर में रक्खा जहरीला पदार्थ खा लिया, हालात बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया, इसी दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने बताया कि पति-पत्नी में इधर कुछ दिनों से अक्सर कहासुनी हो रही थी। जिसके चलते बेटी ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### एसएसबी ने अखरोट तस्कर को दबोचा

**मिहींपुरवा (बहराइच) :** जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बलईगांव के चौकी फुटहां के निकट एसएसबी के जवानों द्वारा रात्रि गस्त के दौरान रविवार की देर रात्रि लगभग 3 बजे भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे साइकिल से बड़े-बड़े बोरे में ले आता देखा संदिग्ध मालूम पड़ने पर जवानों ने रुकने को कहा जिस पर अंधेरे का फायदा उठा कर तस्कर साइकिल व बोरे छोड़ के नेपाल सीमा के अंदर फरार हो गए। मौके पर बोरों की निगरानी करने पर 148बोरों में से 3552 किलो अखरोट निकले। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 781440 रुपए व 25 साइकिल जिसका अनुमानित मूल्य 15000 रुपए आंका गया। समान जब्ती के बाद अग्रिम कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय मिहींपुरवा को सौंप दिया गया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**जमुनहा (श्रावस्ती) :** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में जमुनहा-मल्हीपुर मार्ग स्थित कानीबोझी चौराहे के पास सोमवार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दौरान बाइक में पेट्रोल लेने जा रहा लक्ष्मनपुर कोठी के मजरा गुरहवा निवासी महेश कुमार यादव (18) पुत्र रामनिवास व दूसरा बाइक पर सवार लखीमपुर खीरी जिले के थाना शारदा नगर के हजरिया निवासी भट्ठा मजदूर रामविलास (35) पुत्र गौरी शंकर घायल हो गया। वह साप्ताहिक बाजार बनगई सब्जी लेने जा रहा था। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी मल्हीपुर लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत

## देर रात गिलौला से दुकान बंद कर बहराइच लौट रहे थे बाइक सवार, परिजनों में मचा रहा कोहराम

लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती),

**अमृत विचार।** गिलौला थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वह गिलौला में अपनी दुकान बंद कर बहराइच अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। वहीं दो मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

बहराइच के नगरौर गांव निवासी मोहम्मद हलीम (48) अपने पड़ोसी जमील के साथ विगत कई वर्ष से गिलौला कस्बे में सिलाई का काम करता था। प्रतिदिन की भांति रविवार देर रात वह दोनों दुकान बंद कर बाइक से अपने घर नगरौर लौट रहे थे। जैसे ही वह परेवपुर के पास पहुंचे तभी बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराकर ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। टक्कर तेज होने के कारण मोहम्मद हलीम व जमील गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची गिलौला पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी गिलौला पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली छोड़ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। वहीं पुलिस फरार चालकों की तलाश में जुट गई है।

**दोनों के परिजन गहरे सदमे में:** मृतक मोहम्मद हलीम के दो बेटे हैं। उसका बड़ा बेटा सावेश शादीशुदा है, जो गांव में टेलर की दुकान चलाता है। वहीं छोटा बेटा शाहिद गांव में मेडिकल स्टोर संचालित करता है। जबकि जमील की दो बेटियों की शादी हो चुकी है। उनके दो बेटे हैं, जिनमें बड़ा बेटा बेंगलुरु में मजदूरी करता है। वहीं छोटा बेटा घर पर रहकर पढ़ाई कर रहा है। जबकि दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है। इस हादसे के बाद दोनों परिवारों में गहरा सदमा लगा है।

### तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और मौजूद अन्य लोग।

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वाहन पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा है। बौंडी इलाके में स्थित सेमगढ़ा चौराहे पर सोमवार की सुबह निजी यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक पर सवार नवीन प्रताप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जय सिंह व एक अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर बौंडी पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को कब्जे लेकर दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं थाना प्रभारी बौंडी टीएन मौर्य ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**डबल डेकर बस की होकर से बैंक कर्मी गंभीर, रेफर, नानपारा( बहराइच):** थाना नानपारा अंतर्गत कुर्मीनपुरवा बाईपास पर एक डबल डेकर बस ने कार में ठोकर मार दी, जिससे कार सवाल महिला बैंक कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। नानपारा-मिहींपुरवा बाईपास पर विपरीत दिशा से आ रही डबल डेकर बस के चालक ने साइड से जबरदस्त ठोकर मार दी, जिससे गाड़ी चला रही महिला बैंक कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान नानपारा के मोहल्ला जुबली गंज स्टेशन रोड निवासी प्रीति मित्तल पत्नी तुषार अग्रवाल (30) के रूप में हुई है। महिला मिहींपुरवा में भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत है। प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह लगभग 9.30 बजे अपनी कार से ड्यूटी पर मिहींपुरवा जा रही थी, तभी नानपारा-मिहीपुरवा बाईपास चौराहे पर गल्ला मंडी नानपारा से रुपैईडीहा जा रही आरएस यादव की डबल डेकर बस के चालक ने साइड से जबरदस्त ठोकर मार दी, जिसमें प्रीति अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत ज्यादा गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच बस को कब्जे में ले लिया गया है।

# दिमागी बुखार, डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति लोगों को करें जागरूक

संवाददाता, बहराइच

- संचारी रोग नियंत्रण को लेकर एसडीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** तहसील नानपारा अन्तर्गत शासन के निर्देश पर 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के संचालन हेतु तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में तहसील टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान एसडीएम श्री जौहरी ने पंचायत विभाग व नगर निकाय को निर्देश दिया कि अभियान अवधि में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान संचालित कर नाली-नालों की साफ-सफाई के साथ-साथ सड़कों एवं नालों के आस-पास उगी झाड़ियों की कटाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि साफ-सफाई के अतिरिक्त एंटीलार्वा का छिड़काव कराने, हैंडपम्पों एवं उनके चबूतरों की मरम्मत, हाई रिस्क क्षेत्रों में फागिंग कराये तथा लोगों को स्वच्छता विशेषकर ग्राम स्तर पर आमजन को शौचालय का उपयोग करने हेतु जागरूक भी किया जाए।



बैठक करतीं उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी व मौजूद अन्य लोग।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समुदाय में घर-घर जाकर आमजन को दिमागी बुखार, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के बारे में जागरूक करें तथा लक्षण युक्त व्यक्तियों को नज़दीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इलाज के लिए ले जाये। इस आवसर पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा डॉ. चन्द्रभान, बलहा के डॉ. निखिल सिंह, चरदा के डॉ. महेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार बन शुभम ने नाम किया रोशन

पयागपुर (बहराइच)

- उपलब्धि पर परिवार व पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित पीसीएस-2024 के परीक्षा परिणाम में जनपद के पयागपुर क्षेत्र के एक छोटे से गांव मधनगरा के शुभम ने बड़ी सफलता हासिल की है। शुभम का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार में बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

होनहार शुभम की सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा गांव के ही परिवेश से शुरू की। अपनी मेधा के दम पर उन्होंने आगे का रास्ता तय किया। उन्होंने स्नातक इलाहाबाद विश्वविद्यालय परास्नातक व एमफिल दिल्ली विश्वविद्यालय तथा पीएचडी वर्तमान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शोध कार्य जारी है। अपनी सफलता का मूल मंत्र साझा करते हुए शुभम ने बताया कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने अपनी कामयाबी का पूरा श्रेय अपने परिवार के सहयोग और बुजुर्गों के आशीर्वाद को दिया।



शुभम।

क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों का कहना है कि शुभम की सफलता से गांव के अन्य युवाओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नई ऊर्जा मिलेगी शुभम के चयन की खबर जैसे ही गांव पहुंची, खुशियां मनाने का दौर शुरू हो गया। बड़े पिता परमेश्वर सिंह, चाचा रामपाल, बड़े भाई अजीत सिंह और छोटे भाई छोटू सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर प्रसन्नता जाहिर की। सभी ने शुभम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया है।

### अविनाश ने यूपीपीएससी में 11वीं रैंक हासिल कर रच दिया इतिहास



अविनाश पांडेय।

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** जनपद बहराइच के विकास खण्ड विशेश्वरगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ानिजाम निवासी अविनाश पाण्डेय ने अपनी मेहनत, लगन और अटूट आत्मविश्वास के बल पर ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिसने पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल कर उन्होंने असिस्टेंट कमिश्नर (इंडस्ट्रीज) के पद पर चयनित होकर सफलता का नया इतिहास रच दिया है। उनकी इस उपलब्धि की खबर मिलते ही गांव से लेकर शहर तक खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने मिठाइयां बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार किया। अविनाश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बहराइच के बैरोज ब्लूबेल्स स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने लखनऊ में उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी की और पंजाब यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी .टेक की डिग्री हासिल की। स्नातक के बाद उन्होंने पंजाब के बठिंडा में हिंदुस्तान पेट्रोलियम में 18 माह तक कार्य करते हुए पेशेवर अनुभव अर्जित किया। लेकिन उनके भीतर देशसेवा का सपना जिंदा रहा। कोविड-19 के बाद वर्ष 2022 में उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी शुरू की। बता दें कि वर्ष 2023 में उन्होंने यूपीएससी की ईपीएफओ परीक्षा पास कर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत अकाउंट्स ऑफिसर के पद पर अपनी सेवाएं शुरू कीं। इसके बाद भी उन्होंने अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा और यूपीपीएससी में 11वीं रैंक हासिल कर एक और बड़ी सफलता अपने नाम कर ली। अविनाश अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपने पिता ओम प्रकाश पाण्डेय, पत्नी शिप्रा पाण्डेय और शिक्षिका स्नेहलता बैरो को देते हैं। उनका कहना है कि इनके सहयोग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था।

### खेत में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**श्रावस्ती।** बैरागीजोत निवासी एक युवक का शव सोमवार खेत में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची भिनगा पुलिस ने पंचनामा भराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरागीजोत निवासी शंकर लाल (18) पुत्र राम कुमार का शव सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों गांव के बाहर खेत में पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटका मिला। सुबह खेत गए लोगों की नजर लटकते शव पर पड़ी। जिन्होंने परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजनों की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में ले लिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। वहीं युवक की मौत के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुति से मोह लिया मन

**पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार।** संविलियन विद्यालय महेन्द्रनगर में सोमवार को बच्चों को समारोह पूर्वक अंकपत्र वितरण किया गया।इस अवसर पर आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष हंस राज यादव ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा 7 के बच्चों द्वारा बड़े ही मनमोहक ढंग से मां वीणा वादिनी की वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इसी क्रम में बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं भक्तिगीत पर नृत्य, नाटक अन्त्याक्षरी, डांडिया नृत्य ,दहेज प्रथा, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर सभी अभिभावक गण मुख्य अतिथि तथा स्टॉफ के सभी सदस्यों ने खूब सराहा एवं तालियों के गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद अध्यक्ष द्वारा बच्चों को अंकपत्र वितरण किया गया। उपहार मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक आलोक कुमार शुक्ल के द्वारा किया गया।इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष हंसराज यादव, प्रधानाध्यापिका सुनीता रानी मंडल, सहायक शिक्षिका दिव्या, रिंकी वर्मा राम नरायन यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती रीना देवी, सहायिका पार्वती देवी, रसोइया सहित सभी शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### घर के बाहर युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**जरवल रोड (बहराइच)।** थाना क्षेत्र जरवल रोड के ग्राम मनेहरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम मनेहरा निवासी तौफीक पुत्र सद्दीक ने बताया की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही निहाल पुत्र नियाज वहां पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर निहाल अपने साथियों—सारूप, सज्जन व खालिद के साथ मिलकर तौफीक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे तौफीक के भाई गुड्डू को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही आरोपियों ने धमकी दी कि यदि दोबारा कुछ कहा तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने थाना जरवल रोड में मुकदमा दर्ज कराया है।

### बंदियों को सभी सरकारी सुविधाएं मुहैया कराएं

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित को जेल में निरुद्ध बंदियों को सभी सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश धर दूबे, डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व एसपी राहुल भाटी सोमवार को जिला कारागार श्रावस्ती का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने जेल में बन्द कैदियों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। जेल अधीक्षक को सरकार की ओर से दी जा रही सभी सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान्न, महिला बैरक, पुरुष बैरक, किशोर बैरक व अस्पताल का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से उनकी समस्याएं सुनी तथा उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने कारागार परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने व बंदियों के स्वास्थ्य का नियमित परीक्षण कराने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत यादव, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### एएसपी ने गिलौला थाने का किया निरीक्षण

**लेंगड़ी गूलर( श्रावस्ती), अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने रविवार शाम थाना गिलौला का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों का निरीक्षण कर उनके रखरखाव की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने विभिन्न रजिस्टरों जैसे रजिस्टर नंबर-8, अपराध रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, बीपीओ रजिस्टर, शस्त्र सत्यापन रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, प्रार्थना पत्र एवं न्यायालय आर्डर बुक सहित विभिन्न अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। त्योहार रजिस्टर की जांच किया। साथ ही थाना परिसर, सीसीटीएनएस कार्यालय, साइबर हेल्प डेस्क की जांच की। वहीं मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियो से उनके कार्यो के बारे में जानकारी लेते हुए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



गिलौला थाने का निरीक्षण करते एएसपी।

### बड़े भाई पर किया जानलेवा हमला, गंभीर

**जरवलरोड (बहराइच)।** थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम सभा करमुल्लापुर के मजरा अबुल्लापुर में रविवार देर रात एक छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई पर चाकू और लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसकी हालत गंभीर है। पीड़ित अबुल्लापुर निवासी गौरव वर्मा उर्फ रजत पुत्र राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार रात करीब एक बजे उसका छोटा भाई हर्षवर्धन वर्मा उर्फ हरशू उसे आवारा जानवरों को भगाने के बहाने गांव के बाहर खेत में ले गया। जहां शौच का बहाना बनाकर वह पीछे हट गया तथा पीछे से आकर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। जब घायल गौरव अपनी जान बचाकर भागने लगा, तो आरोपी ने लाठी से भी उस पर हमला किया। घटना के बाद चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी भाई अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुका था। घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# आपदा मित्रों को हीटवेव, अग्निकांड व बाढ़ के लिए किया गया तैयार

संवाददाता, श्रावस्ती

**आयोजन**

- प्रशिक्षित आपदा मित्रों की रिफ्रेशमेंट ट्रेनिंग संपन्न

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें जिले के प्रशिक्षित आपदा मित्रों को रिफ्रेशमेंट ट्रेनिंग दिलाया गया।

डीएम ने कहा कि रिफ्रेशमेंट ट्रेनिंग का उद्देश्य पूर्व प्रशिक्षित आपदा मित्रों को पुनः प्रशिक्षित कर आगामी अग्निकांड, हीटवेव, डूबकर होने वाली मृत्यु एवं बाढ़ के प्रति तैयार करना है। सभी प्रशिक्षित आपदा मित्र क्षेत्र में जाकर आमजन को जागरूक करेंगे, ताकि जिले में होने वाली आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके। एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि रिफ्रेशमेंट ट्रेनिंग के माध्यम से सभी प्रशिक्षित आपदा मित्रों का विभिन्न विषयों पर पुनः प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे उनकी दक्षता में वृद्धि होगी। इस दौरान डॉ अश्विनी कुमार मिश्र ने प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया। अग्निकांड से बचाव के लिए अग्निशमन विभाग, बाढ़ एवं डूबकर होने वाली मृत्यु के संबंध में पेशकार यादव ने आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया। अभियान के दौरान आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र, विवेक श्रीवास्तव, शिवकुमार मिश्र सहित काफी संख्या मे आपदा मित्र आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली तार चोरी गिरोह का भंडाफोड़

गिलौला(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** गिलौला पुलिस ने रविवार बिजली तार चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस ने 125 किलोग्राम बिजली का तार, उपकरण, मोबाइल, पिकअप व नगदी बरामद किया है।

विद्युत उपकेंद्र सीताद्वार के अवर अभियन्ता अनय कुमार साहनी ने शुक्रवार को गिलौला थाने में बिजली का तार चोरी होने का केस दर्ज कराया था। रविवार को थानाध्यक्ष गिलौला आशीष कुमार ने पुलिस टीम के साथ परेवपुर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने बौद्ध परिपथ के किनारे खेत में बिजली तार चोरी करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया। वही ऐक अन्य आरोपी को बाद में पिकअप सहित पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से तीन बंडल एल्युमिनियम बिजली का तार, एक तार कटर, एक रस्सी, पांच एंड्रायड फोन, एक की-पैड मोबाइल व 450 नगदी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बहराइच के कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम शुकुलपुरवा सिटकहना निवासी संतोष कुमार तिवारी पुत्र रामछवि तिवारी, आलोक कुमार पुत्र श्याम मनोहर, ककरा नेवादा के माजरा कैनीचक निवासी शिवपूजन पुत्र लक्ष्मण आर्या, कौशल शर्मा पुत्र शोभाराम शर्मा, विपिन आर्या पुत्र हरिराम आर्या व बस्ती जिले के थाना परशुरामपुर के ग्राम गोपीनाथपुर के मजरा भटिनिया निवासी कमलेश कुमार चतुर्वेदी पुत्र घनश्याम चतुर्वेदी के रूप में हुई है। पुलिस ने पिकअप को सीज करते हुए आरोपियों को जेल भेजा है।



गिलौला पुलिस की गिरफ्त में बिजली तार चोरी के आरोपी। अमृत विचार

**कार्रवाई**

- 125 किलोग्राम बिजली तार उपकरण, मोबाइल, पिकअप व नकदी समेत छह गिरफ्तार

**आयोजन**

तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण

# नवनियुक्त 13 आंगनबाड़ी व 339 सहायिकाओं को मिला नियुक्ति पत्र

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र व स्मार्टफोन वितरित किया। इसका कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में लाइव प्रसारण हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जिले की 13 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व 339 सहायिका को डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय, सीडीओ शाहिद अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील तिवारी व एसडीएम रवेन्द्र कुमार ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकास खण्ड गिलौला के आंगनवाड़ी केन्द्र विशुनापुर, कोटमुबारकपुर व लखना का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण भी किया। डीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका केवल पोषण और शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के स्वास्थ्य, शिक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में एक मजबूत आधारशिला है। उनकी सेवाओं से न केवल कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी, बल्कि बच्चों की शुरुआती शिक्षा भी सुदृढ़ होगी। आपसे अपेक्षा है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी ने किया। इस दौरान डीपीओ पीके दास, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा सहायिकाएं मौजूद रहीं।



आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र देते डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारी।

### फाइलेरिया के एक दर्जन से अधिक मरीजों को हुआ एमएमडीपी किट का वितरण

**पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार।** पयागपुर राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हाथीपांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बहराइच जनपद अंतर्गत पयागपुर सीएचसी पर 15 हाथीपांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इसके साथ ही फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार एवं डीसी पाथ अभिषेक जायसवाल के द्वारा सेल्फ केयर के बारे में जानकारी दी गयी। मरीजों को एमएमडीपी किट के माध्यम से टब, टॉवल, साबुन, तौलिया जैसी महत्वपूर्ण सामग्री दी जा रही है। जिससे की फाइलेरिया पीड़ित मरीज एमएमडीपी किट से खुद को स्वच्छ रख अपना बचाव कर सकें। वहीं इस बीमारी से दिव्यांग हुए मरीजों को चिह्नित कर उनका ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य है कि फाइलेरिया से दीर्घकालिक रूप से प्रभावित मरीजों को सरकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा लाभ का पूरा हक मिल सके, अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है। तो उसे भी संक्रमित कर देता है, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इस दौरान कार्यशाला का संचालन बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल द्वारा किया गया पर्यवेक्षक पवन कुमार सहित आशाएं एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।



मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित करते अधिकारी।

अमृत विचार
मंगलवार, 31 मार्च 2026

# घर में घिरे ट्रंप

अमेरिकी जनता में उभरता व्यापक जन-असंतोष मात्र सत्ता से नीतिगत मतभेद ही नहीं, बल्कि शासन-शैली और संस्थागत संतुलन पर गहरे सवालों का संकेत है। अमेरिका में 'नो किंग्स मूवमेंट' के तहत डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध जिस प्रकार देशव्यापी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि लोकतांत्रिक समाजों में जनता केवल मतदाता नहीं, बल्कि सतत निगरानी करने वाली शक्ति भी है। इन प्रदर्शनों का दायरा केवल युद्ध नीतियों तक सीमित नहीं। संघीय इमिग्रेशन कानूनों की कठोरता, बढ़ती महंगाई और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर जनता की मुखरता ने ट्रंप के लिए नया मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी जनता के एक वर्ग में यह धारणा मजबूत हुई है कि सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और कार्यपालिका, विशेषकर राष्ट्रपति, अपनी शक्तियों का विस्तार असाधारण रूप से कर रहे हैं। ट्रंप द्वारा एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का व्यापक उपयोग, राज्यों की आपत्तियों के बावजूद नेशनल गार्ड की तैनाती और कथित राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच या मुकदमे चलाने के संकेत, इन सबने इस असंतोष को हवा दी है। आलोचकों का आरोप है कि यह प्रवृत्ति अमेरिकी लोकतंत्र की संस्थागत परंपराओं के विपरीत है। ट्रंप स्वयं को 'राजा न होने और 'राष्ट्रहित में निर्णायक नेतृत्व' देने की बात भले ही कहते रहें, पर लोकतंत्र में केवल दावों से नहीं, बल्कि संस्थागत आचरण से विश्वास बनता है। व्हाइट हाउस द्वारा इन विरोध प्रदर्शनों को 'ट्रंप डिरेंजमेंट थेरेपी' कहकर खारिज करना भी चिंताजनक है। यह न केवल असहमति का सामान्यीकरण है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करने वाला दृष्टिकोण भी है। इतिहास बताता है कि जनमत को नज़रअंदाज़ करने की कीमत राजनीतिक रूप से चुकानी पड़ती है, विशेषकर तब, जब मिडटर्म चुनाव नजदीक हों। यदि ये प्रदर्शन व्यापक और लगातार बने रहते हैं, तो ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग पर नकारात्मक असर पड़ना तय है और इससे चुनावी परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं। तमाम शहरों में जनता का सड़कों पर उतरना यह दर्शाता है कि युद्ध की कीमत समाज को भी चुकानी पड़ती है। लंदन सहित यूरोप के अन्य हिस्सों में भी अमेरिका-इजराइल की नीतियों के खिलाफ आवाज उठ रही है, जो वैश्विक जनमत के बदलते स्वरूप का संकेत है। ये विरोध युद्ध को प्रत्यक्ष तो नहीं रोक सकते हैं, परंतु वे राजनीतिक नेतृत्व पर दबाव अवश्य बनाते हैं। लोकतंत्रों में जनमत दीर्घकालिक नीति-निर्माण को प्रभावित करता है और यही इन आंदोलनों की वास्तविक शक्ति है। भारत के लिए इसमें महत्वपूर्ण सीख छिपी है। पहली, लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना उसकी मजबूती का संकेत है, कमजोरी का नहीं। दूसरी, विदेश नीति में संतुलन न तो अंध समर्थन, न ही अनावश्यक विरोध- पारंपरिक 'रणनीतिक स्वायत्तता' का आधार होना चाहिए। तीसरी, आंतरिक रूप से यह सुनिश्चित करना कि विकास, सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संतुलन बना रहे।

अमेरिका में उठती ये आवाजें हमें याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, जवाबदेही और जनविश्वास से संचालित होता है। भारत को इस वैश्विक परिघटना से सीखते हुए अपने पहले ही सुदृढ़ लोकतांत्रिक मूल्यों को और प्रबलित करना चाहिए।

## प्रसंगवश

# भगवान महावीर: सत्य, तप व संयम की शाश्वत संहिता

प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। महावीर जयंती इस वर्ष 31 मार्च को मनाई जा रही है। भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्मः' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे, भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है।

भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नर्क व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते, बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है, या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है।

उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान् व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)



लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।
–जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री

# 'नो किंग्स' से गूंजा लोकतंत्र का वैश्विक संदेश






राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उभरता जनाक्रोश अब केवल राजनीतिक असहमति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत संतुलन और नागरिक चेतना की व्यापक अभिव्यक्ति बन चुका है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के लगभग 50 शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, वहीं यूरोप और ऑस्ट्रेलिया सहित 12 देशों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की। 3300 से अधिक स्थानों पर विरोध और 80 से अधिक विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि यह आंदोलन अब वैश्विक स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

इस व्यापक विरोध के केंद्र में केवल ट्रंप की नीतियां ही नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्रीकरण के प्रति बढ़ती चिंता भी है। इसी संदर्भ में नो किंग्स प्रोटेस्ट का उभार विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह आंदोलन इस विचार के खिलाफ है कि कोई भी नेता लोकतांत्रिक ढांचे में निरंकुश या राजा की तरह व्यवहार करे। नो किंग्स का संदेश स्पष्ट है, लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता जनता के पास होती है, न कि किसी एक व्यक्ति के हाथों में।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अपनाई गई नीतियों, जैसे- सख्त आव्रजन नीति, नस्लीय मुद्दों पर विवादित टिप्पणियां और मीडिया व न्यायपालिका के साथ टकराव ने अमेरिकी समाज को गहरे स्तर पर विभाजित किया। उनके समर्थक, जहां उन्हें एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में देखते हैं, वहीं आलोचक उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा मानते हैं। यही विभाजन आज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। नॉट माई प्रेसिडेंट और नो किंग्स जैसे नारों का उभार यह दर्शाता है कि एक बड़ा वर्ग सत्ता के प्रति असहमति को खुलकर व्यक्त कर रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर यह असहमति की स्वतंत्रता को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह प्रतिनिधित्व के संकट की ओर भी संकेत करती है। जब नागरिक अपने ही निर्वाचित नेता को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, तो यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं। अमेरिका का इतिहास नागरिक अधिकार आंदोलनों, युद्ध विरोधी अभियानों और सामाजिक न्याय के संघर्षों से भरा रहा है। नो किंग्स आंदोलन उसी परंपरा का आधुनिक संस्करण है, जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत बनी रहें। इस आंदोलन में युवाओं और शिक्षित वर्ग की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय परिसरों में हुए प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि नई पीढ़ी राजनीतिक रूप से जागरूक है और वह सत्ता से जवाबदेही की मांग कर रही है। डिजिटल युग ने इस आंदोलन को और गति दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों का तेजी से प्रसार हो रहा है, जिससे आंदोलन की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस विरोध के गहरे निहितार्थ हैं। अमेरिका को लंबे समय से लोकतंत्र का आदर्श माना जाता रहा है, ऐसे में वहां इस तरह के व्यापक विरोध-प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि लोकतंत्र एक सतत् प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता होती है।

अब यदि इस पूरे घटनाक्रम को भारत के संदर्भ में देखा जाए, तो कई महत्वपूर्ण समानताएं और सीख सामने आती हैं। भारत भी एक विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहां समय-समय पर नागरिक अपनी असहमति व्यक्त करते रहे हैं। चाहे वह नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हों, किसान आंदोलन हो, या अन्य सामाजिक राजनीतिक मुद्दे, भारतीय समाज ने भी लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी आवाज उठाई है।

भारत में भी अक्सर यह बहस होती है कि क्या सत्ता का केंद्रीकरण लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अमेरिका का नो किंग्स आंदोलन भारतीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि लोकतंत्र में संस्थाओं की स्वतंत्रता, मीडिया की निष्पक्षता और न्यायपालिका की स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। यदि ये संतुलन बिगड़ता है, तो नागरिकों का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

भारत और अमेरिका की परिस्थितियां पूरी तरह समान नहीं हैं। भारत की सामाजिक संरचना, राजनीतिक इतिहास और सांस्कृतिक विविधता अलग है। फिर भी, दोनों देशों में एक समान तत्व यह है कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब जनता जागरूक होती है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहती है, तभी लोकतंत्र जीवंत बना रहता है। यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन की सफलता उसकी प्रकृति पर निर्भर करती है। अमेरिका में हुए अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि नागरिक अपने अधिकारों का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण सीख है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक बनाए रखना आवश्यक है, ताकि वे व्यापक समर्थन प्राप्त कर सकें और सकारात्मक बदलाव ला सकें।

ट्रंप के खिलाफ यह आक्रोश केवल एक व्यक्ति के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा के खिलाफ है, जो लोकतंत्र को कमजोर कर सकती है। नो किंग्स आंदोलन इस बात का प्रतीक है कि नागरिक किसी भी प्रकार के निरंकुश व्यवहार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत सहित पूरी दुनिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है। जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरते हैं, तभी लोकतंत्र जीवंत और प्रभावी बना रहता है। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निष्कर्ष है।

**अमेरिका के दर्जनों शहरों में 'नो किंग्स' आंदोलन हो रहे हैं। यह भारत सहित पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है।**

## आमने सामने



ममता दीदी हमेशा पीड़ित होने का नाटक करके राजनीति खेलती हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी वो सिर पर पट्टी बांधे नजर आती हैं। कभी-कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और अब वह (चुनाव) आयोग के सामने खुद को असहाय बता रही हैं और उसकी झूठी आलोचना कर रही हैं।
–अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

वे कहते हैं कि मैं चुनाव के समय पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं कई बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट देखिए। क्या आपने साल 2021 के चुनाव में जानबूझकर मेरे पैर को चोट पहुंचाई थी? मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर प्रचार किया।
–ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



# उत्तर भारत की जल सुरक्षा पर मंडराता संकट



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कश्मीर की वादियों में मार्च का महीना आमतौर पर बर्फ के पिघलने और नदियों के उफनते वेग का प्रतीक होता है, लेकिन साल 2026 के मार्च का पहला सप्ताह एक ऐसी खामोशी लेकर आया है, जिसने पर्यावरणविदों और नीति-निर्धारकों की नींद उड़ा दी है। झेलम नदी, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति की संवाहिका रही है, उसका प्रवाह अचानक थम सा गया है। श्रीनगर के बीचों-बीच सूखी गाद और उभरते पत्थरों का दृश्य केवल एक स्थानीय भौगोलिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह समूचे उत्तर भारत की जल व्यवस्था के लिए एक खतरे की घंटी है। इस संकट की जड़ें जितनी गहरी हैं, इसके परिणाम उतने ही व्यापक और विनाशकारी हो सकते हैं।

झेलम का उद्गम कश्मीर घाटी के ऊपरी हिस्से में स्थित बेरीनाग से है और यह लीदर घाटी की बर्फ से जल धारा प्राप्त करती है। वूलर झील में मिलने के पूर्व श्रीनगर के बाद इसमें सिंधु नदी मिलती है। बारामूला के नीचे झेलम कश्मीर घाटी को छोड़कर तेज गति से आगे बढ़ती है और गहरी घाटी बनाती हुई पश्चिम की ओर होती हुई मुजफ्फराबाद पहुंचती है, जहां दाईं ओर से आकर किशनगंगा मिलती है। इसके बाद नदी दक्षिण की ओर कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा-रेखा बनाती हुई बहती है और झेलम शहर के उत्तर-पूर्व में पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यहां से 322 किमी आगे बहने के बाद तिरमू के पास यह चेनाब में मिल जाती है। स्पष्ट है झेलम पर दोनों देशों के लाखों लोगों की उम्मीदें रहती हैं– खेत के लिए, पेयजल और बिजली परियोजनाओं के लिए। मार्च के तीसरे हफ्ते में कुछ बरसात और बर्फबारी हुई है, लेकिन नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। झेलम सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं। झेलम जैसी नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं और जब पहाड़ों का 'वाटर बैंक' ही खाली हो, तो मैदानों में प्रवाह की उम्मीद बेमानी हो जाती है, लेकिन संकट केवल नदी के सूखने तक सीमित नहीं है; इसका भयावह असर कश्मीर की पहचान मानी जाने वाली डल झील पर भी दिखने लगा है। झेलम में कम होते प्रवाह और पानी की गति थमने के कारण डल झील के बड़े हिस्से अचानक गहरे हरे रंग में तब्दील हो गए हैं। स्थानीय निवासी, जो दशकों से इस झील के किनारे रह रहे हैं, बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवन में डल का ऐसा रूप पहले कभी नहीं देखा। विशेषज्ञों के अनुसार, जब नदी का इनफ्लो (आवक) कम हो जाता है और पानी स्थिर रहने लगता है, तो पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) का जमाव बढ़ जाता है, जिससे पानी की सतह पर इस तरह के बदलाव दिखाई देते हैं।

इस सूखे का तात्कालिक कारण सर्दियों के दौरान हिमालयी क्षेत्र में वर्षा और हिमपात की भारी कमी है। कश्मीर की नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं। जब सर्दियों के 'चिल्लई कलां' जैसे कठिन समय में पहाड़ों पर बर्फ की परतें नहीं जमीं, तो बसंत के आगमन पर नदियों को मिलने वाला प्राकृतिक भंडार खाली रह गया। यह 'हिम-ऋण' अब झेलम के सूखे तल के रूप में हमारे सामने है। झेलम का सूखना केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के चरमराने का संकेत है। इसका सबसे पहला और सीधा प्रहार कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। झेलम घाटी के धान के खेत और दक्षिण कश्मीर के विश्व प्रसिद्ध फलों के बागान इसी नदी के जल पर आश्रित हैं। मार्च और अप्रैल का समय बुवाई और सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस समय जल का प्रवाह न्यूनतम रहा, तो इसका असर न केवल उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि भविष्य की फसल सुरक्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। कृषि के बाद, ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा है। भारत की कई महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं झेलम के बहाव पर टिकी हैं। नदी का स्तर गिरने से बिजली उत्पादन ठप हो सकता है, जिससे पूरे उत्तरी ग्रिड पर दबाव बढ़ेगा और हमें वैकल्पिक, प्रदूषित ऊर्जा स्रोतों की ओर मुड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। जल कूटनीति के नजरिए से भी यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत झेलम के पानी का एक बड़ा हिस्सा सीमा पार जाता है, जबकि भारत के पास इसके सीमित उपयोग के अधिकार हैं। जब प्रकृति की ओर से ही पानी की आवक कम होगी, तो दोनों देशों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर तनाव बढ़ना लाजिमी है। ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नई चुनौतियां पेश करेंगी। शहरी जल जीवन और जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झेलम का धीमा पड़ता वेग वुलर और डल जैसी विशाल झीलों और आर्द्रभूमियों के अस्तित्व को संकट में डाल रहा है। प्रवासी पक्षियों के आवास और जलीय जीवों का विनाश इस त्रासदी का वह मौन अध्याय है, जिसे अक्सर विकास की फाइलों में जगह नहीं मिलती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

**झेलम नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। इसके सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं।**

## सोशल फोरम

# पुरुष का मन

पुरुष के भीतर एक ऐसी जगह होती है, जहां वह खुद भी आसानी से नहीं पहुंच पाता। बाहर की दुनिया में वह चलता-फिरता, बोलता-बतियाता, फैसले लेता हुआ दिखाई देता है, लेकिन भीतर कहीं एक शांत, गोल-सी जगह होती है, जहां उसके अपने नियम चलते हैं। उस जगह में प्रवेश करना ऐसा होता है, जैसे किसी बंद कमरे में कदम रखना, जहां हर हरकत का अपना अर्थ होता है।



आरके आंद रश
कारोबारी

पुरुष का मन अक्सर बाहर से कठोर दिखता है, लेकिन भीतर वह एक अनुशासन चाहता है। यह अनुशासन किसी डर से नहीं बनता, बल्कि इसलिए बनता है कि भीतर की शांति टूट न जाए। जब आदमी अपने भीतर उतरता है, तो उसे महसूस होता है कि वहां हर दिशा, हर कदम का महत्व है। अगर वह जल्दी-जल्दी भागेगा, अगर वह बिना सोचे किसी भी भावना के बीच से गुज़र जाएगा, तो भीतर की व्यवस्था बिगड़ जाती है।

मन के भीतर भी एक 'आग' होती है। यह आग क्रोध की नहीं होती, बल्कि चेतना की होती है। यही वह जगह है, जहां आदमी अपनी बात खुद से कहता है, जहां उसके संदेह, पछतावे, उम्मीदें और प्रार्थनाएं एक साथ बैठती हैं। इस आग के साथ एक रिश्ता बनाना पड़ता है। अगर आदमी इसे अनदेखा करता है, अगर वह इसमें हर तरह का कचरा छोटी-छोटी शिकायतें, दूसरों की नकल, या बेकार की तुलना डालने लगता है, तो धीरे-धीरे यह आग धुंधली पड़ जाती है।

बहुत से पुरुष बाहर की दुनिया में तो मजबूत दिखते हैं, लेकिन जब वे अपने भीतर बैठते हैं तो उन्हें एहसास होता है कि बैठना भी एक अभ्यास है। शरीर की तरह मन को भी एक मुद्रा चाहिए। जब आदमी थोड़ी देर शांत बैठता है, अपनी पीठ सीधी रखता है, अपने विचारों को भागने नहीं देता, तभी भीतर की आवाज़ धीरे-धीरे साफ़ सुनाई देने लगती है। अगर वह बेचैन होकर हर पल उठने-बैठने लगे, तो वह आवाज़ खो जाती है।

पुरुष का मन एक बंद जगह की तरह भी होता है। उसमें हर कोई, हर विचार, हर भावना बिना इजाज़त नहीं आ सकती, लेकिन अक्सर पुरुष खुद ही इस नियम को भूल जाता है। वह हर आलोचना को भीतर आने देता है, हर तुलना को जगह दे देता है, हर डर को अपने कमरे में बैठा लेता है। धीरे-धीरे उसका मन भीड़ से भर जाता है। फिर उसे समझ नहीं आता कि उसकी अपनी आवाज़ कौन-सी है। **–फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# बराबरी है तो जमीन पर भी नजर आनी चाहिए

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुंच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएं बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय 'साल्ट' के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयां केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका


शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है। एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहां कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहां हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएं, संस्कृतियां और स्थानीय आवश्यकताएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए एक 'कॉमन कोर' के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊंची फीस- ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निःशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।





# ऋषियों की तपोभूमि चंदौली है प्राचीन काशी

पूर्वी उत्तर प्रदेश की पावन भूमि पर स्थित चंदौली जनपद को सामान्यत: आधुनिक प्रशासनिक इकाई के रूप में देखा जाता है, किंतु इतिहास, पुरातत्व और आध्यात्मिक परंपराओं की दृष्टि से यह क्षेत्र प्राचीन काशी परंपरा का अविभाज्य अंग रहा है। काशी केवल वर्तमान वाराणसी तक सीमित नहीं रही, अपितु प्राचीन काल में इसका सांस्कृतिक-धार्मिक विस्तार चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर तक फैला हुआ था। मां गंगा ने संगम नगरी प्रयागराज के पश्चात विन्ध्य पर्वत को छूते हुए वाराणसी के दक्षिण दिशा से बाबा विश्वनाथ मंदिर वाले भाग काशी को अपनी गोद में लिया, तो तपस्थली वाले भाग प्राचीन काशी चंदौली को भी गाजीपुर के पूर्व ही उत्तर दिशा से काशी के दोनों संपूर्ण भाग को सामान्य रूप से गौरवान्वित किया है। प्राचीन काशी चंदौली के भौगोलिक मानचित्र पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के रसूलपुर से वैराठ तक आज भी विद्यमान है। इसकी महत्ता पौराणिक ग्रंथों में विधिवत वर्णित है। यहां ऋषियों की तपोभूमि, शिव-शक्ति उपासना और वैदिक संस्कृति की सशक्त छाप आज भी विद्यमान है। चंदौली का नाम चंद्रसाह नामक बरहौलिया राजपूत के नाम पर बताया जाता है, जिन्होंने यहां एक किला बनवाया था।



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

## नगर की प्राचीनता

यह पूरा जिला काशी राज्य के अधिकार में था। इस जिले से संबंधित अनेक कथाओं के अतिरिक्त यहां प्राचीनकाल की मूल्यवान धरोहरों के प्रमाण पाए गए हैं। ईंट आदि के अवशेष जहां-तहां बिखरे पड़े हैं, अनेक तालाब और कुंड हैं। एक बहुत प्राचीन क्षेत्र बलुआ है, जो सकलडीहा तहसील से 22 किलोमीटर दक्षिण गंगा नदी के तट पर स्थित है। यहां हिंदुओं का एक धार्मिक मेला हर वर्ष माघ महीने में मौनी अमावस्या के दिन लगता है। यह पश्चिम वाहिनी मेला के नाम से जाना जाता है। सकलडीहा तहसील का गांव एक महान अघोरेश्वर संत कीनाराम की जन्मभूमि है। वे वैष्णव धर्म के अनुयायी थे, इनका शिव और शक्ति में गहरा विश्वास था। हेतमपुर गांव एक प्राचीन स्थान है, यहां एक किला है, जिसे 'हेतमपुर किला' कहा जाता है। कहा जाता है कि इसको 14 वीं-15 वीं शताब्दी के बीच राजा टोडरमल के द्वारा निर्मित कराया गया था,जो शेरशाह सूरी के राज्य में निर्माण पर्यवेक्षक थे। मुगलकाल के बाद जागीरदार हेतमखां ने इस पर कब्जा कर लिया। चंदौली के राजदरी, देवदरी, चन्द्रप्रभा क्षेत्र तथा आसपास की पहाड़ियों में शैलचित्र, पत्थर के औजार और गुफाएं मिली हैं। ये प्रमाण बताते हैं कि यहां आदिम मानव निवास करता था और यह क्षेत्र जीवन, साधना और प्रकृति-पूजा का केंद्र था। चंदौली का चौसठी देवी क्षेत्र, चन्द्रप्रभा वन्य क्षेत्र और आसपास के स्थल बौद्ध काल में भी महत्वपूर्ण रहे। समीप स्थित सारनाथ से इसका सीधा सांस्कृतिक संबंध रहा। बौद्ध भिक्षु ध्यान और साधना हेतु इन वनों में निवास करते थे।





## मोक्षदायिनी नगरी

'काश्यां मरणान्मुक्तिः' काशी की यह आध्यात्मिक ऊर्जा केवल एक नगर तक सीमित नहीं थी। चंदौली उस ऊर्जा का वनांचली और तपस्वी स्वरूप रहा। चंदौली क्षेत्र में शिवलिंगों, देवी मंदिरों और शक्ति स्थलों की प्राचीन परंपरा है। यहां की लोक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काशी क्षेत्र की रक्षा हेतु इन वनों में विचरण किया। चंदौली में स्थित चन्द्रप्रभा नदी और वन क्षेत्र को अत्यंत पवित्र चंद्रप्रभा तीर्थ के माना जाता है। यहां स्थित जलप्रपात और कुंडों को प्राचीन काल में तपस्या और स्नान के लिए श्रेष्ठ माना गया। यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक शांति का केंद्र रहा है।

## विश्वामित्र की कर्मस्थली

चंदौली भूभाग पर हजारों वर्षों से अब तक ऋषि-महर्षियों के तप करने का प्रमाण उपलब्ध है। गंगा नदी के तटों से लेकर वाणगंगा और चकिया नौगढ़ के जंगलों तक विस्तृत यह क्षेत्र सभी दृष्टिकोण से सुरक्षित और शांतिप्रिय रहा है, जहां सैकड़ों वर्षों तक एक मुद्रा में बैठे ऋषि-मुनियों ने साधना की। प्राचीन काशी में ही महर्षि याज्ञवल्क्य को चकिया के पठारी तथा जंगली क्षेत्र की शांति खींच लाई थी। जहां उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर सैकड़ों वर्ष तपस्या किया। भगवान शंकर से नाराज होकर महर्षि वेदव्यास ने प्राचीन काशी (चंदौली) के साहूपुरी (व्यासनगर) में आए, जहां अपना क्रोध - त्याग किया और वहीं साधना करने लगे। महर्षि विश्वामित्र ने अपनी कर्मस्थली और लीलास्थली नौगढ़ क्षेत्र को बनाया, इसका प्रमाण कर्मनाशा के रूप में विस्तृत है। महाराज दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी इसी भूभाग से जुड़ी है, जहां मगरौर में महाराज भरत के जन्म का प्रमाण मिलता है, इनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। विद्वानों का यह भी मानना है कि इस समृद्ध क्षेत्र में कभी है हयवंशी क्षत्रियों के संहार हेतु यमदग्नि-पुत्र परशुराम ने अशांति फैलायी थी, जिसका प्रमाण रायल ताल को माना जाता है।



## लोक आस्थाएं एवं परंपराएं

चंदौली की ग्राम्य संस्कृति में आज भी काशी की परंपराएं जीवित हैं। श्रावण मास की शिव पूजा, कार्तिक स्नान, लोक देवी-देवताओं की आराधना, संस्कारों में वैदिक मंत्रोच्चार यह सब दर्शाता है कि चंदौली केवल भौगोलिक इकाई नहीं, अपितु यहां के लोक जीवन में आध्यात्मिक निरंतरता व्याप्त है। चंदौली की लोक संस्कृति में काशी की छवि स्पष्ट दिखाई देती है। यहां की भोजपुरी-काशी बोली में राम, शिव, गंगा और काशी से जुड़े असंख्य लोकगीत प्रचलित हैं। विवाह, जन्म और पर्वों पर गाए जाने वाले गीतों में काशी को पुण्य स्थल के रूप में स्मरण किया जाता है। यहां के शिवरात्रि मेले,नवरात्र उत्सव, कार्तिक पूर्णिमा आदि आयोजनों में काशी परंपरा की झलक मिलती है।

## वर्तमान स्वरूप

आज का चंदौली जनपद आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विकास के संतुलन का उदाहरण है। वाराणसी से 20 मई, 1997 में अलग होकर चंदौली जनपद बना। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित है, जो वाराणसी से 30 किलोमीटर दूरी पर है। यह जनपद वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र से घिरा हुआ है, जो इसके ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व को और पुष्ट करता है। चंदौली को उत्तर प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। उपजाऊ भूमि, नहर प्रणाली, कर्मनाशा और चन्द्रप्रभा के जल से परिपूरित यह क्षेत्र कृषि के साथ-साथ अब औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य, जलप्रपात, ऐतिहासिक स्थल और अनेक धार्मिक स्थल पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र हैं। यदि इनका समुचित विकास किया जाए, तो चंदौली आध्यात्मिक-पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान प्राप्त कर सकता है। चंदौली और काशी का पुराना अटूट संबंध है। जहां काशी (वाराणसी) ज्ञान, मोक्ष और चेतना का केंद्र रही, वहीं चंदौली उसका वन्य, तपस्वी और प्राकृतिक विस्तार क्षेत्र कहा जा सकता है। चंदौली ने काशी की आत्मा को अपने वनों, नदियों, लोक जीवन और आस्थाओं में सुरक्षित रखा है। आज आवश्यकता है कि इस विरासत को पहचाना जाए, संरक्षित किया जाए और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए। चंदौली केवल एक जनपद नहीं, अपितु यह प्राचीन काशी की जीवित स्मृति है।

पौराणिक कथा

## कर्ण और वृषकेतु

वेदव्यास लिखित महाभारत में कर्ण की कथा अत्यंत मार्मिक और रहस्यमयी रूप में वर्णित मिलती है। विवाह से पूर्व ऋषि दुर्वासा के वरदान के प्रभाव से कुंती को एक पुत्र प्राप्त हुआ, जिसे समाज के भय से उन्होंने नदी में बहा दिया। यह बालक सूर्यपुत्र कर्ण था। नदी की धारा में बहते हुए उस शिशु को सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी ने अपनाकर उसका पालन-पोषण किया। आगे चलकर हस्तिनापुर के महाराज धृतराष्ट्र के ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन ने कर्ण की प्रतिभा को पहचानते हुए उसे अपना मित्र बनाया और अंग देश का राजा बनाया। कर्ण के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यही रही कि न तो वह स्वयं अपने जन्म का सत्य जान पाया और न ही पांडव और कौरव इस रहस्य से परिचित थे कि वह कुंती का ज्येष्ठ पुत्र है। कर्ण की दो पत्नियां थीं-ऋषाली और सुप्रिया। ऋषाली सूत कुल की थीं। उनसे कर्ण को नौ पुत्र प्राप्त हुए। महाभारत युद्ध के दौरान कर्ण के आठ पुत्र- वृषसेन, चित्रसेन, सत्यसेन, सुसेन, शत्रुंजय, प्रसेन, बनसेन और अन्य अर्जुन, भीम तथा सात्यकि जैसे महारथियों के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। केवल सबसे छोटा पुत्र वृषकेतु, जो उस समय अल्पायु था, भीष्म पितामह के आदेश से युद्ध में शामिल नहीं हुआ।



शिवचरण चौहान
लेखक



महाभारत युद्ध के उपरांत कर्ण का अंतिम संस्कार उसके वरदानानुसार श्रीकृष्ण के हाथों संपन्न हुआ। कर्ण की पत्नी ऋषाली पति-वियोग सहन न कर सकीं और सती हो गईं। इधर वृषकेतु ने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने का संकल्प लिया, परंतु सम्राट युधिष्ठिर ने सत्य स्वीकार करते हुए कर्ण को अपना बड़ा भाई घोषित किया और वृषकेतु को स्नेहपूर्वक इंद्रप्रस्थ का अधिपति बना दिया। वृषकेतु ने बाद में अर्जुन के साथ कई सैन्य अभियानों में भाग लिया। कुंती द्वारा कर्ण जन्म का रहस्य छिपाए जाने पर धर्मराज युधिष्ठिर ने अपनी माता को श्राप दिया कि भविष्य में कोई भी स्त्री रहस्य नहीं छिपा सकेगी। इसके पश्चात उन्होंने कुंती का त्याग कर दिया। कुंती, धृतराष्ट्र, गांधारी, विदुर और संजय वन को प्रस्थान कर गए। कहा जाता है कि कर्ण को न स्वीकार पाने का पश्चाताप कुंती को जीवनभर व्यथित करता रहा, ऐसे में वृषकेतु ने ही उनका सहारा बनकर सेवा की।

एक दिन जंगल में आग लग गई और आग बहुत तेजी से फैलने लगी। आंखों में पट्टी बांधे गांधारी और धृतराष्ट्र नहीं भाग सके। जंगल की आग में जलने लगे तो उनके साथ कुंती, विदुर और संजय ने साथ नहीं छोड़ा और सभी के सभी जंगल की आग में जलकर मृत्यु को प्राप्त हुए। बाद में जब पांडव हिमालय की ओर प्रस्थान कर गए, तब इंद्रप्रस्थ का शासन वृषकेतु और हस्तिनापुर का राज्य परीक्षित के हाथों में रहा। परीक्षित की मृत्यु तक्षक नाग के दंश से हुई, जिसके पश्चात उनके पुत्र जनमेजय ने नाग यज्ञ का आयोजन किया।

## अलखनाथ मंदिर: भाव ही भक्ति



आनंद अखाड़ा के नागा बाबा अलखिया के नाम पर पड़ा अलखनाथ मंदिर नाम किला रोड स्थित 84 बीघे में फैला बेहद प्राचीन है। मुगलों के आक्रमण के समय धर्मरक्षा का केंद्र था यह मंदिर। बताते हैं कि वट वृक्ष के बीचो-बीच शिवलिंग स्वयं प्रकट हुए थे। मुगल शासकों के आक्रमण के समय में मंदिर व धर्म की साख बचाने के लिए आनंद अखाड़ा ने नागा बाबा अलखिया को यहां भेजा था। उन्होंने न सिर्फ मंदिर परिसर मुगल आक्रांताओं से सुरक्षित रखा, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा शुरू कर अलखनाथ मंदिर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर दिया। बाबा अलखिया ने यहां पर रहकर तपस्या की फिर मंदिर की स्थापना भी कराई।

-फीचर डेस्क




अलखनाथ मंदिर में वट वृक्ष के बीचो-बीच प्रकट हुए शिवलिंग के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां पर भक्त जिस भाव से आते हैं भोलेनाथ भी उसकी इच्छा उसी भाव से पूरी करते हैं। अलखिया बाबा के बाद 1008 सूरज गिरि, नागा बाबा दत्त गिरि और कमल गिरि ने मंदिर की गद्दी संभाली फिर देव गिरि महाराज 24 वर्ष तक गद्दी पर विराजमान रहे। धर्म गिरि और इनके बाद बालक गिरि ने 9 वर्ष की आयु में यहां आकर अपना पूरा जीवन लगा दिया। अब उनके शिष्य कालू गिरि महाराज 2016 से मंदिर की व्यवस्था देख रहे हैं। मंदिर परिसर में ही मंदिर की गद्दी संभालने वाले महंतों की समाधियां भी बनी हैं।

पुजारी सलोने श्याम के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मंदिर का विकास तेजी से हुआ है। वर्ष 2022 में नाथ मंदिरों में शामिल किए जाने के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। मंदिर परिसर में राम-सीता का दरबार, शनि मंदिर, शिव विवाह की झांकी, विष्णु दरबार की झांकियां बनी हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की 51 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर परिसर में सावन, शिवरात्रि आदि त्योहारों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में करीब 25 संत-महंत रहते हैं।

### भक्तों के लिए सीधे-सच्चे हैं बाबा अलखनाथ

पिछले 40 साल से मंदिर आने वाली 60 वर्षीय सुमन ने बताया कि बाबा अलखनाथ बहुत सच्चे हैं। जीवन में जो मांगा आज तक सब कुछ मिला है। इस उम्र में भी यहां रोजाना आती हूं। रमेश ने बताया ठेले पर सामान बेचता था, कभी उन्नति नहीं हुई। पांच साल से बाबा के दर्शन के बाद ही काम पर जाता हूं, अब अपनी कमाई से संतुष्ट हूं। बाबा पर पूरा भरोसा है। मंदिर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है। अलखनाथ मंदिर के बाहर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित लिखा है। हालांकि मंदिर के पुजारी सलोने श्याम के अनुसार ये बोर्ड तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए लगाया गया था। वर्तमान में मंदिर में केवल असामाजिक तत्वों का आना मना है।





## किसे कहा जा सकता है गुरु

गुरु मूल रूप से वह शिक्षक नहीं है, जैसा कि हम आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग करते हैं-यानी वह व्यक्ति जो अपने मन से ज्ञान को आप तक पहुंचाता है। ज्ञान पुस्तकों में मिल सकता है। अवधारणाएं एक ही दोपहर में समझी जा सकती हैं। गुरु के पास जो ज्ञान है, उसे न तो समझाया जा सकता है, न ही सिखाया जा सकता है। यह केवल संचारित होता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लौ बुझी हुई मोमबत्ती को अग्नि प्रदान करती है। मोमबत्ती लौ नहीं बन जाती, बल्कि वह स्वयं ही उसी अग्नि से भीतर से प्रज्वलित हो जाती है। यही शक्तिपात है।



शिवानंद मिश्रा
आध्यात्मिक लेखक

गुरु उपायः- गुरु ही साधन हैं। एक विशेष प्रकार का अंधकार होता है, जो प्रकाश की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि प्रकाश के अस्तित्व को ही भूल जाना है। आप इसमें वर्षों, दशकों तक भी रह सकते हैं-संसार में कुशलतापूर्वक, बुद्धिमानी से, यहां तक कि कुछ क्षणों के लिए प्रसन्नतापूर्वक भी आगे बढ़ सकते हैं-फिर भी भीतर ही भीतर एक शांत, अनकहा दर्द लिए रहते हैं। एक अनुभूति कि कुछ आवश्यक चीज़ गायब है। कि आप अपने आप की सतही अवस्था में जी रहे हैं। कि आपके भीतर की गहराई को कभी छुआ ही नहीं गया है। यदि आप भाग्यशाली हैं, यदि ब्रह्मांड में कोई असाधारण कृपा से आपकी ओर मुड़ता है, तो एक व्यक्ति प्रकट होता है। सहमेशा वस्त्रों में नहीं। हमेशा औपचारिकता के साथ नहीं। कभी-कभी सबसे साधारण परिस्थितियों में-एक आकस्मिक मुलाकात में, सही समय पर बोले गए एक वाक्य में, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आपके हाथों में रखी गई पुस्तक में, जिसने बस इतना कहा हो-इसे पढ़ो। लेकिन उस मुलाकात में कुछ ऐसा होता है, जो आपकी अब तक की सभी मुलाकातों से अलग होता है।




उसमें कुछ ऐसा होता है, जो आपको केवल जानकारी नहीं देता, आपका मनोरंजन नहीं करता या आपको सांत्वना नहीं देता-वह आपको बदल देता है। वही व्यक्ति गुरु है। और यह सूत्र-मात्र दो शब्द-'गुरु उपायः', उस बात की घोषणा करता है जिसे तर्कसंगत मन गंभीरता से लेने के लिए लगभग बहुत सरल पाता है-गुरु साधन हैं। केवल साधन नहीं। आध्यात्मिक उपकरणों के अनेक साधनों में से एक नहीं-साधन। वह स्वयं साधन। वह माध्यम, जिसके द्वारा सोई हुई आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को जागृत करती है। गुरु की आवश्यकता क्यों है? आपमें ऐसी कई बातें हैं, जिन्हें आप स्वयं नहीं देख सकते, लेकिन दूसरे उन्हें स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आंख स्वयं को नहीं देख सकती। मन अपनी कमियों को पूरी तरह से नहीं देख सकता। चेतना में एक विशेष प्रकार की गांठ होती है-वह है अपने आप को केंद्रीय मानने वाली छोटी-सी 'स्व' की गांठ, जिसे उसी हाथ से खोलना असंभव है जिसने उसे बांधा है। आपको एक दूसरे हाथ की आवश्यकता है। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको नियंत्रित करे। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको छोटा करे। बल्कि एक ऐसा हाथ, जो आपके विस्मृति के अंधकार में इतनी स्थिरता, इतने प्रेम और सत्य में इतनी अटूट दृढ़ता के साथ पहुंचे कि उनकी उपस्थिति में वह गांठ स्वतः ही खुलने लगे। वही हाथ गुरु है।

बोधकथा

## दीपक और हवा

एक गांव में अर्जुन नाम का एक युवक रहता था। वह बहुत महत्वाकांक्षी था और जीवन में बड़ा नाम कमाना चाहता था, लेकिन हर बार जब वह कोई नया काम शुरू करता, तो थोड़ी सी कठिनाई आते ही हिम्मत हार बैठता। असफलताओं से परेशान होकर एक दिन वह गांव के एक वृद्ध गुरु के पास पहुंचा। अर्जुन ने कहा, "गुरुदेव, मैं मेहनत तो करता हूं, लेकिन बार-बार असफल हो जाता हूं। समझ नहीं आता कि मेरी मेहनत में कमी है या किस्मत साथ नहीं दे रही।" गुरु ने कुछ देर सोचा और उसे रात को अपने साथ बैठने को कहा। जब अंधेरा हुआ, तो गुरु एक छोटा सा दीपक जलाकर अर्जुन के सामने रख दिया। फिर उन्होंने खिड़की खोल दी, जिससे तेज हवा अंदर आने लगी। हवा के झोंकों से दीपक की लौ बार-बार डगमगाने लगी और कुछ ही क्षणों में बुझ गई। गुरु ने फिर दीपक जलाया, इस बार खिड़की बंद कर दी। अब दीपक की लौ स्थिर और शांत जलने लगी। गुरु मुस्कुराते हुए बोले, "अर्जुन, क्या तुमने कुछ समझा?" अर्जुन ने कहा, "जी गुरुदेव, जब हवा तेज थी तो दीपक बुझ गया और जब हवा बंद कर दी तो वह स्थिर जलने लगा।" गुरु ने समझाया, "यह दीपक तुम्हारी मेहनत है और हवा तुम्हारी कमजोरियां-जैसे अधैर्य, डर और जल्दी हार मान लेना। जब तक तुम इन कमजोरियों को अपने ऊपर हावी होने दोगे, तुम्हारी मेहनत का दीपक बार-बार बुझता रहेगा।" अर्जुन ध्यान से सुन रहा था। गुरु ने आगे कहा, "सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी जरूरी है। जब तुम अपने मन को स्थिर कर लोगे, तब कोई भी कठिनाई तुम्हें रोक नहीं पाएगी।" अर्जुन को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह हर कठिनाई का सामना धैर्य से करेगा और जल्दी हार नहीं मानेगा। कुछ समय बाद वही अर्जुन अपने काम में सफल होने लगा। अब वह हर परिस्थिति में शांत और दृढ़ बना रहता था। इस कथा से सीख मिलती है केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं।



## बिजनेस ब्रीफ

### बीएचईएल को मिला 13,500 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को तेलंगाना में 2,400 मेगावाट की 'चरण-दो' ताप बिजली परियोजना के मुख्य संयंत्र पैकेज के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी से 13,500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। बीएचईएल ने सोमवार को यह जानकारी दी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, बीएचईएल अक्टूबर, 2024 में इस परियोजना के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। इसके बाद 29 मार्च, 2026 को एनटीपीसी ने बीएचईएल को 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों वाली इस परियोजना के मुख्य संयंत्र कार्य के लिए आधिकारिक आवंटन पत्र जारी किया।

### प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का आईपीओ 10 को खुलेगा

**नयी दिल्ली।** देश के पहले पंजीकृत लघु और मझोले रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (एसएम रीट), प्रॉपर्टी शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने सोमवार को घोषणा की कि प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का 244.65 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 10 अप्रैल को खुलेगा। एसएम रीट एक ऐसा निवेश माध्यम है जो छोटे और मध्यम स्तर के निवेशकों को बड़े व्यावसायिक भवनों या संपत्तियों में हिस्सेदारी खरीदने और उससे किराया कमाने का मौका देता है। एक बयान के अनुसार, यह आईपीओ 16 अप्रैल को बंद होगा। इसके लिए प्रति यूनिट 10 लाख से 10.50 लाख रुपये का मूल्य दायरा तय किया गया है।

### वोल्टास को 23.52 करोड़ रुपये का नोटिस

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड को आयातित वस्तुओं के कथित गलत वर्गीकरण के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों से 23.52 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। इसमें शुल्क और जुर्माना दोनों शामिल हैं। वोल्टास ने कहा कि वह इस आदेश का विश्लेषण कर रही है और इस मामले में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) के समक्ष अपील दायर करने सहित उचित कानूनी कदम उठाएगी। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी।

### सीएमपीडीआईएल का शेयर पहले दिन ही टूटा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की इकाई सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) का शेयर सोमवार को 172 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर का कारोबार 162.80 रुपये पर शुरू हुआ, जो निर्गम मूल्य से 5.34 प्रतिशत कम था। कारोबार के दौरान, इसमें 11.45 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 152.30 रुपये पर आ गया। बाद में गिरावट के साथ 154.05 रुपये पर बंद हुआ।

# पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा हर जिले में 2 पंपों पर होगी सुविधा

## केंद्र का फैसला: पीडीएस के तहत 60 दिन के लिए केरोसिन के वितरण की अनुमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी से दबाव कम करने के लिए सरकार ने पीडीएस के तहत 60 दिनों के लिए कैरोसिन यानी मिट्टी के तेल के वितरण की अनुमति दी है। इसके तहत अब पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन मिलेगा। प्रशासन जिले में सरकारी कंपिनयों के अधिकतम दो पेट्रोल पंप इस सुविधा के लिए चुन सकेगा। इनमें से प्रत्येक पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसिन स्टोर किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार का यह आदेश 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगा, जो राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। यह 60 दिन की आपातकालीन व्यवस्था रसोई गैस (एलपीजी) पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए की गई है। यह निर्णय पश्चिम एशिया में पिछले एक माह से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर रसोई गैस (एलपीजी) में बाधा आने के बाद लिया गया है। भारत अपनी रसोई गैस की लगभग



60 प्रतिशत जरूरत को आयात के जरिये पूरा करता है, जिनमें से 85-90 प्रतिशत गैस खाड़ी देशों से आती है।

युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति में रुकावट आई है, जिससे होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 29 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत अस्थायी छूट प्रदान की है ताकि 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत केरोसिन का वितरण सुचारू रूप से किया जा सके।

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में अधिकतम दो नामित सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) के पेट्रोल पंप को 5,000 लीटर तक केरोसिन रखने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इन पेट्रोल पंप पर केरोसिन भरने के लिए एजेंट और डीलर को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है, जबकि पहले से लाइसेंसधारी टैंकर वाहनों को भी इसके लिए अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। ये छूट कड़ाई से सुरक्षा मानकों और

- **एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उठाया कदम**

पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा जारी संचालन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने के शर्त पर दी गई है।

केरोसिन के भंडारण, भराई और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए और इसे जिला प्रशासन तथा पीईएसओ द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यह आदेश तुरंत प्रभावी होगा और 60 दिन तक या अगले आदेश तक वैध रहेगा। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।

इसे उन 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अस्थायी रूप से फिर से उपलब्ध कराया जाएगा, जिन्हें पहले 'पीडीएस एसकेओ (केरोसिन-मुक्त)' घोषित किया गया था। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

# आईटी मंत्री की चेतावनी: प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड

## गुणवत्ता मानक पूरे नहीं करने वाली कंपनी होगी योजना से बाहर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ किया है कि भारत में प्रोडक्ट डिजाइन और क्वालिटी पर निवेश नहीं करने वाली कंपनियों को ईसीएमएस स्कीम का सरकारी फंड नहीं मिलेगा। साथ ही सिक्स सिग्मा मानक पूरे नहीं करने पर उन्हें योजना से ही बाहर किया जा सकता है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को ईसीएमएस के तहत 7,104 करोड़ रुपये के नए निवेश से जुड़े 29 प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद आगाह किया कि जो लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करेंगे, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। वैष्णव ने कहा कि यदि उद्योग की ओर से अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते हैं तो मैं आगे किसी भी भुगतान या नई मंजूरी को रोकने के लिए तैयार हूं।

मंत्री ने मंत्रालय द्वारा निर्धारित एकीकृत दृष्टिकोण का पालन नहीं करने पर उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और उसकी सदस्य कंपनियों की आलोचना भी की। कहा कि मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं क्योंकि यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' में विश्वास करते हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, कलपुर्जा डिजाइन और मशीन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है।

मंत्री ने उद्योग को 15 दिन की समय सीमा दी है, जिसके भीतर कंपनियों को यह बताना होगा कि उन्होंने उत्पाद डिजाइन, 'सिक्स सिग्मा' मानक, प्रतिभा विकास और स्थानीय आपूर्ति (सोर्सिंग) जैसे प्रमुख मुद्दों पर क्या कदम उठाए हैं। सिक्स सिग्मा एक ऐसी कार्यप्रणाली है जिसका उद्देश्य उत्पादन में त्रुटियों को न्यूनतम करना और लगभग पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।



नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' पर आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### तेज हुई डीपफेक हटाने की कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले डीपफेक पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। बताया- सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक सामग्री को हटाने की अपनी कार्रवाई को लगभग दोगुना या तिगुना कर दिया है।

### प्रौद्योगिकी उद्योग पर फिलहाल असर नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग संगठनों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर बातचीत कर रही है। उद्योग निकायों ने अपने संचालन पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है कि हीलियम की कमी ने वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने यहां मौजूद हर उद्योग संगठन से बात की है और सभी ने कहा है कि अभी तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है...। इसमें सेमीकंडक्टर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे और हार्डवेयर क्षेत्र शामिल हैं...। हम उद्योग के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# रुपया 2025-26 में 9.88 प्रतिशत टूटा 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो 14 साल में डॉलर के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट है। वित्त वर्ष 2011-12 में, घरेलू मुद्रा, डॉलर के मुकाबले 12.4 प्रतिशत कमजोर हुई थी, उस समय चालू खाते का घाटा बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गया था।

मौजूदा वित्त वर्ष में, यह भारी गिरावट लगातार विदेशी कोषों की निकासी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और नकदी की तंगी ने भी 2025-26 में रुपये पर और दबाव डाला। बाजार के जानकारों के अनुसार, एक अप्रैल से अब तक दूसरी एशियाई मुद्राओं में भी डॉलर के मुकाबले भारी गिरावट देखी गई है। जापानी येन छह प्रतिशत, फिलिपीन की मुद्रा पीसो 5.74 प्रतिशत और दक्षिण कोरियाई वॉन 2.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है।



दक्षिण कोरियाई बैंक शिन्हान बैंक के भारत में ट्रेजरी प्रमुख, सुनल सोधानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 बाहरी झटकों, पूंजी के बाहर जाने और ढांचागत कमजोरियों जैसी कई समस्याओं के एक साथ आने की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में असर डालने वाले कारक 2011-12 के कारकों से अलग हैं।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 80.4% पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4% यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81.5% है।

## विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन 5.2% बढ़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश का औद्योगिक उत्पादन विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन फरवरी, 2025 में 2.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी, 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पहले जारी 4.8 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि तेज होकर छह प्रतिशत हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2.8 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि भी थोड़ा सुधरकर 3.1 प्रतिशत हो गई।

- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी किये आंकड़े**

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क संबंधी रोक बढ़ाने पर नहीं बन सकी सहमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया। लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे।

उन्होंने कहा कि अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के लिए चुनाव अधिसूचना जारी, 6 अप्रैल तक नामांकन

## पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल में 152 सीटों पर होगा मतदान

**कोलकाता, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी कर दी, जिससे दोनों राज्यों में औपचारिक रूप से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को होने वाला है, जो दो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक निर्णायक चुनावी प्रक्रिया होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है, जबकि नामांकनों की जांच 7 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान शेष 142 विधानसभा क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए मतदान 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके लिए अधिसूचना 2 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है। नामांकनों की जांच 10 अप्रैल को होगी, जबकि उम्मीदवार 13 अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इससे राज्य में चुनावी मुकाबले के अंतिम चरण की तैयारी हो जाएगी। विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को होगी तथा पूरी चुनाव प्रक्रिया 6 मई तक पूरी कर ली जाएगी। इस अधिसूचना के साथ ही मतदान वाले क्षेत्रों में आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) लागू हो गई है, जो प्रचार गतिविधियों को नियंत्रित करेगी और सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगी। निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की जाएगी।

### स्टालिन ने कोलाथुर विस सीट पर्चा भरा



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई के कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र से 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद स्टालिन ने विश्वास जताया कि कोलाथुर क्षेत्र की जनता उन्हें लगातार चौथी बार शानदार जीत दिलाएगी। स्टालिन 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र से विजयी रहे हैं। नामांकन के तुरंत बाद उन्होंने रोड शो किया और लोगों का अभिवादन कर समर्थन मांगा। इस दौरान द्रमुक अध्यक्ष ने कोलाथुर क्षेत्र में अपने कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।

### शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम से पर्चा दाखिल किया

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत दर्ज करेगी। अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एसडीओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। अधिकारी के साथ जिले से भाजपा के दो और प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त अधिकारी कहा कि इस बार मतदाताओं में भाजपा की मांग कहीं अधिक है। भाजपा पश्चिम बंगाल में स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुखी और नैतिक सरकार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी शबरिमला पर मौन, उन्हें धर्म की परवाह नहीं: राहुल

**पत्तनमथिट्टा (केरल), एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि वह केरल दौरे के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप रहे, जो साफ संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) साथ काम कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि नौ अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। कहा कि हम एलडीएफ के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिसे भाजपा का पूरा समर्थन प्राप्त है। एक तरफ संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) है और दूसरी तरफ माकपा-भाजपा का गठजोड़ है। गांधी ने कहा कि भाजपा यहां यूडीएफ को नहीं चाहती क्योंकि वे जानते हैं कि देश में उसे चुनौती देने वाली एकमात्र ताकत कांग्रेस है।

## देश लूटने को समाज के सभी वर्गों में झगड़ा पैदा कर रही भाजपा: ममता



**बेल्दा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा कराने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह इस स्थिति का फायदा उठाकर देश लूटना चाहती है।

- **कहा-आरोप पर उन पर जारी हो जो दंगे भड़का कर जीत चुनाव**

मुख्यमंत्री ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल सरकार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सियासी 'आरोपपत्र' पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा कि पहला आरोपपत्र उनके (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह) खिलाफ दाखिल किया जाना चाहिए, जिन्होंने दंगे भड़काकर सत्ता हासिल की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज के सभी वर्गों में झगड़ा करा रही है। वह ऐसी स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने भाजपा पर प्रशासनिक व पुलिस सेवाओं तक सभी मामलों में हिंदू और मुसलमानों को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## भाजपा ने ममता और तृणमूल नेताओं पर लगाया मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को भाजपा को वोट देने से रोकने के लिए डरा-धमका रहे हैं। इस संबंध में एक अर्जी सौंपते हुए, भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार में भाग लेने से रोकने और तृणमूल नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।

- **चुनाव आयोग से शिकायत, प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग**

निर्वाचन आयोग कार्यालय में अधिकारियों से मिलने गए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, पीयूष गोयल और सुकांत मजूमदार तथा भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी और राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह शामिल थे। भाजपा ने संवेदनशील और असुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने की भी मांग की। कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस अप्रभावी हो गई है। भाजपा ने अर्जी में कहा कि राज्य प्रशासन और पुलिस द्वारा हिंसा या धमकी के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई के लिए निर्वाचन पर्यवेक्षकों के रूप में अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया जाए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दक्षिण सूडान में बंदूकधारियों ने 70 लोगों की हत्या की

**जुबा।** अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में सोने की खदान को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटना का वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें एक खुले मैदान में दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि माना जा रहा है कि कई अन्य पीड़ित झाड़ियों में भाग गए हैं। सूडान के राज्य जेबेल इराक में स्थित सोने की खदान को लेकर पूर्व में भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं। पुलिस प्रवक्ता क्वासीजवोक डोमिनिक अमोण्डोक ने बताया कि जैसे ही उन्हें हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, वह उसे साझा करेंगे।

### शंघाई-कोलकाता के लिए इंडिगो ने सीधी उड़ान सेवा शुरू की

**बीजिंग।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को शंघाई और कोलकाता के बीच अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की, जिससे भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती मिलेगी। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने 'इंडिगो6ई' उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि इंडिगो के प्रबंधन से मुलाकात में माथुर ने कहा कि यह नई उड़ान सेवा भारत और क्षेत्र के बीच हवाई संपर्क बढ़ने और आर्थिक संबंधों में सकारात्मक संकेत है। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने शंघाई को नयी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों से जोड़ना शुरू कर दिया है।

### ब्रिटेन का राजनयिक को जासूसी के आरोप में रूस से निष्कासित

**मास्को।** रूस ने ब्रिटेन के एक राजनयिक को जासूसी के आरोप में सोमवार को निष्कासित कर दिया और उसे दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। एफएसबी (सोवियत काल में केजीबी के नाम से मशहूर) ने कहा, ब्रिटेन के राजनयिक जेन्स वान रेंसबर्ग की राजनयिक मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को रूस में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैनी ढोलकिया को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। यह कार्रवाई उस खुलासे के बाद की गई, जिसमें कहा गया है कि ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक ने देश में प्रवेश करते समय अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी।

# न्यूजीलैंड में इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे की पहचान उजागर

वेलिंगटन, एजेंसी



- पहचान उजागर न करने की अदालत में लड़ रहा था लड़ाई

इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक के भतीजे की पहचान न्यूजीलैंड की अदालत में पहचान गुप्त रखने का मुकदमा हारने के बाद जाहिर कर दी गई है। उसे मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिया गया था।

न्यूजीलैंड के वेब पोर्टल ''स्टफ'' ने शनिवार को खबर दी कि बलतेज सिंह को 700 किलोग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन आयात करने के आरोप में 22 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। यह न्यूजीलैंड के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। वह स्थायी रूप से अपना नाम गुप्त रखने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। इससे पहले, 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके अंगरक्षकों में से एक सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह के नाम को स्थायी रूप से सार्वजनिक नहीं करने का आदेश यहां के उच्च न्यायालय ने दिया था। अदालत ने यह आदेश बलतेज की इस दलील को स्वीकार करते हुए सुनाया था कि यदि उसकी पहचान उजागर हो जाती है तो उसे और उसके परिवार को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

## कितनी उपयोगी कितनी दिलचस्प

# भारत में जनगणना

भारत में जनगणना का इतिहास काफी पुराना है। यह जनसंख्या की गिनती ही नहीं, देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को समझने का जरिया भी है। भारत में जनगणना की जड़ें वैसे तो कौटिल्य के अर्थशास्त्र से जुड़ी हैं, लेकिन आधुनिक पद्धति की शुरुआत ब्रिटिश काल में हुई। पहली गैर तुल्यकालिक जनगणना सन् 1872 में हुई थी, लेकिन यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं की गई थी। पहली पूर्ण जनगणना सन् 1881 में लॉर्ड रिपन के समय में पूरे देश में एक साथ हुई। तभी से हर 10 साल में एक बार जनगणना कराने की परंपरा शुरू हुई। वर्ष 2011 तक भारत में 15 बार जनगणना हो चुकी है। स्वतंत्रता के बाद अब तक सात और ब्रिटिश काल में आठ बार जनगणना हुई जिसमें 1921 को महान विभाजक वर्ष कहा जाता है क्योंकि तब जनसंख्या वृद्धि दर ऋणात्मक थी। वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण टल गई थी।



### जनगणना के नियम और कानूनी ढांचा

- जनगणना अधिनियम 1948 मुख्य कानून है, इसे तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने पेश किया था।
- संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। यानी इसे केंद्र सरकार ही करा सकती है।
- गृह मंत्रालय के अधीन महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त इस प्रक्रिया का संचालन करने के जिम्मेदार होते हैं।
- जनगणना के दौरान ली गई जानकारी बेहद गोपनीय होती है, इसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते।
- हर नागरिक के लिए सवालों का सही जवाब देना कानून के तहत अनिवार्य, गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान।

### जनगणना के दो चरण

- **मकान सूचीकरण** : इसमें घरों की स्थिति और उनमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली जाती है।
- **जनसंख्या गणना** : लोगों की उम्र, लिंग, साक्षरता, व्यवसाय व धर्म जैसी जानकारी जुटाई जाती है।

### वर्ष 2011 की जनगणना

- इसमें भारत की आबादी लगभग 121.08 करोड़ दर्ज की गई थी।
- उस समय भारत दुनिया की कुल आबादी का 17.5% हिस्सा था।
- 2001 से 2011 के बीच देश की जनसंख्या 17.7% की दर से बढ़ी।
- औसत साक्षरता 2001 में 64.8% थी जो 74.04% हो गई थी थी।

### ये थे खास तथ्य

- वर्ष 2011 की जनगणना में पहली बार ट्रांसजेंडर को अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया गया था।
- उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ थी, यह दुनिया के 5वें सर्वाधिक आबादी वाले देश के बराबर है।

### लिंगानुपात

वर्ष 2001 में प्रति 1,000 पुरुषों पर 933 महिलाएं थीं जो 2011 में 943 हो गईं। सबसे अच्छा लिंगानुपात केरल में 1084 और सबसे कम 879 का हरियाणा में था। 2011 में शून्य से 6 वर्ष का बाल लिंगानुपात चिंताजनक ढंग से गिरकर 919 पर आ गया था।

### इस बार जनगणना में क्या खास

- नागरिकों के पास इस बार मोबाइल एप या वेब पोर्टल पर अपना विवरण खुद भरने का विकल्प होगा।
- जो सरकारी कर्मचारी घर-घर आएंगे, वे फॉर्म के बजाय स्मार्टफोन और टैबलेट पर डेटा दर्ज करेंगे।
- सरकार का लक्ष्य जनगणना के डेटा को जन्म-मृत्यु पंजीकरण और चुनावी रोल के साथ जोड़ने का है।
- कोई व्यक्ति 18 वर्ष का होगा, तो उसका नाम स्वत: मतदाता सूची में जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
- मृत्यु होने पर डेटाबेस से नाम हटाना आसान होगा, सरकारी योजना का लाभ सही आदमी तक पहुंचेगा।
- अब तक एससी-एसटी का डेटा ही अलग से लिया जाता था, इस बार ओबीसी का भी डेटा अलग होगा।

# ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में

## सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने की कानून बनाने के लिए विधेयक लाने की घोषणा

- परमाणु रुख को कड़ा कर अप्रसार संधि से हटने का भी दिया संकेत

तेहरान, एजेंसी

ईरान सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण करने की तैयारी में है। ईरानी सांसद एक ऐसा विधेयक लाने की कोशिश कर रहे हैं जो पारगमन शुल्क (ट्रांजिट टोल) और गुजरने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य मंजूरी सहित एक नई नियामक प्रणाली पेश करेगा। वरिष्ठ ईरानी सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने कहा कि इस कानून को ईरानी संसद (मजलिस) की ओर से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और यह कानून लागू होने के बाद ईरान की अनुमति के बिना किसी भी जहाज को इस जलमार्ग से गुजरने नहीं दिया जाएगा।

प्रस्तावित कानून के तहत, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा और संबंधित सेवाओं के बदले शुल्क देना होगा। एसएनएन टीवी चैनल ने बोरुजेर्दी के हवाले से कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है। मजलिस द्वारा विधेयक अपनाए जाने के बाद जल्द एक नई प्रणाली इस जलमार्ग को नियंत्रित करेगी। यह कदम ईरानी संसद की नागरिक मामलों की समिति के अध्यक्ष मोहम्मद रजा रजाई कूची की पिछली टिप्पणियों के बाद आया है, जिन्होंने पुष्टि की थी कि पारगमन शुल्क लगाने का कानून प्रक्रिया में है।

बोरुजेर्दी ने ईरान के परमाणु रुख को कड़ा करने का भी संकेत दिया और कहा कि ईरान के लिए परमाणु अप्रसार संधि से हटने का समय आ गया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हाल के हमलों के बाद यह समझौता अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। होर्मुज पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह खर्ग द्वीप पर कब्जा करना पसंद करेंगे जहां से ईरान का 90 प्रतिशत तेल गुजरता है।



इजराइल के शेफाराम शहर में ईरान के मिसाइल हमले के बाद क्षतिग्रस्त एक घर।

### आर्थिक आतंकवाद शुरू कर रहा है ईरान : यूएई

होर्मुज से संबंधित इस प्रस्तावित कानून की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अहमद अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को हथियार बनाने का कोई भी प्रयास आर्थिक आतंकवाद के समान होगा, जिसके वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, जब ईरान होर्मुज पर नियंत्रण स्थापित करेगा तो हर देश को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान ने यह भी कहा कि मौजूदा संघर्ष ने उसकी सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचाया है। इस युद्ध के दौरान लगभग 131 ऐतिहासिक स्थल और 64 पर्यटन स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी में आग लगी

**दुबई।** ईरान के मिसाइल हमले के बाद उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में बाजार तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल के वीडियो में बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे बाद में इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने बुझा दिया। हमले में एक औद्योगिक भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइल के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकलकर्मी आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के साथ संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं।

### स्पेन: अमेरिकी विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद

**मैड्रिड।** रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। रोबल्स ने कहा, यह बात शुरू से ही स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए ईरान युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए स्पेन के हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन सरकार पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाई की सबसे मुखर आलोचक रही है।

# हम खुश, ईरान और अमेरिका ने मध्यस्थता के लिए हमें चुना

- पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा- जल्द होगी शांति समझौते के लिए वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान में से किसी ने तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। डार ने कहा, पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भरोसा जताया है। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे।



### लेबनान : तीन हफ्ते में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख लोगों ने घर छोड़ा

**बेरूत।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है। प्रभावित लोगों में 3,70,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं।

**यूनिसेफ की रिपोर्ट**

यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19,000 बच्चे घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है, मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजराइल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले गाजा मॉडल को दोहराने के प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। कई तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं।

### इजराइल की संसद में बजट पारित, कार्यकाल पूरा कर सकेंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से उबर नहीं पाया है।

# लिव इन में रहने वालों को माना जाएगा वैवाहिक दंपती के समान

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनगणना के पहले चरण के लिए 33 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी

भारत में जनगणना के सिलसिले में स्वगणना पोर्टल पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में कहा गया है कि अगर सहजीवन यानी लिव इन में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपती के समान माना जाए।

जनगणना के दौरान स्वगणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची दी गई है ताकि लोग देश की 16वीं जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवालों का आसानी से उत्तर दे सकें। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा, यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए।

सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहले चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों में घर के फर्श और छत में इस्तेमाल सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का लिंग, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी और आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार शामिल होंगे।

### ऐसे होगी प्रश्नों की शुरुआत

प्रश्नों की शुरुआत भवन संख्या (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकरण या जनगणना संख्या), जनगणना मकान संख्या, और घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई प्रमुख सामग्री पूछने से होगी। इसके बाद गणनाकर्ता घर के उपयोग, उसकी स्थिति, और उसमें सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछेंगे। अधिकारी परिवार के मुखिया के बारे में नाम और लैंगिक पहचान की जानकारी भी एकत्र करेंगे।

# पटरी पर गिरा यात्री, दिल्ली में डेढ़ घंटे थमी रही मेट्रो सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर गिर जाने के कारण मेट्रो सेवाएं करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रहीं। इस बीच मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्रियों की प्लेटफॉर्मों पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई गई।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर होने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं के संचालन में देरी हुई। डीएमआरसी ने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा कारणों से येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं को नियंत्रित किया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में इस कॉरिडोर के कई स्टेशन पर मेट्रो के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ गया और भीड़ एकत्रित हो गई।

डीएमआरसी के अनुसार, करीब डेढ़ घंटे बाद येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। दिल्ली पुलिस की मेट्रो इकाई ने एक बयान में कहा कि विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर 52 वर्षीय एक व्यक्ति पटरी पर गिरने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी स्टेशन नियंत्रक से मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मियों द्वारा घायल को हिंदू राव अस्पताल भेजा जा चुका था। घायल की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो करावल नगर के निवासी हैं। अस्पताल में उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफॉर्म के किनारे खड़े रहने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गए।



- मेट्रो के इंतजार में प्लेटफॉर्मों पर इकट्ठी हुई यात्रियों की भारी भीड़

### बडगाम : बीएसएफ जवान के घर में मिले नशीले पदार्थ, अफसरों ने शुरू की जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल के खिलाफ उसके आवास से संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद मामला दर्ज किया है।

प्राथमिकी रविवार को बडगाम थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज की गई। यह कार्रवाई बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर मुख्यालय, हुमहामा की ओर से शिकायत पर की गई। उन्होंने बताया 28 मार्च की शाम बीएसएफ अधिकारियों ने 112 बटालियन के एक कांस्टेबल के हुमहामा स्थित आवास पर तलाशी ली जिसमें 2.3 किलो गांजा और एक सिम कार्ड सहित एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### वानूआतू के समीप आया 7.3 तीव्रता का भूकंप

**वेलिंगटन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप सोमवार को जबर्दस्त भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। कम गहराई पर आने वाले भूकंप सतह पर अधिक तीव्रता से महसूस किए जाते हैं। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। हालांकि भूकंप के कारण किसी प्रकार की क्षति या सुनामी लहरों की कोई खबर नहीं है।

### नेपाल में ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। इस बीच, प्राधिकारियों ने धन शोधन को लेकर तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और उसके सहयोगी संगठनों एवं छात्र इकाइयों के सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार सुबह नया बनेश्वर क्षेत्र में इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं।

**रक्षा उपलब्धि** | सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने निर्मित किए हैं तीनों जहाज

# भारतीय नौसेना को मिले तीन जहाज, बढ़ेगी सामरिक ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना को सोमवार को सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) की ओर से निर्मित तीन नए जहाज प्राप्त हुए। दूनागिरि, संशोधक और अग्रय नाम के इन जहाजों से नौसेना की समग्र युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

दूनागिरि, प्रोजेक्ट 17ए के तहत नीलगिरी श्रेणी का पांचवां जहाज है और इस श्रेणी का दूसरा पोत भी है। प्रोजेक्ट 17ए के अंतर्गत बनाए गए ये जहाज बहुउद्देश्यीय प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस जहाज का नाम पुराने आईएनएस दूनागिरि से लिया गया है, जो एक लीएंडर श्रेणी का फ्रिगेट था और 1977 से 2010 तक भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहा।

इस पोत में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट और टॉरपीडो जैसे शक्तिशाली हथियारों का समावेश किया गया है। संशोधक एक सर्वेक्षण पोत है जो यह बंदरगाहों के तटीय और गहरे समुद्री क्षेत्रों का पूर्ण स्तर पर हाइड्रोग्राफिक सर्वे करने में सक्षम है। 110 मीटर लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरण हैं। इसी श्रेणी के अन्य जहाज़ आईएनएस संधायक, आईएनएस निर्देशक और आईएनएस इक्षाक को क्रमशः फरवरी 2024, दिसंबर 2024 और नवंबर 2025 में सेवा में शामिल किया गया था।



### क्रूज मिसाइलों व उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस है दूनागिरि

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पोत विध्वंसक ब्रह्मोस और जमीन पर हमला करने वाली क्रूज़ मिसाइलों के साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दूनागिरि नौसेना की मारक और रक्षा क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। बयान के अनुसार, जीआरएसई द्वारा निर्मित चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में से अंतिम 'संशोधक' नौसेना की सर्वेक्षण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का परिचायक है। जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी जलयानों में से एक 'अग्रय' को तटीय जलक्षेत्र में अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों के प्रति समर्पित रहेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** – आज आप एक साथ अनेक कार्य करना पसंद करेंगे। पिछले काफी समय से उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा।

**वृष** – आज सरकारी नियमों के पालन में सावधानी रखें। अनावश्यक यात्राओं से बचें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज आकस्मिक खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। लोग आपको स्वार्थी समझ सकते हैं। कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है।

**मिथुन** – आज आय के साथ आपके खर्च अचानक बढ़ सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में सावधानी बरतनी अत्यन्त आवश्यक है।

**धनु** – आज जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**कर्क** – आज नए कार्यों को आरंभ करना उचित नहीं है। पैरों में चोट लग सकती है। कार्यक्षेत्र में ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

**मकर** – आज अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा।


**कुंभ** – आज प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यन्त उत्तम है।

**कन्या** – आज कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुई परियोजनाएं पुन: प्रारम्भ हो सकती हैं। अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ेगा।

**मीन** – आज नए निवेश करने में सावधानी रखने की आवश्यकता है। नजदीकी लोग आपसे शत्रुवत व्यवहार रख सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 31 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 06.55 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 03.20 तक तत्पश्चात उत्तरफाल्गुनी।

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

### सुडोकू -105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |



श्रेयस अय्यर के लिए आईपीएल की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं अधिक है जिससे वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। मैं उनकी आंखों में उनके जुनून को देख सकता हूं।

**-रिकी पोंटिंग, मुख्य कोच, पंजाब किंग्स**


# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार, 31 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

### औरेंज कैप



रियन रिकलटन मुंबई 81 रन
ईशान किशन हैदराबाद 80 रन
रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट
शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट
रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

# वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा

## आईपीएल-2026 : बारिश के कारण पिच में आए बदलाव का रॉयल्स के तेज गेंदबाजों ने उठाया लाभ




वैभव सूर्यवंशी।

**गुवाहाटी, एजेंसी**

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी (52) और यशस्वी जायसवाल (नाबाद ) की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंआईपीएल के तीसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 47 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने 128 रनों के छोटे से लक्ष्य को अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से उड़ाते हुए महज 6.2 ओवरों में 75 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें अंशुल काम्बोज ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 17 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर काम्बोज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। ध्रुव जुरेल ने नौ गेंदों में चार चौकों की मदद से 18 रन बनाये। इसके बाद आरआर ने 12.1 ओवरों में दो विकेट पर 128 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली और रियान पराग ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद

**15** गेंदों पर वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतक पूरा किया

14 रन बनाये। इससे पहले आज यहां आरआर के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 19.4 ओवरों में 127 रन पर समेट दिया था। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। संजू सैमसन और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ छह-छह रन बनाकर आउट हुये। आयुष म्हात्रे अपना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद मैथ्यू शॉट पांच रन बनाकर आउट हुये। सरफराज खान और कार्तिक शर्मा ने पारी को संभाले का प्रयास किया। लेकिन रवींद्र जडेजा और बृजेश शर्मा ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। सफराज खान ने 17 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाये। शिवम दुबे (छह) का रवींद्र जडेजा ने शिकार किया। नूर अहमद एक रन बनाकर आठवें विकेट के रूप में आउट हुये। मैट हेनरी पांच रन बनाकर आउट हुये। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर जेमी ओवर्टन के रनआउट होने के साथ चेन्नई सुपर किंग्स की पारी 127 रन के स्कोर पर सिमट गई। जेमी ओवर्टन और अंशुल काम्बोज ने 10वें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। जेमी ओवर्टन ने 36 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 43 रनों की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिये। बृजेश शर्मा और कार्तिक शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### चेन्नई सुपरकिंग्स

**127/10** (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो बर्गर | 06 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो आर्चर | 06 |
| आयुष महात्रे स्टं. जुरेल बो बर्गर | 00 |
| मैथ्यू शॉर्ट का जायसवाल बो संदीप | 02 |
| सरफराज खान पगबाधा जडेजा | 17 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बृजेश | 18 |
| शिवम दूबे का बिश्नोई बो जडेजा | 06 |
| जैमी ओवरटन रन आउट | 43 |
| नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर | 01 |
| मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई | 05 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बृजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

### राजस्थान रॉयल्स

**128/2** (12.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 38 |
| सूर्यवंशी का सरफराज बो कंबोज | 52 |
| ध्रुव जुरेल बो कंबोज | 18 |
| रियान पराग नाबाद | 14 |

गेंदबाजी : हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 5. चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 6. दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 7. गुजरात टाइटंस | - | - | - | - | - | - |
| 8. लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |
| 9. पंजाब किंग्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. राजस्थान रॉयल्स | - | - | - | - | - | - |

## रोहित शर्मा 2.0 अपना दबदबा बनाने के लिए तैयार : कुंबले

**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में रोहित शर्मा के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि रोहित का '2.0 अवतार' पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमों के लिये चिंता का सबब रहेगा। 38 वर्ष के रोहित ने 38 गेंद में 78 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। कुंबले ने स्टार स्पोटर्स' से कहा लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2 .0 अवतार में आ गए हैं । उनकी पारी से साबित हो गया है कि वह फिर से अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे उनके कैरियर के शीर्ष दिनों की याद आ गई। उन्होंने कहा वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे



गेंदबाजों को छक्के लगाना आसान नहीं है लेकिन उसने इसे आसान बना दिया। उसने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और ब्रेक के बाद लौटने पर लय और टाइमिंग हासिल करने में पांच से सात दिन लगते हैं। कुंबले ने कहा वह शानदार पारी थी। छक्के आसानी से लग रहे थे । इस पारी ने साबित कर दिया कि रोहित का यह अवतार आईपीएल की बाकी टीमों के लिए चिंता का सबब होगा।

## सूर्या को इंपैक्ट सब के तौर पर एहतियातन इस्तेमाल किया गया : जयवर्धने

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के पहले आईपीएल मैच में चोट के कारण 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया और इसमें कोई गैर जरूरी कहानी बनाने की जरूरत नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार ने फील्डिंग नहीं की और आठ गेंद में 16 रन बनाए। मुंबई ने केकेआर को छह विकेट से हराया। मैच के बाद जयवर्धने से पूछा गया कि पिछले सत्र में भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बाद क्या अब सूर्यकुमार यादव को 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा, इस पर उन्होंने कहा उम्मीद है कि कोई अवांछित कहानी नहीं बनाई जाएगी। टीम खुश है । उसे अतिरिक्त ब्रेक दिया गया था जो वह चाहता था। उन्होंने कहा उसे मामूली सी जकड़न है और वह फील्डिंग वगैरह कर रहा था । मुझे पता है कि अगले मैच में पांच दिन का समय है तो उसे अतिरिक्त समय देना चाहता था। वह तीन चार ओवर फील्डिंग के लिये तत्पर था



लेकिन मैने मना किया। जयवर्धने ने कहा इसलिए प्लीज कोई कहानियां मत बनाइये। मैने कहा कि एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया था । ये काफी अनमोल खिलाड़ी हैं और ये फैसले सोच समझकर लिये जाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आखिरकार मुंबई इंडियंस ने पहला मैच हारने का सिलसिला तोड़ा । रोहित (78) और रियान रिकेलटन (81) की पारियों के दम पर मुंबई ने 221 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। कोच ने कहा यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। मुझे लगा कि 220 रन का स्कोर ज्यादा था और हमने 20 रन फालतू दिये लेकिन जिस तरह से रोहित और रियान ने बल्लेबाजी की, देखकर बहुत अच्छा लगा।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10 .12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की । उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी । पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके। केकेआर ने 25 .20 करोड़ रुपये में ग्रीन को खरीदा था।

### हाईलाइट

## यानिक सिनर ने लेहेका को हराकर जीती मियामी ओपन



**मियामी गार्डन्स।** यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था । पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

## फखर जमां, अफरीदी और रजा ने आरोपों को खारिज किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 वर्ष के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2 . 14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। जमां को पीएसएल के अनुच्छेद 41 .3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद गेंद की स्थिति को बदलने वाली किसी भी हरकत पर रोक लगाता है।

## मिहिका और अर्जुन अमेरिकी ओपन के लिए पिकलबॉल टीम में

**मुंबई।** मिहिका यादव और अर्जुन सिंह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें नौ से 18 अप्रैल तक फ्लोरिडा के नेपल्स में होने वाले अमेरिकी ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। टीम के अन्य सदस्यों में पूर्वांश पटेल (ओपन), आदित्य सिंह (ओपन), नागा मोक्षा (लड़कियां अंडर-18), जीत सूद (अंडर-16) और युवराज सिंह (अंडर-16) शामिल हैं। भारतीय पिकलबॉल संघ ने सोमवार को विज्ञप्ति में बताया कि इसमें सब-जूनियर वर्ग में पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ के अलावा सूर्यवीर सिंह भुल्लर (पुरुषों के 50 से ज्यादा उम्र के युगल और मिश्रित युगल) भी शामिल हैं। टीम को धीरेन पटेल कोचिंग देंगे जो 40 से ज्यादा उम्र के पुरुषों के प्रो एकल में भी हिस्सा लेंगे। भारतीय संघ और अमेरिकी ओपन के बीच साझेदारी की वजह से भारतीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिल जाएगा।

# खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

- गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला आज

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा।

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है । गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का



शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर।

जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं पर घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे।

पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे।

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे व विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

## भज्जी ने की रहाणे की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा के खिलाफ सुनील नारायण का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की आलोचना की।

रोहित तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 38 गेंद में 78 रन बनाए और सलामी जोड़ीदार रेयान रिकलटन (81 रन) के साथ 72 गेंद में 148 रन की भागीदारी की। तब रहाणे ने नारायण का इस्तेमाल नहीं किया जबकि मुंबई इंडियंस के इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ इस गेंदबाज का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। सबसे अच्छा मुकाबला यह होता कि पावरप्ले में नारायण से गेंदबाजी कराई जाती, कम से कम एक या दो ओवर तो जरूर ताकि रोहित को शुरुआत में ही निशाना बनाया जा सके। विकेट लेकर मुंबई पर दबाव बनाने का उनके पास यही सबसे अच्छा मौका था। बल्कि नारायण ने अपने कोटे के पूरे ओवर भी नहीं फेंके, जिससे पता चलता है कि कप्तानी उस स्तर की नहीं थी।

# हुनर साबित करने के लिए मैं नहीं खेल रहा : रहाणे

**मुंबई, एजेंसी**

अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिये क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिये नहीं।

सैतीस वर्ष के रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत के लिए आखिरी बार 2023 में खेले थे।मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 40 गेंद में 67 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए।



वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं । मैं किसी को यह साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं । लोग देख रहे हैं। उन्हें देखने दीजिये और बोलने दीजिए। उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं कि पिछले दो तीन साल में सफेद गेंद के प्रारूप में मेरा खेल बेहतर हुआ है। एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं।

### एशियाई खेल

**पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर दे रहीं खास ध्यान**

# तीरंदाज कोमोलिका की निगाहें भारतीय टीम में चयन पर

**रायपुर, एजेंसी**

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के



बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।

उन्होंने 'साई मीडिया' से कहा, मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां चल रहे पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में तीरंदाजी स्पर्धा की मुख्य आकर्षण हैं।

कोमालिका ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।

## शॉटगन विश्व कप में वापसी की कोशिश करेंगे ट्रैप निशानेबाज

**टैंगियेर (मोरक्को)।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के फिर से शुरू होने पर स्कीट निशानेबाजों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। सत्र के पहले शॉटगन विश्व कप में पुरुष और महिला स्कीट टीम का प्रदर्शन फीका रहा था, जहां अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। भवनेश मेंदीरत्ता जैसे खिलाड़ी सत्र की सकारात्मक शुरुआत करने के इरादे से उतरेंगे, क्योंकि इस साल जापान में एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप भी होने हैं।